किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 054 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 07 दिसम्बर 2022 http://samajjagran.in पेजः12 मूल्य 05 रुपया


# पाकिस्तान को भारत में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए नहीं मिला वीजा, PCB पहले से है गुस्से में

नई दिल्ली. पाकिस्तान से क्रिकेट को लेकर बड़ी खबर आ रही है. वहां की ब्लाइंड क्रिकेट टीम को भारत आने का वीजा नहीं मिल सका. इस कारण खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप नहीं में खेल सकेंगे. वर्ल्ड कप के मुकाबले भारत में ही 5 से 17 दिसंबर के बीच हो रहे हैं. इससे पहले बीसीसीआई ने कहा था कि अगले साल होने वाला एशिया कप न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा. हालांकि इसकी मेजबानी पाकिस्तान को मिली है. इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रमीज राजा ने कहा था कि अगर भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं आती है, तो हम भी वर्ल्ड कप खेलने भारत नहीं जाएंगे. मालूम हो कि वनडे वर्ल्ड कप के मुकाबले अक्टूबर-नवंबर 2023 में भारत में ही खेले जाने हैं.

जियो न्यूज की खबर के अनुसार, पाकिस्तान ब्लाइंड क्रिकेट काउंसिल ने इस फैसले पर दुख जताया है. चेयरमैन सुल्तान शाह ने कहा कि हमें अब तक वीजा नहीं मिला है. हमारी टीम अभी लाहौर में है और वीसा का इंतजार कर रही है. पाकिस्तान को आज ही पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका से खेलना था. मालूम हो कि पाकिस्तान की टीम 2 बार वर्ल्ड कप की रनरअप रही है. ऐसे में उसे खिताब का दावेदार भी बताया जा रहा था.

### 10 साल से नहीं खेल रहे द्विपक्षीय सीरीज

भारत और पाकिस्तान के बीच 2012-13 से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली रही है. दोनों देश आईसीसी इवेंट में ही एक-दूसरे के खिलाफ उतरते हैं. पिछले दिनों टी20 वर्ल्ड कप में भारत ने पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में मात दी थी. वहीं टी20 एशिया कप में दोनों को एक-एक मैच में जीत मिली थी. मालूम हो कि टीम इंडिया अभी बांग्लादेश के दौरे पर है और वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला कल होना है.

## जनहित में अधिकार सेना करेगी रेल रोको आंदोलन : अमिताभ ठाकुर

### अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हेवंतपुर ग्राम में ग्रामीणों संग रेल ट्रैक पर खड़ा हो किया एलान

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर सोमवार को बलिया दौरे पर रहे। अमिताभ ठाकुर ने बलिया में जिलाधिकारी कार्यालय घेराव कार्यक्रम में भाग लिया तो बैरिया विधानसभा क्षेत्र में कार्यालय उद्घाटन और कार्यकताओं संग बैठक की।

बलिया कार्यक्रम के बाद बैरिया पहुंच जनता से मिले। हेवंतपुर ग्राम के ग्रामीणों के साथ रेलवे लाइन पर खडे होकर यह घोषणा किया कि हेवंतपुर सहित दर्जनों गांवों के पचास हजार लोगों के लिए रेलवे के अंडरपास या क्रासिंग बन जाने से तहसील ब्लॉक थाना हास्पीटल की दूरी सात किलोमीटर कम हो जाएगी जो न्यायहित मे अत्यंत जरूरी है। मै सक्षम अधिकारियों से संपर्क करूंगा और अगर इस जन समस्या का हल नहीं किया गय तो अधिकार सेना रेल रोको आंदोलन कर के इस व्यवस्था को कायम करवा कर ही दम लेगी। लोकसभा प्रभारी विनोद सिंह ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष के विचारों की लडाई में हम जनता से सहयोग की अपेक्षा रखते है और जनता के समस्याओं को अपनी पार्टी की समस्या समझते हुए हर वो उचित कदम उठाएंगे जिससे जनता को मूलभूत सुविधाओं की रक्षा की जा सके। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश सिंह, बलिया लोकसभा प्रभारी विनोद सिंह, महिला अध्यक्ष कविता सिंह, बैरिया महासचिव त्रिवेणी सिंह, सगंठन मंत्री चन्द्र शेखर तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष श्रीराम राम, जयंत अतुल, हरि सिंह.दिनेश सिंह, उमाशंकर सिंह, दिग्विजय सिंह, ईश्वर दयाल मिश्रा, दीपू मास्टर, विक्की मास्टर, सुनील मास्टर, बलराम पाडेय आदि सैकड़ों की संख्याओं में करमानपुर और हेवंतपुर की जनता मौजूद रही। कार्यक्रम का नेतृत्व विधानसभा बैरिया के अध्यक्ष नित्यानंद सिंह (पत्रकार) के द्वारा किया गया।

## बिना सड़क का गाँव.....कई साल से काट रहे चक्कर....नहीं हो रही सुनवाई....ग्रामीणों ने कहा होगा आंदोलन और करेंगे चक्काजाम

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर।जहा एक तरफ विकास और गाँव में जन जन तक योजनाओ को पहुंचाने की बात कही जा रही है वही शासन का काम कुछ जगहो पर धरातल पर नजर नहीं आ रहा है....इसमें एक सबसे मुख्य सड़क है...जिसके लिए गाँव वाले लम्बी लड़ाई लड़ने को मजबूर हो रहे है....आपको बता दे

जिले में सड़कों का हाल जगजाहिर है, बढ़ते महानगर की बढ़ती जनसंख्या बदहाल सड़कों से परेशान नजर आती है लेकिन प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है सड़क की मांग को लेकर कोटा ब्लॉक के धुमा की सैकड़ों महिलाओं ने बिलासपुर कलेक्ट्रेट का घेराव कर दिया.. दरसल कोटा के ग्राम धूमा पंचायत से बिलासपुर कलेक्ट्रेट पहुंची महिलाओं का कहना है कि लंबे समय से क्षेत्र में आवागमन के लिए सड़क की व्यवस्था नहीं हो पाने की वजह से उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसके अलावाआपातकालीन समय में सड़क ना होने की वजह से शहर तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है.. जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासन तक गुहार लगाने

के बावजूद भी आज तक ग्राम पंचायत की सड़क नहीं बन पाई है जिसकी वजह से पूरे ग्रामवासी परेशान हो चुके हैं.. शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए महिलाओं ने कहा कि.. अगर ग्राम की सड़क को जल्द नहीं बनाया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा...आंदोलन करने वाले नेत्री और समाजसेवी डॉ. सरिता भारद्वाज का कहना है की पिछले कई सालो से सड़क को लेकर गाँव वाले परेशान है,जिसकी शिकायत सरपंच,सचिव,जनपद सीईओ,नगर पंचायत अध्यक्ष और विधायक तक को किया गया है ,इसके बाद भी जर्जर सड़क और खस्ताहाल सड़क को लेकर कोई विचार नहीं किया जा रहा है....जिसकी वजह से गाँव वालो का आना जाना मुश्किल होते है जा रहा है....डॉ .सरिता ने यह भी बताया की सबसे ज्यादा दिक्कत बरसात में होता है जब सड़क नहीं रहता,बल्कि कीचड और गड्ढो से भरा हुआ रास्ता बस रहता है...जिसके कारण कई बार लोग हादसे के शिकार हो जाते है...यही कारण है की इस बार जिले के कलेक्टर को अवगत कराया गया है...जिनका कहना था की सड़क जल्द निर्माण हो जाएगा इसके लिए उन्होंने प्रस्ताव भी बनाकर भेजा है..लेकिन देखने वाली बात ये होगी की आखिर धुमा के लोगो को सड़क कब तक मिल पाता है...या फिर सड़क के लिए इनको लम्बी लड़ाई लड़नी होगी ....

## जीएसटी विभाग द्वारा आकस्मिक छापेमारी, जमा कराए गए दो लाख टैक्स

- कोपागंज स्थित फर्नीचर एवं ग्रेनाइट मार्बल स्टोर की हुई जांच
- फर्म द्वारा दो वर्ष से रिटर्न एवं टैक्स नहीं किया गया था जमा

आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

मऊ : राज्य कर विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देशन में अभियान के तहत की जा रही छापेमारी के तहत मंगलवार को जनपद के कोपागंज स्थित फर्नीचर एवं ग्रेनाइट मार्बल स्टोर की जांच की गई। फर्म द्वारा दो वर्ष से रिटर्न एवं टैक्स जमा नहीं किया गया था, इससे फर्म का जीएसटी पंजीयन भी प्राधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया गया था। उसके बावजूद व्यापक पैमाने पर की जा रही व्यवसाय के चलते विभाग को कर चोरी की आशंका बनी थी। जिसके तहत मंगलवार को की गई कार्रवाई में उक्त फर्म द्वारा दो लाख राज्य कर के रूप में जमा कराए गए।

गौरतलब हो कि राज्य कर विभाग लखनऊ द्वारा दो दिवसीय अभियान चलाकर प्रदेश भर में कर चोरी के खिलाफ जांच की गई। इसके तहत कोपागंज के उक्त फर्म की जांच के दौरान पाया गया कि पिछले दो वर्षों से फर्म द्वारा रिटर्न व टैक्स ना जमा होने से उनका पंजीयन निरस्त कर दिया गया था। जबकि व्यापार स्थल की जांच के समय व्यापार स्थल पर अत्याधिक स्टाक पाया गया। वहीं व्यापार स्थल से लेखा पुस्तकों से सत्यापन न करा पाने के कारण व्यापारी का लेखापुस्तक भी जप्त कर दिया गया। व्यापारी से जांच के समय दो लाख टैक्स के रूप में जमा कराया गया। बाद में विस्तृत जांच के दौरान लेखापुस्तक वर्तमान स्टाक व अन्य बिंदुओं की जांच की जाएगी। व्यापार स्थल पर जांच के दौरान उपायुक्त राज्यकर विकास सागर, सहायक आयुक्त अरविंद कुमार पाठक, अभिषेक कुमार सिंह, आशीष मिश्रा, आलोक गौतम व सीटीओ लवकुश के साथ ही थानाध्यक्ष कोपागंज मय फोर्स उपस्थित थे।

## ग्रेटर नोएडा कस्टोडियन भूमि पर हो रही अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर

एसडीएम सदर अंकित कुमार के निर्देशन में की गई ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कनारसी गांव में अवैध प्लॉटिंग पर की गई कार्यवाही, 05 बड़े स्ट्रक्चर्स को भी दिया गया नोटिस। जिला अधिकारी सुहास एल वाई के निर्देश पर कनारसी गाँव की कस्टोडियन भूमि पर हो रही अवैध प्लॉटिंग पर आज तहसील सदर द्वारा कार्यवाही की गई। उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान 0.7160 हेक्टेयर पर अवैध प्लोटिंग को बुलडोजर से ढहा दिया गया। साथ ही पाँच बड़े स्ट्रक्चर को पर्याप्त नोटिस देते हुए आगे की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। यह जानकारी उप जिलाधिकारी सदर के द्वारा दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि जिलाधिकारी के नेतृत्व में आगे भी अवैध निर्माण को लेकर निरंतर स्तर पर कार्यवाही जारी रहेगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुध नगर एवं प्रभारी निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य सूचना केंद्र दिल्ली।

## राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक, पीएम ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को अभियान बनाने का दिया मंत्र- डॉ.दिलीप जायसवाल

नई दिल्ली । दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी की दो दिवसीय राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित बिहार

प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष सह सिक्किम राज्य भाजपा के प्रदेश प्रभारी एम एल सी डॉ.दिलीप जायसवाल एवं अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। डॉ.जायसवाल नें कहा कि मिशन 2024 की तैयारियों में जुटी भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफलता हासिल करने के लिए सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को अभियान बनाने, वंशवाद पर निशाना साधने और बूथ सशक्तिकरण का मंत्र दिया है। गुजरात विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के बीच हुई राष्ट्रीय पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों की बैठक में पीएम ने पार्टी को अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती गांवों से लगातार संपर्क बढ़ाने और बूथ सशक्तीकरण की दिशा में तेजी से काम करने का भी आह्वान किया है।

## पांच दिनों से प्रदर्शन करते दिव्यांगों ने भीख मांगकर शासकीय कोष में किया जमा!

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(07दिसंबर)बेरोजगारी सहित अन्य कई समस्याओं को लेकर दिव्यांगों के द्वारा जिला पंचायत के सामने 5 दिनों से प्रदर्शन किया जा रहा है। सोमवार को दिव्यांगों ने शहर के मुख्य मार्गों पर कलेक्टर के नाम भीख मांगकर, सरकारी खाते में राशि जमा करने की बात करते हुए अपना विरोध जताया।

दिव्यांगों के इस प्रदर्शन को देखते हुए कई राहगीरों ने उन्हें राशि दान की। दिव्यांग संघ की पांच मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन बीते पांच दिनों चल रहा है। रविवार रात एसडीएम और पुलिस प्रशासन की टीम ने उन्हें समझाने का भी प्रयास किया था लेकिन दिव्यांगजन नहीं माने।सोमवार को जिला पंचायत कार्यालय के सामने प्रदर्शन स्थल पर सभी दिव्यांग डटे रहे।ढोल नगाड़ों के साथ गीत गाते हुए नगर के चौक चौराहों में दुकानदारों और राहगीरों से भीख मांगकर राशि एकत्रित की गई,जिसे शासकीय कोष में जमा करने की बात कही गयी।दिव्यांगों ने बताया कि शासन प्रशासन केवल एक ही रोना रोता है कि पैसा नहीं है, हरकाम के लिए पैसा है पर दिव्यांगों के लिए पैसा नहीं है। अधिकारी बोलते हैं नौकरी पर रखेंगे तो पैसा कहां से देंगे।इस लिए सरकार के खजाने में पैसे जमा करने के लिए कलेक्टर के नाम से भीख मांग रहे हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि दिव्यांगों का ज्ञापन प्राप्त हुआ है। उस पर विचार किया जा रहा है

## यूपी में बनेंगे एकीकृत न्यायालय परिसर, एक छत के नीचे होंगे सारे कोर्ट

### इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स के लिए अनुपूरक बजट से मिले ₹400 करोड़

**सुशासन में समय पर न्याय मिलना जरूरी: मुख्यमंत्री**

**पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर 10 जिलों में जल्द शुरू होगा काम, सभी जिलों में हो गई है भूमि की उपलब्धता**

लखनऊ, 06 दिसंबरः एक कोर्ट से दूसरे कोर्ट तक की भागदौड़ को कम करने और न्यायिक प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए योगी सरकार सभी अदालतों को एक छत के नीचे लाने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर महोबा, हाथरस, चंदौली, शामली, अमेठी, हापुड़, औरैया, सोनभद्र, संभल और चित्रकूट सहित 10 जिलों का चयन किया गया है। मंगलवार को विधानसभा से पास अनुपूरक बजट के माध्यम से इस विशेष परियोजना के लिए ₹400 करोड़ दिए गए हैं।

अनुपूरक बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री ने इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स की महत्वपूर्ण योजना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सुशासन में समय से न्याय मिलना जरूरी होता है। इसी भावना के साथ सरकार 10 जिलों में एकीकृत न्यायालय परिसरों का निर्माण कराने जा रही है। इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स के संबंध में उत्तर प्रदेश का एक समूह बीते दिनों गुजरात के बड़ौदा का अध्ययन करने गया था। यहां पर एकीकृत कोर्ट कांप्लेक्स का मॉडल सफलतापूर्वक लागू किया गया है। वहीं, एक उच्चस्तरीय बैठक में कॉम्प्लेक्स की कार्ययोजना पर मुख्यमंत्री ने कहा था कि अपराधों की अलग-अलग प्रकृति के अनुसार त्वरित न्याय के लिए अलग-अलग कानूनों से जुड़े अदालतों की संख्या में भी ढ़ोतरी हुई है। जिलों में यह अदालतें अलग-अलग जगहों से काम-काज संचालित करती हैं। बहुत से जगहों पर किराए के भवनों में अदालतें चल रही हैं। एक ही जिले में अलग-अलग दिशाओं में अदालतों के चलते न्यायिक अधिकारियों और फरियादियों दोनों को ही दिक्कत होती है। सुरक्षा इंतजाम और प्रशासनिक व्यवस्था में भी दिक्कतें आती हैं। इसको देखते हुए अदालतों के लिए एकीकृत कोर्ट भवन उपयोगी हो सकते हैं। इसके अलावा, एक आदेश में उच्चतम न्यायालय द्वारा भी ऐसे न्यायालय परिसरों के निर्माण का आदेश दिया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर लोक निर्माण, गृह तथा विधि एवं न्याय विभाग इस परियोजना पर काम कर रहे हैं। एकीकृत भवन में कोर्ट, जजों के चैवर, मीटिंग हॉल, विडियो कोर्ट, पॉकिंग, कैंटीन सहित सभी सुविधाओं के लिए जगह होगी।

**न्यायालय भवन के साथ आवास भी होंगे**

10 जिलों में बनने जा रहे इस एकीकृत अदालत परिसर में जिला और अधीनस्थ न्यायालय,
वाणिज्यिक न्यायालय, विविध, ट्रिब्यूनल, फास्ट ट्रैक कोर्ट और लोक अदालत आदि होंगे। न्यायालय भवनों और अधिवक्ता चैंबर तथा सभागार के साथ ही न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय कॉलोनी, पार्किंग और फूड प्लाजा भी होगा।

### प्रदेश के सर्वाधिक कम्प्यूटरीकृत विभागों में से एक होमगार्ड्स विभाग का सर्वाधिक डिजिटिलाइजेशन हुआ

लखनऊः 06 दिसम्बर, 2022

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी आज यहां अपने सरकारी आवास पर होमगार्ड्स दिवस-2022 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर होमगार्ड्स एवं कारागार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मवीर प्रजापति एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही, होमगार्ड्स विभाग की प्रगति के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया।

## ग्रांड सेल्यूट रोहिणी आचार्य! आपने सभी बेटियों एवं उनके पिता का सर गर्व से ऊंचा किया है- मनु रमण चेतना

### इस साहसी कार्य में आपको प्रोत्साहित करने के लिए आपके हमसफर को भी सलाम

पूर्णियां । पिता की जिंदगी और मां का सिंदूर बचाने वाली रोहिणी जी के साहस और पितृभक्ति के प्रति कर्तव्यनिष्ठा को सलाम !जिस समाज में माता - पिता की सेवा से बेटे मुंह मोड़ लेते हैं वहां आपने अपने पिता को किडनी डोनेट कर ना सिर्फ उन्हें नयी जिंदगी दी, बल्कि अपनी मां की सिंदूर बचा कर उनकी झोली में अनमोल खुशियां भर दी हैं।उक्त बात मध्य विद्यालय सुरीगांव की प्रखंड शिक्षिका सह युवा कवयित्री मनु रमण चेतना नें अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कही ।मनु नें कहा कि रोहिणी दी आपके अपने पिता के प्रति सेवा भाव और कर्तव्यनिष्ठा एवं ऐसे सम्माननीय

कार्य के लिए सिर्फ नारी हीं नहीं पुरुष भी नमन करेंगे। आपने इस समाज में एक आदर्श स्थापित किया जहां लोग बेटी को बोझ समझकर गर्भ में मार देते हैं या जन्म देकर फेंक देते हैं वैसे लोगों की आंखें जरूर खुल जाएगी।बेटियां कभी बोझ नहीं बल्कि हर तरह से सहारा बनती हैं।" नारी तुम सचमुच नारायणी हो" आपके इस साहसी कार्य में आपको प्रोत्साहित करने के लिए एवं हर कदम पर आपका साथ देने वाले हमसफर को भी सलाम !आपको नमन है रोहिणी जी ! नमन !ग्रांड सेल्यूट रोहिणी आचार्य आपने सभी बेटियों एवं उनके पिता का सर आज गर्व से ऊंचा किया है।

बैठकी

# "आतंकवाद से भी खतरनाक जातिवाद-15"



शाम के सात बज गये हैं ! मैं कॉलबेल की आवाज की प्रतिक्षा कर हीं रहा था कि घंटी घनघना उठी और हम सभी बैठकखाने में---

सुना आपलोगों ने, कांग्रेस के आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कांग्रेस को हिंदू विरोधी क्षवि सुधारने की नसीहत दे डाली है ! ---- बैठते हीं कुंवरजी शुरू हो गये !

सौ चुहे खाकर अब बिल्ली हज करने चलेगी क्या !! आजादी के बाद से हीं हिन्दू और हिंदू संस्कृति को मिटाने का सारा प्रक्रम करके थक गयी क्या !! अब अधिकांश हिन्दू, कांग्रेस की शाजिसों को समझने लगा है जो, कांग्रेस के अंतिम लक्ष्य "गजब ए हिंद" में बाधक बन रहा है तो अब नयी चाल के मद्देनजर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने हिन्दू विरोधी की छवि सुधारने की नसीहत दे डाली है ! --- पारस नेता ने विचार रखा !

बिलकुल सही कहा है नेताजी ने, कांग्रेस ने अपने शासन काल के अंतिम क्षणों तक कम्यूनल वायलेंस एक्ट पास कराने की पुरजोर कोशिश की ताकि हिंदूस्तान में हिन्दू मुसलमानों का गुलाम बनकर रह जाय ! इस बिल के पास होते हीं ठीक मुगल काल की स्थिति पुनः भारत में होती ! तभी तो, गांधी खानदान उस समय भी सत्ता में बने रहने के उद्देश्य से अपनी अगली पीढ़ी- प्रियंका वाड्रा उर्फ.प्रियंका गांधी के लड़-के का नाम रेहान रखा है ताकि "गजब ए हिंद" होने के पश्चात अपने को मुस्लिम साबित करने हेतु रेहान के साथ खान जोड़कर, रेहान खान कर दिया जाता और प्रचारित किया जाता कि रेहान खान तो मुस्लिम है ! इसतरह गांधी खानदान को, इस्लामिक स्टेट बन चूके, भारत की सत्ता की गद्दी पर कुंडली जमाये रखने में कोई परेशानी नहीं होती ! ---उमा काका ज्योतिषी की भूमिका में लगे !

बाप रे, भारत में मुगलियन के अईला से लेके आज तक, इ देश में हिंदूअन के खिलाफ, बर्षों पहिले,भविष्य के शाजिस बन जाता आ बेवकूफ हिन्दू जातिये में डुबत उतरात रहता ! --- मुखियाजी भक में लगे !

**इसी का न ताजा उदाहरण जेएनयू में ब्राम्हणों के खिलाफ पोस्टर बाजी हुई है! --- सुरेन्द्र भाई याद दिलाये जिसने बहस को नया मोड़ दे दिया!!**

ए सरजी, मैं तो जाति का चमार हूँ और 25 साल पहले का वो दिन, मैं जीवन में नहीं भूल सकता जब पहली बार हमारी मुलाकात हुई थी और आपने मेरा परिचय पुछा था ! और जब मैंने कहा था कि मैं मिडिल स्कूल का प्रधानाध्यापक हूँ और अपनी जाति चमार बताया तो आप मुझ पर बिगड़ गये थे और कहा था कि- मास्टरजी, आप अपना वर्ण बता चूके हैं ! और वर्ण के अनुसार आप ब्राह्मण हैं अतः सामाजिक स्तर पर अपने को सिर्फ ब्राह्मण कहा करें हां पारिवारिक स्तर और वैवाहिक संदर्भ में हीं भले अपनी जाति- चमार का उल्लेख करना पड़े तो करें लेकिन वहाँ भी अपने वर्ण- ब्राह्मण का उल्लेख करना न भूलें क्योंकि वर्ण का आरम्भ हमारे श्रृषिमुनियों ने कर्म के आधार पर विकसित किया था ! अतः आप कहीं भी अपने को ब्राह्मण कहा करें !

उसके बाद सरजी, हमने अपने हिन्दू सामाजिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का गहराई से अध्ययन किया ! -- मास्टर साहब रुके !

**तभी मुखियाजी पुछ बैठे---**
**" अध्ययन से का पवनी मास्टर साहब!!"**

मुखियाजी, जिस ब्राह्मण ने हमें मंत्र दिया-- "वसुधैव कुटुंबकम " वह विभाजनकारी कैसे हो सकता है !!

जिस ब्राह्मण ने " लोको सकलो सुखिनो भवन्तु " का संदेश दिया वो किसी को दुख कैसे दे सकता है !! जिस ब्राह्मण ने अपना नहीं, परिवार, समाज, देश का हीं नहीं बल्कि समस्त संसार के कल्याण की कामना करता हो वह स्वार्थी कैसे हो सकता है !!

असल में निहित स्वार्थ में तथाकथित बुद्धिजीवियों ने ब्राम्हणों को टार्गेट करके कि ये ब्राह्मण, "शोषक और दमनकारी प्रवृत्ति के" हैं, अनेक बर्षों से वर्तमान तक इसी असत्य को अनेक प्रकार से चिल्ला चिल्ला कर सुनाया है ! और हिंदू समाज को भ्रमित किया ! ये तथाकथित बुद्धिजीवी उन विदेशी घुसपैठियों के बारे में क्यों नहीं बताते जिन्होंने लाखों-करोड़ों हिंदुओं की हत्यायें कीं, लाखों हिन्दू स्त्रियों की इज्जत लूटी और अपहरण किया !! इन लुटेरों के आने के पूर्व हमारा भारत दुनिया का सबसे अमीर देश था ! और जिसके आने के बाद भारत पिछड़ा हुआ बन गया !

वेदों और पुराणों के ज्ञान- विज्ञान को धारण करने वाले ब्राह्मणों की हीं देन है कि भारत का नाम अध्यात्म, योग, प्राणायाम और आयुर्वेद आदि में विश्व में विख्यात है ! --मास्टर साहब उद्वेलित लगे !

बिलकुल सही कहा मास्टर साहब ने, समाज में किसी का शोषण करने के लिए शक्तिशाली एवं अधिकार संपन्न पद की आवश्यकता होती है ! जबकि वैदिक काल से हीं ब्राम्हणों का काम रहा है-- ज्ञान लेना- ज्ञान देना, दान देना-दान लेना, यज्ञ करना- यज्ञ कराना ! ये अधिकांश तौर पर मंदिरों में पुजारी या पुरोहितगिरी अथवा वेतनहीन अध्यापक का कार्य करते आये हैं ! भिक्षाटन, इनके धनार्जन का एकमात्र साधन रहा है ! फिर ऐसे स्थानों पर रहते हुए ये कैसे शोषक हो सकते हैं !! आज भी किसी कथा- कहानियों में हम पढ़ते हैं कि एक दरिद्र ब्राह्मण था !

देखिये, इतना तो कटु सत्य है कि समाज के किसी भी वर्ग का शोषण वही कर सकता है जो समृद्ध और अधिकार युक्त हो !

असल में हिंदुओं में "फूट डालो और राज करो" इस सिद्धांत का सहारा भूतकाल से हीं लिया जा रहा है जो वर्तमान में भी जारी है ! और इसके लिये बेचारा निरीह ब्राह्मण सबसे सहज टार्गेट है !--- उमा काका ने वाजिब तर्क रखा !

काकाजी, सच पुछिये तो भारत का ब्राह्मण एक मृग है और इसकी स्थिति नाजियों के राज्य में यहुदियों जैसी हो गई है ! आज भारत में सबसे बुरी स्थिति में ब्राह्मण है लेकिन किसी राजनीतिक दल को इसकी चिंता नहीं !

भारत का सम्राट बनने के बाद चंद्रगुप्त, चाणक्य के चरणों में गीरकर बोला- "चलिये मेरे साथ महलों में रहिये !" तब चाणक्य का उत्तर था- " मैं तो ब्राह्मण हूँ, मेरा कर्म है शिष्यों को शिक्षा देना और भिक्षा से जीवन यापन करना ! " श्रीकृष्ण की कथा में भी निर्धन ब्राह्मण सुदामा हीं प्रसिद्ध हैं ! --- सुरेन्द्र भाई ने भी ज्ञान बघारा

अच्छा बंधुओं, बड़ी देर हुई, आज इतना हीं पुनः कल यहीं से चर्चा आरम्भ की जायेगी ! -- कहकर पारस नेता उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!

**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक ( समाजशास्त्री)**

# भाजपा और कांग्रेस का अप्रासंगिक होना असंभव

भारत की राजनीति में अब सब कुछ हो सकता है लेकिन भाजपा और कांग्रेस कभी भी अप्रासंगिक नहीं हो सकती। भले ही भाजपा ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा न लिया हो और कांग्रेस ने लिया हो। हिमाचल और गुजरात के नतीजे बताते हैं कि इन दोनों दलों को निर्मूल करने की कोशिश फिलहाल कामयाब नही हो सकती।

कांग्रेस ने सवा दो सदियों के बीच अपनी उपस्थिति से जो हासिल किया है उसे भाजपा ने कुल 42 साल में न केवल हासिल कर लिया बल्कि सत्ता में भी अंगद के पैर की तरह मजबूत बना लिया है।बिखरा हुआ विपक्ष बीच -बीच में अपनी ताकत जुटा कर भाजपा की जड़ों को हिलाता जरूर है किन्तु समूल उखाड़ नहीं पा रहा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नसीब में शायद लिखा है कि वे देश के लिए बिना जेल जाए भी अपनी आंखों की किरकिरी प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की तरह कम से कम तीसरे कार्यकाल की जमीन तो बना ही लेंगे। और प्रतिदिन गालियां खाकर भी सत्ताच्युत नहीं होंगे। मोदी को अब मतदाता नहीं स्वयं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ या भाजपा ही हटा सकती है।

मेरे अधिकांश मित्र और पाठक जानते हैं कि मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नीतियों का प्रबल आलोचक हूं।उनका व्यक्तित्व/कृतित्व भी मुझे नहीं लुभाता, फिर भी अब मेरी धारणा बन गई है कि मोदी जी का भाग्य प्रबल है और वे बिना कुछ करे भी सत्ता में रह सकते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे भले ही मोदी जी को बिभीषण का अग्रज कहते और मानते हों किन्तु देश की जनता शायद ऐसा नहीं मानती। जनता ने मोदीजी को अवतार पुरुष तो मान ही लिया है।

राजनीति में मैंने देश, दुनिया के अनेक प्रधानमंत्रियों और राष्ट्रपतियों को दूर -पास से देखा सुना है, लेकिन मोदी जी जैसा कोई दूसरा नहीं देखा जो भेषज की जगह गालियों के बूते भी भला -चंगा है। मोदी जी निश्चित ही भाजपा के गोबर्धन गिरधारी हैं जो सब कुछ उलटा -पुलटा होने के बावजूद भाजपा को ध्वस्त होने से बचाए हुए हैं। उन्हें न रथारूढ़ होना पड़ रहा है और न हजारों किमी की पदयात्रा करना पड़ रही है। हमारे जैसे अर्बन नक्सलियों की बिरादरी भी मोदी जी का लोहा काटने में नाकाम रहे हैं।

तानाशाही के खिलाफ लड़ाई का तजुर्बा मुल्क को है।1974 में आपातकाल के विरोध में मात्र 19 महीने की त्रासदी ने तत्कालीन विपक्ष को एकजुट कर दिया था, किंतु इस बार आठ साल बाद भी विपक्षी दल एकजुट नहीं हो पा रहे। लगता है कि अभी अवाम के सब्र का बांध टूटा नहीं है।अभी सहनशीलता बाकी है।

हिमाचल और गुजरात विधानसभा चुनावों के अनुमान बता रहे हैं कि सियासत में अभी ये नूरा कुश्ती लगातार चलने वाली है।अभी किसी दल की आंधी -सांधी नहीं चल रही।सभी राजनीतिक दल अपने -अपने तरीके से देश को देखना तथा चलाना चाहते हैं। सबके लिए देश 'अंधो का हाथी था, है और आगे भी रहेगा। हिमाचल और गुजरात की जनता का अभिनंदन। उसने अपने ढंग से राजनीति को आकार देने की कोशिश जरूर की है।

**@ राकेश अचल**

### मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रयास से करीब सौ करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मिली मंजूरी

# जिले के लोगों को बाढ़ की विभीषिका से जल्द मिलेगी मुक्ति

### पर्यटन को बढ़ावा देने को भृगु कारीडोर, सुरहाताल संग माल्देपुर में बनेगा 'डाल्फिन व्यू प्वाइंट'

बलिया : सब कुछ ठीक रहा तो जिले के लोगों को शीघ्र बाढ़ व जलजमाव की विभीषिका से काफी हद तक राहत मिल जाएगी। सरकार ने जिले में बाढ़ व पानी से

बचाव के लिए करीब 100 करोड़ रुपए से भी अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री व नगर विधायक दयाशंकर सिंह के विशेष प्रयास से जिले के करीब एक दर्जन से अधिक परियोजनाओं को शासन ने स्वीकृत कर दिया है। इसमें स्पर, तटबंध, पक्का घाट व पुनरुद्धार के साथ ही नगर से सटे माल्देपुर में डाल्फिन व्यू प्वाइंट का भी निर्माण होना है।

सब कुछ ठीक रहा तो इन परियोजनाओं पर जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। कहा कि बाढ़ व बरसात से पहले सभी परियोजनाओं को पूरा कराना ही प्राथमिकता होगी। जनपद में पिछले दिनों मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान इन सारी परियोजनाओं को उनके समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिस पर विचारोपरांत उन्होंने इसकी संस्तुति कर दी है। इन परियोजनाओं में अवरा ड्रेन, बहेरा ड्रेन व सीसोटार आदि ड्रेनों पर स्थित बीआरबी के स्थान पर बाक्स कलवर्ट के पुनर्निर्माण की मंजूरी दी गई है। जनपद में गंगा नदी के बाएं किनारे पर स्थित बलिया बैरिया तटबंध पर निर्मित स्परों का पुनरुद्धार किया जाना है। इन पर सुरक्षात्मक कार्य भी किए जाएंगे। इसके अलावा सरयू नदी के दाएं तट पर स्थित हाहानाला तटबंध पर निर्मित स्पर के पुनरुद्धार का कार्य किया जाएगा। डूहा, कठौड़ा, रामपुर विहरा आदि तटबंध पर भी कार्य होगा। गंगा नदी के बाएं किनारे पर स्थित ग्राम समूह गोपालपुर एवं दुबे छपरा के सुरक्षार्थ बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य की परियोजना को मंजूरी दी गई है। इंदरपुर थम्हनपुरा बंध के मध्य सुरक्षार्थ कार्य व रेगुलेटर निर्माण का कार्य होगा। सरयू नदी के दाएं तट पर निर्मित तुतीपार श्रीनगर तटबंध पर एक स्पर निर्माण कार्य की परियोजना है। इस तटबंध पर रेस्टोरेशन का कार्य एवं परक्यूपाइन के कार्य को भी मंजूरी दी गई है। इन सारे कार्यों के अलावा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बलिया में गंगा नदी के बाएं किनारे पर स्थित माल्देपुर में 'डॉल्फिन व्यू प्वाइंट' के निर्माण कार्य को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा सती घाट पर पक्के घाट का निर्माण कार्य भी कराया जाना है। पक्के घाट का निर्माण श्रीरामपुर व उजियार घाट पर भी होगा। एक पक्के घाट के निर्माण के लिए करीब 11 करोड़ रुपये से अधिक का बजट भी स्वीकृत है।

**...काश पूर्व नगर विधायक आनंद स्वरूप ने भी सोचा होता**

बखत पांच वर्ष पूर्व की करें तो बलिया नगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के ही आनंद स्वरूप शुक्ल विधायक थे। योगी आदित्यनाथ की पहली कैबिनेट में उन्हें भी राज्यमंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त था पर बलिया विकास के मामले में शून्य हो गया। पूरे शहर में जलभराव की समस्या इतनी भयावह हुई कि उनके अपने घर में जाने वाली सड़क पर घुटने भर पानी लग गया। हालांकि भाजपा ने इस बार उन्हें यहां से टिकट नहीं दिया। दयाशंकर सिंह भी पहली बार विधायक बने और योगी कैबिनेट टू में उन्हें राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बनने का मौका मिला है। अभी साल भर भी नहीं हुआ और विकास का एक सम्यक प्रारुप तैयार हो गया है। आज नगर विधानसभा के लगभग सभी के मुंह से यही आ रहा है कि काश आनंद स्वरूप शुक्ल ने ऐसा सोचा होता।

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण-बलिया**

### विस्मृत समाजवादी राजनीति

# सत्ता की लालसा ने बिहार में कमजोर किया लोहियावादी विचारधारा

**राम रतन प्रसाद सिंह रत्नाकर**
**दैनिक सामाज जागरण**

समाजवादी नेता और चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया समाजवाद लाना चाहते थे। समाजवाद के भारतीय स्वरूप में सबसे बाधक तत्व वह जातिवाद को मानते थे। जाति व्यवस्था के कारण कई बार देश गुलाम भी हुआ है। पिछले 1500 साल का इतिहास देखने पर स्पष्ट होता है कि जातिवाद के कारण पैदा उदासी का लाभ बाहरी लोगों ने उठाया है और समाज की गैरबराबरी के खिलाफ कोई क्रान्ति नहीं हुई। बिहार समाजवादियों का गढ़ रहा है। कई निष्ठावान समाजवादी कार्यकर्ता और नेता भी हुए हैं, लेकिन गैरबराबरी के खिलाफ कोई संघर्ष नहीं हो सका।

लोहिया की सप्तक्रान्ति और जयप्रकाश नारायण की सम्पूर्ण क्रान्ति की कोख से सत्ता परिवर्तन हुआ। लोहिया के सिद्धांत के कारण ही बिहार में अत्यन्त पिछड़ी जाति नाई परिवार से आनेवाले कपूर्री ठाकुर बिहार के मुख्यमंत्री हुए, लेकिन उनका मुख्यमंत्री बनना औरों के अलावा बड़ी संख्या की पिछड़ी जाति को पसंद नहीं आया था और आज लोग बोलते थे, वोट हमारा और मुख्यमंत्री दूसरा, यह नहीं चल सकता है। कपूर्री ठाकुर को 60 प्रतिशत सहयोग तथाकथित सवर्ण जातियों का मिला था। यह तो डॉ. लोहिया के चिंतन का कमाल था कि जॉर्ज फर्नांडीस जैसे अल्पसंख्यक को बिहार की धरती से आगे बढ़ने का मौका मिला था। 1974 के छात्र आंदोलन और सम्पूर्ण क्रान्ति के आंदोलन ने समाज को झकझोर दिया और लगने लगा था कि सम्पूर्ण क्रान्ति आन्दोलन जातीय तनाव कम कर सकेगा और सामाजिक गैर-बराबरी घट सकेगी। समय की गति के साथ व्यवस्था परिवर्तन के स्थान पर सत्ता परिवर्तन हुआ और बिहार में कम-से-कम एक दर्जन पिछड़े दलित संप्रदाय के युवक सत्ता की दौड़ में आगे हो गये। पिछड़ी जातियों में सबसे अधिक आबादीवाली जाति के लालू प्रसाद सम्पूर्ण क्रान्ति आन्दोलन के सहारे जयप्रकाश नारायण के राजनीतिक चिंतन के कारण सबसे आगे आ सके। जिस ढंग का मौका लालू प्रसाद यादव को मिला, वह चाहते तो सामाजिक समानता और समाजवाद को और आगे बढ़ा सकते थे, लेकिन वह महज जातिवादी घेरे के नायक की तरह जातीय सम्मेलन करते रह गये।

सत्ता पाने की लालसा के कारण बिहार में लोहियावादी विचारधारा लगातार कमजोर पड़ती जा रही है। जब कोई पिछड़ा धन-दौलत में आगे होता है, तो उसके पड़ोसी ही जलने लगते हैं और पैर दूसरा नहीं, अपने ही खींचने लगते हैं। जाति-उपजाति का विवाद भी पुराना है और वह थमने का नाम नहीं लेता।

**'डॉ. लोहिया के विचार' नामक पुस्तक में 'जातिवाद की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि' शीर्षक लेख में डॉ. लोहिया ने लिखा-**

"दूसरी प्रवृत्ति से भी शूद्र समानता हासिल कर सके, ऐसा नहीं लगता। इस प्रवृत्ति से शूद्र स्वयं द्विज बन जाने की कोशिश करता है और द्विजों के गुणों के बजाय उसके अवगुण अपनाता है। जब कोई अहीर पैसेवाला हो जाता है, तो अपनी बीबी को ठकुराइन की तरह बन्द करता है और इस तरह ठाकुर की बराबरी हासिल करने की कोशिश करता है। जरूरत इस बात की है कि शूद्रों में ऐसे नेता निकलें जो न तो जलनवाले हों और न सिर झुकानेवाले, बल्कि जो नयी मानवता हासिल करे और जिनके पीछे न सिर्फ शूद्र बल्कि द्विज भी चलने में गौरव अनुभव करें।

संयोग है कि बिहार से जो नेता लोहिया का नाम लेते हैं, वे जलन के शिकार हैं और उनके जलनवादी सोच के कारण उनके अधिकारी लूटवादी संस्कार का शिकार हो महज अपने व्यक्तिगत स्वार्थ का परिचय दे रहे हैं। नीतीश कुमार सरकार ने अत्यंत पिछड़ी जाति को नौकरी और राजनीति में विशेष मौका प्रदान किया है। राजनीति में प्रभाव किस कदर और किस दिशा में- चल रहा है, यह इस लेख का विषय नहीं है, लेकिन नौकरी में इसका प्रभाव किस दिशा में चल रहा है, यह रोज स्पष्ट हो रहा है।

1974 का छात्र आन्दोलन जो जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में संचालित था उस आन्दोलन को सम्पूर्ण क्रान्ति आन्दोलन माना गया। यह डॉ. राम मनोहर लोहिया के सम्पूर्ण क्रांति का ही अंग माना गया। दोनों शब्दों में समानता की भावना को स्थान देने की बात है। इस आन्दोलन के बड़े हिस्से का स्वर था भ्रष्टाचार मिटाना। इसी बीच 1974 के दिसम्बर महीने के अन्त में केरल के कालीकट में समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने का मौका लगा। दूसरे दिन के सत्र के समय मधुलिमये हमारे पास कार्यकताओं के बैठने की कुर्सी पर बैठ गये। समाजवादी पार्टी को लोकनायक के आह्वान पर एक पार्टी जो जनता पार्टी के रूप में सामने आयी, में विलय होने का प्रस्ताव पारित होना था। मधुलिमये ने कहा- समाजवादी पार्टी का जनता पार्टी में विलय समय की मांग है। हमने कपिलदेव बाबू के स्टैण्ड की समाजवादी शब्द में गरीबों, लाचारों की ध्वनि सुनायी पड़ती है, इस कारण समाजवादी जनता पार्टी नाम रखना उचित है। मधुलिमये से कहना चाहता तो मैं भी हूँ लेकिन जनसंघ घटकवाले लोग इस शब्द से भड़कते हैं। इस कारण फिलहाल जे.पी. के आह्वान को ही मानना उचित है। आनेवाले दिनों में समाजवादी विलुप्त होते गये और जनसंघ के रूप में बदला भाजपा को आगे बढ़ने का मौका मिल गया। जलन के शिकार पिछड़े वर्गीय नेतृत्व को सत्ता मिली लेकिन जातिवादी एवं परिवारवादी होने के कारण समाजवाद और समाजवादी मूल्य एक तरह विलुप्त हो गया। वे चाहते तो समाजवादी अवधारणा को समाजवादी कार्यकताओं के सहयोग से नया आयाम दे पाते लेकिन गाजे-बाजे के साथ साम्प्रदायिक और जातिवादियों को राजसत्ता का सुख मिलता रहा है। सम्प्रदाय एवं जातिवाद एक-दूसरे के पूरक हैं।

एक जिले का समाहर्ता अत्यंत पिछड़ी जाति का था। एक सरकारी भव्य समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री पधारे। चूंकि कार्यक्रम सरकारी था तो समाहर्ता ने माइक पकड़ा। हजारों लोग एक साथ चिल्लाने लगे कि यह चोर है, इसकी बात नहीं सुनेंगे। बिना बोले समाहर्ता बैठ गये। मंचासीन एक नेता ने मुख्यमंत्री को समझाया कि ये सभी सवर्ण जाति के हैं और पिछड़ी जाति का समाहर्ता होने के कारण उसे बोलने नहीं दे रहे हैं। समाहर्ता नहीं बोल सके। इसकी पड़ताल बिना किये बिहार सरकार ने उस समाहर्ता को फिर दूसरा जिला प्रदान किया। तर्क था कि वह अत्यंत पिछड़ी जाति का था वास्तविकता थी कि वह समाहर्ता भ्रष्ट था और लोग जाति के कारण नहीं, भ्रष्टाचार के कारण विरोध कर रहे थे। इसे कहते हैं जलन की राजनीति। कभी भ्रष्ट अधिकारी नीतिवान नहीं हो सकता, तो फिर महज अत्यन्त पिछड़ा जानकर किसी को लूटने का मौका क्यों दिया जाये ? बिहार में नीति की राजनीति नहीं हो रही बल्कि कैसे वोट बैंक कायम हो इसकी राजनीति हो रही है। इसके कारण भ्रम और आक्रोश बढ़ता जा रहा है और लोहिया और जयप्रकाश महज कुर्सी तक पहुँचानेवाले के रूप में जाने जा रहे हैं। काश बिहार में लोहिया और जयप्रकाश के सपने सच होते लोग देख पाते।

**(लेखक समाजवादी चिंतक, स्तंभकार और मगही के साहित्यकार हैं)**

## राधे - राधे ॥ आज का भगवद् चिन्तन ॥

## " पात्रता "

संसार में सभी जीव पात्र और अधिकारी हैं। परमात्मा के अंश होने के कारण अयोग्य तो कोई है ही नहीं। लेकिन पात्र की भी समय-समय पर सफाई आवश्यक है। कुछ लोगों के द्वारा अपने पात्र को इतना गंदा कर लिया जाता है कि अब उसमें अमृत भी डालोगे तो वो भी विष हो जायेगा।

हमने अपने पात्र में कंकड़ - पत्थर इतने भर रखे हैं, कि अब उनमें हीरे जवाहरात के लिए कोई स्थान ही शेष नहीं। जीवन के इस पात्र में दुर्गुण रूपी, दुराचार रूपी एवं अनाचार रूपी इतने कंकड़ - पत्थर भरे पड़े हैं कि सद्गुण एवं सदाचार रूपी रत्न का उसमें प्रवेश संभव ही नहीं है।

प्रभु कथा, सत्संग एवं सद्ग्रंथों के आश्रय में मन की नित्य सफाई करते रहो, ताकि गंदगी हमारे पात्र में जम न जाए। सदैव निष्कपट, निर्दोष, निर्वैर, निष्कलंक, सहज बने रहने का प्रयास करते हुए सर्व हिताय का चिन्तन रखो। तुम्हारा पात्र साफ हुआ कि परमात्मा को आते देर न लगेगी।

**संजीव कृष्ण ठाकुर जी**

# शिशु सुरक्षा दिवस

**शिशु सुरक्षा दिवस** हर साल 7 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में शिशुओं की सुरक्षा से संबंधित जागरूकता फैलाना और शिशुओं की उचित देखभाल कर के उनके जीवन की रक्षा करना है। भारत में शिशु मृत्यु दर कई देशों की तुलना में अधिक है, स्वास्थ्य देखभाल की कमी के कारण समस्या और भी बदतर हो जाती है। लेकिन जनसंख्या के बढ़ते बोझ और बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और जागरूकता की कमी के कारण शिशु मृत्यु दर में अपेक्षा के अनुरूप कमी नहीं आई है। एम्बुलेंस की सुविधा न होने के कारण अस्पताल न होने पर भी बच्चे बीच सड़क पर जीवन की जंग हार जाते हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षित दाइयों के अभाव में भी कई तरह की परेशानी होती है।

**उद्देश्य**

आज भी हमारे देश की सबसे बड़ी समस्याओं में शिशु सुरक्षा भी अहम् मुद्दा है, क्योंकि विभिन्न देशों की तुलना में देश की हालत शिशु सुरक्षा के मामले में बहुत खराब है। प्रतिवर्ष 7 नवंबर को शिशु सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य शिशुओं की सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाना और शिशुओं की उचित देखभाल करके उनके जीवन की रक्षा करना है। यह बात ध्यान में रखना चाहिए कि उचित सुरक्षा और उचित देखभाल की कमी के कारण नवजात शिशुओं को बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

**बुनियादी सुविधाओं की कमी**

विश्व में नवजात शिशुओं की उचित सुरक्षा ना हो पाने के कारण बहुत सारे बच्चे मौत की गोद में समा जाते है। भारत में नवजात शिशु की मौत की दर हर देश से अधिक है। देश में स्वास्थ्य सम्बन्धी चीजों की कमी के कारण यह समस्या और बढ़ जाती है। सरकारों ने इस समस्या से निपटने के लिए बहुत सी योजनायें लागू की हैं, लेकिन बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा जागरूकता की कमी के कारण शिशुओं की मृत्यु दर में कोई कमी नहीं आई है। उचित पोषण के अभाव में कई बच्चे दम तोड़ देते हैं। बुनियादी

सुविधाओं की कमी के कारण एवं समय पर एम्बुलेन्स ना मिलने के कारण बच्चे बीच रास्ते में जिंदगी की जंग हार जाते हैं। ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की कमी एवं प्रशिक्षित दाइयों की कमी के कारण भी विभिन्न प्रकार की समस्याओं का जन्म होता है।

**शिशु सुरक्षा दायित्व**

शिशु सुरक्षा केवल सरकार की नहीं वरन हम सभी की जिम्मेदारी है। हम सभी को एकजुट होकर इस-के लिए आगे आना होगा। तब जाकर अपने देश के शिशुओं की सुरक्षा के मामले में अन्य देशों की तुलना में ऊपरी पायदान पर आएंगे। हमें ना केवल शिशुओं की सुरक्षा बल्कि माताओं की सुरक्षा के लिए भी ठोस कदम उठाने पड़ेंगे, क्योंकि यदि माता सुरक्षित होगी तो बच्चे भी सुरक्षित होंगे और उनकी सुरक्षा की सम्भावना में वृद्धि होगी।

**योजनाएँ**

**सुकन्या समृद्धि योजना**

सर्वप्रथम यह योजना 22 जनवरी 2015 को हरियाणा में शुरू की गई। इस योजना के तहत 0 से 10 वर्ष की आयु तक की कन्याओं के खाते सरकारी बैंक या डाकघर में न्यूनतम हजार रुपए से खोले जाते हैं। इस पर 9.1 प्रतिशत का सालाना ब्याज मिलेगा। इसके तहत अभिभावकों को हजार रुपया प्रत्येक माह 14 वर्ष तक जमा कराना होगा। यह खाता 21 साल में परिपक्व होगा।[2]

**राजीव गांधी राष्ट्रीय शिशु पालन गृह योजना**

इस योजना में कामकाजी माताओं के 6 माह की आयु से लेकर 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों की देखभाल की अवस्था प्रेत के माध्यम से की जाती है। प्रत्येक यूनिट में 25 बच्चों को रखा जाता है।

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के पुन्य तिथि पर माल्यार्पण।

समाज जागरण , आलोक शर्मा , जिला संवाददात्ता औरंगाबाद (बिहार)

औरंगाबाद (बिहार) 6 दिसम्बर 2022 :- जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, महासचिव नागेंद्र सिंह ,कोषाध्यक्ष नवीन कुमार तथा मीडिया प्रभारी सतीश कुमार स्नेही ने समाहरणालय



औरंगाबाद अवस्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला,कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर भारत के पहले विधि मंत्री थे ,उन्होंने समाजिक समरसता और समानता पर बल दिया था, उनका अमूल्य योगदान सदियों तक याद किया जाता रहेगा , छुआछूत भेदभाव मिटाने में उनका सराहनीय योगदान रहा है।

## जिलाधिकारी ने बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया याद

**समाज जागरण , आलोक शर्मा , जिला संवाददात्ता औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद (बिहार) 6 दिसम्बर 2022 :- 6 दिसंबर को जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।



## साक्षरता केन्द्र का उदघाटन आज

**समाज जागरण संवाददाता** पकरीबरावां (नवादा)। पकरीबरावां प्रखण्ड की बेलखुंडा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलखुंडा संकुलाधीन प्राथमिक विद्यालय कन्या उर्दू जमहरिया में बुधवार को महिला साक्षरता केंद्र का उदघाटन किया जाएगा। बताया गया कि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार, प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी प्रमोद कुमार झा सहित अन्य गणमान्य लोग इस समारोह में उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि पूरे नवादा जिला में महिला साक्षरता केंद्र बनाकर असाक्षर महिलाओं को साक्षर बनाया जाना है। विद्यालयों को केंद्र बनाया जाना है।

## बाबा साहब के आदर्शो पर चलने का लिया संकल्प

**कृति कुमारी, समाज जागरण संवाददाता**

पकरीबरावां (नवादा)। पकरीबरावां में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया गया। अंबेडकर जागृति मंच की ओर से प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर एसडीपीओ महेश चौधरी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार, अंबेडकर जागृति मंच के अध्यक्ष आसो पासवान, कोषाध्यक्ष



रामनरेश दास लभली, विश्वनाथ यादव, परमेश्वर मंडल, दिनेश यादव, हरि यादव, उदय शंकर, सुरेन्द्र पासवान, शिवालक पासवान, संजय चौधरी, नंदू यादव आदि ने माल्यार्पण किया। इसके बाद कचना मोड़ के पास बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। अध्यक्ष सहित अन्य ने उनके योगदानों की चर्चा की। इधर, समाजसेवी टुनटुन पासवान ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए बाबा साहेब को महामानव बताया। उन्होंने कहा कि उनकी देनों के लिए सदैव उन्हें याद किया जाता रहेगा।

## 4 लीटर देसी शराब के साथ एक महिला गिरफ्तार

**गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा):-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के कुंभी-बेलदरिया निवासी बच्चू मांझी की 60 वर्षीय पत्नी अजबा देवी को रविवार की शाम वारिसलीगंज पुलिस द्वारा छापेमारी कर 4 लीटर देसी शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जिसके विरुद्ध पुलिस द्वारा नई शराब अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर सोमवार को पुलिस अभिरक्षा में व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया गया।

## 17 महिलाओं का किया गया बंध्याकरण ऑपरेशन

**गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा):-परिवार नियोजन पखवाड़ा के अंतिम दिन सोमवार को वारिसलीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नगर व ग्रामीण क्षेत्र से पहुंची 17 महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया।वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वारसलीगंज में लक्ष्य 120 के विरुद्ध 100 महिला-पुरुषों का ऑपरेशन कराया गया। पीएचसी प्रभारी डॉ आरती अर्चना ने बताया कि महिलाओं में परिवार नियोजन कराने के प्रति जागरूकता है। लेकिन पुरुषों में जागरूकता की भारी कमी है। जिसे दूर करने की जरूरत है।आए दिन लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## डेढ़ वर्षीय बालक की नाली में डूबने से हुई मौत, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल।

**दैनिक समाज जागरण, रफीगंज से पप्पू कुमार का रिपोर्ट**

औरंगाबाद (बिहार) 6 दिसम्बर 2022 :- औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड के राजाबगीचा स्थित मछली मार्केट के पास खेलने के क्रम में नाले में डेढ़ वर्षीय बालक के डूब जाने से मौत हो गई। वही बालक की माता रिंकी देवी ने बताया कि मैं अपने ससुराल उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिला अंतर्गत पोगाव थाना क्षेत्र के रुई गांव से नईहर राजा बिगहा निवासी मरछू चौधरी के घर में आयी हूं। मंगलवार की दोपहर में



करीब 2 बजे डेढ़ वर्षीय पुत्र सूर्यान्क कुमार खेलने के क्रम में नाली में गिर गया। नहीं मिलने पर काफी खोजबीन की गई। कुछ देर के बाद नाली में छहलाया हुआ मिला। तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराए।लेकिन डॉक्टर ने नस टटोलते ही मृत घोषित कर दिया। मृत बालक उत्तर प्रदेश के जिला के पोगांव थाना क्षेत्र के रूई गांव निवासी चंदन चौधरी के पुत्र था।

सूचना मिलते ही रफीगंज थाना से ए एस आई टुनटुन चौधरी पहुंचकर छानबीन किए। थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार किया है।

## ललन सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर जद यू नेता राजकिशोर सिंह यादव नें दी बधाई

अररिया । सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह का जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर मनोनयन पर जिला जेडीयू में हर्ष व्याप्त है।वरीय जद यू नेता राजकिशोर सिंह यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सिंह को बधाई संदेश भेजा है।श्री कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि, ललन बाबू को राजनीति के साथ-साथ संगठन के क्षेत्र में लंबा अनुभव रहा है।पूर्व के अनुभवों का समावेश कर एक बार फिर वे पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे ,ऐसी उम्मीद है।श्री यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में श्री सिंह के नेतृत्व में महागठबंधन के साथ मिलकर सभी 40 सीटों पर जीत का परचम लहराया जाएगा।श्री सिंह को बधाई देने वालों में पार्टी के प्रदेश महासचिव मूलचंद जी गोलछा,सुनील राय,उमेश चन्द्र राय,संजू वर्मा आदि शामिल हैं।

## मां का आंचल हुआ दागदार, दादी ने कहा 3 माह पहले हुई थी हत्या।

### मारुति नंदन के शव को गड्ढें से निकालने के 15 घंटे बाद हुआ पोस्टमार्टम, क्योकि केवल हड्डियां बचे थे,जिसका जिला में पोस्टमार्टम संभव नहीं था।

**दैनिक समाज जागरण ,सत्य प्रकाश नारायण, जिला संवाददात्ता / धनंजय कुमार, विधि संवाददात्ता**

औरंगाबाद (बिहार) 6 दिसंबर 2022 :- मारुति नंदन के शव का 15 घंटे बाद पोस्टमार्टम हुआ,क्योंकि शव में केवल हड्डी बचा हुआ था जिसका पोस्टमार्टम यहाँ होना संभव नहीं था । शव के पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया।

सदर अस्पताल औरंगाबाद के उपाधीक्षक डॉ सुनील कुमार ने बताया कि कब्र से जो शव निकाला जाता है उसका फॉरेंसिक जांच के बाद पोस्टमार्टम होता है। यहां फॉरेंसिक जांच की व्यवस्था नहीं है , जिसके कारण इसे बाहर भेजा गया। माया बीघा गांव निवासी कली युगिया मां के द्वारा 14 वर्षीय बेटे मारुति नंदन का हत्या कर शव को अपने आज हिंदी अमित मकान की आंगन में दफना देने का मामला चर्चा में है। मारुति नंदन का पोस्टमार्टम कराने में परिवार के लोगों को काफी परेशानियां हुई और पोस्टमार्टम को लेकर गया औरंगाबाद करते रहे । करीब 15 घंटे बाद पोस्टमार्टम मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कराया गया।

शिवगंज निवासी एक कली युगिया मां ने अपने बेटे की हत्या करने के बाद घर से करीब 500 मीटर दूर माया बीघा गांव में आपने ही अर्द्ध निर्मित मकान की चारदीवारी में शव को दफना दिया था ।सूचना पर पुलिस ने शव को गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है।

यहां चिकित्सकों ने फॉरेंसिक जांच की सुविधा नहीं होने का हवाला देते



हुए इसे मगध मेडिकल कॉलेज गया के लिए रेफर कर दिया और तर्क दिया गया कि पूरी तरह शव सड़ गया है , केवल हड्डी बचने के कारण शव के पोस्टमार्टम की व्यवस्था नहीं है । मदनपुर थाने की पुलिस ने अनुमति के लिए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी औरंगाबाद को पोस्टमार्टम का आवेदन देकर आदेश लिया था । ग्रामीणों के अनुसार इस घटना से मां का आंचल दागदार हुआ है एक मां ने क्रूरता की हदें पार कर ऐसी घटना को अंजाम दिया , इसकी पूरी जानकारी अभी नहीं मिल सकी है । जांच के बिंदु पर पुलिस अनुसंधान कर रही है। बच्चे की दादी से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि पुतोहू का किसी से प्रेम प्रसंग चल रहा था । अपना रास्ता साफ करने के लिए आपने ही 14 वर्षीय बेटे की हत्या कर दी। ग्रामीण भी इस घटना को प्रेम प्रसंग की बात बता रहे हैं । महिला का स्वजनों से अच्छा व्यवहार नहीं रहा है ,काफी दिनों से अलग डेरा लेकर शिवगंज में रहती है। वहां रसोई गैस बेचती है और क्रोकरी का बर्तन किराए पर चलाती है । गड्ढा खोदने वाले मजदूर ने बताया की शौचालय की टंकी बनाने के नाम पर गड्ढा खुदाया गया था मजदूर कुछ निजी काम से देव मोड़ पर चल आया था वहां से लौटने के बाद उसने देखा कि महिला के द्वारा गड्ढा को भर दिया गया है तभी उसे शक हो गया था कि मामला कुछ गड़बड़ जरूर है तो इसकी सूचना महिला को देवर को दे दिया इसके बाद महिला के देवर ने इसकी सूचना मदनपुर पुलिस को दिया इसके उपरांत पुलिस ने दफनाया गया शव को निकाला। महिला ने बताया की गड्ढा गलत जगह खुद गए थे। उसने मदनपुर थाना को खबर किया, हालांकि महिला पुलिस के समक्ष अपने बेटे की हत्या करने से इंकार कर रही है। पुलिस को बता रही है कि बेटे ने आत्महत्या कर लिया है ग्रामीण जाने नहीं ,इसलिए वह मजदूर को बुलाकर गड्ढा खोदकर बेटे के शव को दफना दिया, यह भी एक जांच का विषय है।

## कृषि यांत्रिक मेला का जिलाधिकारी ने किया उद्घघाटन।

**दैनिक समाज जागरण , अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरो चीफ /आलोक शर्मा , जिला संवाददात्ता, औरंगाबाद (बिहार) का संयुक्त रिपोर्ट।**

औरंगाबाद (बिहार) 6 दिसम्बर 2022 :- कृषि यांत्रीकरण मेला -सह -उपादान वितरण मेला का आयोजन 6 दिसंबर 2022 को औरंगाबाद जिले के जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह इन्टर कॉलेज (गेट स्कूल) के खेल मैदान में किया गया ,जिसका उद्घाटन जिला पदाधिकारी औरंगाबाद सौरभ जोरवाल एवं अन्य गणमाण्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा आधुनिक कृषि तकनीक का प्रयोग करते हुये जलवायु अनुकूलन कृषि एवं फसल अवशेष प्रबंधन पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। लगभग 60 लाख रुपए के यंत्रो की बिक्री हुई, जिस पर किसानो को लगभग 31 लाख रुपए का अनुदान का लाभ मिला।

जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कृषि यंत्र के अलावा ड्रीप एरिगेशन, उद्यान एवं भूमि संरक्षण से संबंधित के विशेष स्टॉल लगाये गये। कृषि यांत्रिकरण मेले में लगभग 110 किसान लाभन्वित हुये, अनुदानित दर पर किसानो ने कृषि से संबंधित यंत्रों की खरीदारी की गई, जिसमें लगभग 60 लाख रुपए के यंत्रो की बिक्री हुई, जिस पर किसानो को लगभग 31 लाख रुपए का अनुदान का लाभ मिला।

कृषि यांत्रिकरण-सह-उपादान मेले में रोटरी मल्चर, सुपर सीडर, चाफ कटर, कल्टीवेटर, रोटावेटर, थ्रेसर, पम्पसेट, फ्लोर मिल, स्ट्रा रीपर, रीपर, पावर स्प्रेयर आदि कृषि यंत्रों की बिक्री हुई। मेला में दोनो दिन किसानो का आना जाना लगा रहा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (जलछाजन विकास) 2.0 परियोजना के मदनपुर प्रखण्ड के दक्षिणी उमगा पंचायत के 132 स्वंय सहायता समूहो को कुल 52 लाख 40 हजार रुपए का चेक जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा एवं देव एवं कुटुम्बा प्रखण्ड के कुल 106 जीविका के स्वंय सहायता समूहों को 42 लाख 40 हजार रुपए अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा वितरण किया गया।

जलछाजन 2.0 परियोजना में जीविकोपार्जन मद अन्तर्गत जीविका द्वारा कार्यरत परियोजना क्षेत्र के स्वंय सहायता समूहो के साथ अगले पाँच वर्षो तक कार्य किया जाना है। इस प्रकार इस यांत्रिकरण मेले में कुल 238 स्वंय सहायता समूहों को 95 लाख 20 हजार रुपए की राशि का वितरण किया गया।

**मेले में कुल 25 स्टॉल लगाये गये थे ,**

मेला में जिला पदाधिकारी द्वारा पदाधिकारियों के साथ सभी स्टॉलो का निरीक्षण किया गया। मेला में चिन्हित कृषि यंत्र विक्रेताओं एवं कार्यालय (जिला उद्यान/मिट्टी जाँच प्रयोगशाला एवं भूमि संरक्षण) द्वारा कुल 25 स्टॉल



लगाये गये थे जिसमें आधुनिक यंत्रो एवं कृषि तकनीकी का प्रदर्शन किया गया, जिसमेंप्रदर्शनी के अनुसार कार्यालय भूमि संरक्षण, औरंगाबाद को प्रथम, मे0 गुप्ता मशीनरी स्टोर, सासाराम को द्वितीय एवं मे0 शिव शक्ति मशीनरी स्टोर, औरंगाबाद को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

06 दिसम्बर (मंगलवार) को अनुमण्डल पदाधिकारी औरंगाबाद द्वारा किसानो को अधिक से अधिक अनुदान का लाभ लेने हेतु प्रेरित करते हुये धन्यवाद ज्ञापान के साथ उक्त दो दिवसीय मेले का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी -सह- परियोजना निदेशक (आत्मा), औरंगाबाद -सह- उप निदेशक (कृषि अभि0) भूमि संरक्षण, औरंगाबाद, सहायक निदेशक (शष्य) भूमि संरक्षण, औरंगाबाद, सहायक निदेशक (कृषि अभि0), औरंगाबाद, परियोजना प्रबंधक -सह- तकनीकी विशेषज्ञ, भूमि संरक्षण, औरंगाबाद सहायक निदेशक उद्यान, औरंगाबाद, सहायक निदेशक रसायन, औरंगाबाद, उप परियोजना निदेशक (आत्मा), औरंगाबाद, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, औरंगाबाद./ दाउदनगर उपस्थित रहे।

## अंग्रेजी प्रतियोगिता में चन्दन रहे अव्वल

**कृति कुमारी, समाज जागरण संवाददाता**

पकरीबरावां (नवादा)। पकरीबरावां प्रखण्ड के भगवानपुर स्थित मार्गदर्शन, एक संपूर्ण अध्ययन केन्द्र में बच्चों के बीच अंग्रेजी प्रतियोगिता करायी गयी। प्रतियोगिता में बीस से ज्यादा बच्चे शामिल हुए। उनमें से चन्दन कुमार बेहतर प्रदर्शन करते हुए 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर रहे। निर्धारित समय की परीक्षा में अंग्रेजी व्याकरण के प्रश्न पूछे गये। चन्दन के अलावा सोनाली, प्रिंस, सूरज, प्रिया आदि का भी प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। शिक्षाविद डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा के हाथों सफल



प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा से बच्चों को कई फायदे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रारंभिक दौर से ही प्रतियोगिताएं करानी चाहिए। इससे उनमें प्रतिस्पर्धा के साथ ही निर्धारित समय में प्रश्नों का उत्तर देने आदि की प्रेरणा विकसित होती है। उनमें मेहनत करने की ललक पैदा होती है। प्राचार्या कृति सिन्हा ने कहा कि हमेशा बच्चों के बीच प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाती है। उन्होंने बताया कि ओएमआर शीट पर परीक्षा ली जाती है। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाता है।

## जीवन अनमोल है संभल कर चलिए जनाब ! आपके जीवन पर आपके परिवार व स्वजनों का भी हैं अधिकार।

**दैनिक समाज जागरण, सत्य प्रकाश नारायण, जिला संवाददात्ता / धनंजय कुमार विधि संवाददात्ता**

औरंगाबाद (बिहार) 6 दिसंबर 2022 :-जीवन अनमोल है इसे संकट में डालने का आपको कोई अधिकार नहीं है. आपके जीवन पर आपके परिवार ,स्वजनों का पूरा अधिकार है। होम्योपैथिक चिकित्सा डाक्टर शोभा रानी ने बताया कि सड़क सुरक्षा विषय पर समाज के प्रबुद्ध वर्ग एवं सरकार को विशेष अभियान चलाकर अत्यधिक लोगों को जानकारी देने की जरुरत है ताकि सड़क दुर्घटना कम से कम हो, अगर आंकड़ों को देखा जाए तो हेलमेट ना पहनकर बाइक सवार दुर्घटना के सर्वाधिक शिकार हुए हैं ।

बिहार -सरकार का आंकड़ा देखा जाए तो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर इस साल जनवरी से सितंबर के बीच ₹26 करोड़ 63 लाख ₹920 का जुमार्ना वसूल



किया गया है ,इससे सबसे अधिक 11 करोड़ 37 लाख हेलमेट न लगाने वाले से चालान काटा गया ,इसके अलावा सीट बेल्ट न लगाने पर 3 करोड़ , वाहन चलाते समय मोबाइल इस्तेमाल करने पर 2 लाख का जुमार्ना वसूल किया गया है। राज्य के 38 जिले में महज 12 जिलों में ट्रैफिक थाने हैं इसके कारण भी नियमों के पालन को लेकर शक्ति का अभाव रहता है।

दुर्घटना के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए सरकार ₹5000 का इनाम दे रही है फिर भी लोगों के बीच पुलिस का इस कदर डर समाया हुआ है कि वह इस में कोई दिलचस्पी लेना नहीं चाहते हैं। आप दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने से परहेज करते हैं। सड़क दुर्घटना में सबसे अधिक मौत ओवर स्पीड के कारण होती है। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को लेकर नागरिकों को बुद्धिजीवियों को जागरूक होना पड़ेगा , सुरक्षा की खामियां बताने के साथ लोगों को जागरूक करने का भी काम युद्ध स्तर पर करना पड़ेगा ताकि दुर्घटना कम से कम हो सके।

## पुस्तकालय अध्यक्ष को सुपुर्द किया गया,निरीक्षी जज न्यायमूर्ति राजीव राय द्वारा भेजी गई 10 उपयोगी,अतुलनीय विधि पुस्तकें।

**दैनिक समाज जागरण , अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ /आलोक शर्मा, जिला संवाददात्ता ,औरंगाबाद (बिहार) का संयुक्त रिपोर्ट**

औरंगाबाद (बिहार) 6 दिसम्बर 2022 :- जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह और महासचिव नागेन्द्र सिंह ने निरीक्षी जज न्यायमूर्ति राजीव राय द्वारा भेजे गए बहुमूल्य नये प्रकाशित विधि के दस पुस्तकें मंगलवार को जिला विधिक संघ औरंगाबाद के पुस्तकालय अध्यक्ष चन्द्रकाता कुमारी को प्रदान किया है,जिसका लाभ आज से जिला विधिक संघ के अधिवक्ता ले सकते हैं।

जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह ने कहा कि कल जिला जज रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने निरीक्षी जज न्यायमूर्ति राजीव राय द्वारा भेजी गई 10 उपयोगी, अतुलनीय विधि पुस्तकें जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष और महासचिव को शुभकामनाएं सहित प्रदान किया गया था, जिसे जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष और महासचिव ने अधिवक्ताओ को लाभ प्राप्त करने के लिए जिला विधिक संघ के पुस्तकालय अध्यक्षे चन्द्रकाता कुमारी को सुपुर्द किया ।

जिला विधिक संघ औरंगाबाद के महासचिव नागेंद्र सिंह ने कहा कि हम जब से महासचिव बने हैं अधिवक्ता समाज के कल्याण के लिए प्रयासरत हैं ,इसी कड़ी में निरीक्षी जज न्यायमूर्ति राजीव राय द्वारा जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अधिवक्ताओं के सहयोग के लिए विधि के अनमोल नयी पुस्तकें प्राप्त होना अविस्मरणीय क्षण है। हम चाहेंगे कि निरीक्षी जज का इसी तरह से



आगे प्रेम मोहब्बत बना रहे और इस सहयोग के लिए जिला जज रजनीश कुमार श्रीवास्तव का भी आभार व्यक्त करते हैं, उनका औरंगाबाद में जिला जज बने मात्र तीन माह हुए हैं इतने कम समय में औरंगाबाद के अधिवक्ताओ के बीच गहरा मधुर सम्बन्ध बना लिए हैं और इनके आने से व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद और लोक अदालत के वादों के सुनवाई और निष्पादन में तेजी आ रही है,साफ -सफाई नियमित हो रही है, परिसर को अतिक्रमण से मुक्ति मिली है ,रात में काफी सुंदर व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद दिखता है। जिला जज रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने बार और बेंच के रिश्ते को काफी संवेदनशीलता के साथ मजबूत कर दिये है।

मीडिया प्रभारी सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि युवा अधिवक्ताओं को नये प्रकाशित पुस्तकें की कमी खल रही थी निरीक्षी जज न्यायमूर्ति राजीव राय का योगदान हम सब पर बहुत बड़ा कृपा है ,जिसके लिए हम सब उनके आभारी हैं। युवा अधिवक्ताओं में नया -नया कानून की जानकारी पुस्तकालय से अब मिल सकेंगी ,इस अवसर पर कोषाध्यक्ष नवीन कुमार, आंकेक्षक सुजीत कुमार सिंह उपस्थित थे।

## उत्पाद विभाग को मिली बड़ी सफलता, लाखों का विदेशी शराब लेकर बिहार प्रवेश कर रहे एक इंडियन ऑयल की टैंकलोरी को किया जब्त, दो शराब माफिया भी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा)। रजौली थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर तैनात उत्पाद विभाग की टीम ने वाहन जांच के दौरान मंगलवार की सुबह शराब से भरी इंडियन ऑयल के टैंकर संख्या बीआर-09सी/7821 को जब्त किया, हालांकि टैंकर में एक दूसरा नंबर प्लेट भी रखा हुआ मिला, जिसपर जेएच- 05एटी/ 7527 नंबर अंकित किया हुआ था।जांच चौकी पर कार्रवाई उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार आजाद के निर्देशानुसार की गई। उत्पाद अधीक्षक ने जानकारी देते हुए कहा कि समेकित जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आने वाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच चौकी पर तैनात उत्पाद की टीम के द्वारा की जाती है, जिसका नेतृत्व उत्पाद निरीक्षक रामप्रीति कुमार करते हैं। इसी दौरान झारखंड की ओर से आ रहे इंडियन ऑयल की लोगों लगा छह चक्का टैंकर में विदेशी शराब बरामद किया गया है साथ ही चालक व उपचालक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।जांच का नेतृत्व कर रहे उत्पाद निरीक्षक रामप्रीति कुमार ने बताया कि उत्पाद अधीक्षक के निर्देशन में कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिनों की भांति हमारी टीम के द्वारा वाहनों की सघन जांच की जा रही थी, तभी झारखंड की ओर से टैंकर आती हुई दिखाई दी, जिसके बाद टैंकर को जांच के लिए रोका गया तो चालक इंडियन ऑयल की टैंकर खाली होने की बात कहकर भगाने की कोशिश करने लगा, जिसके बाद उसे बैरिकेडिंग के जरिए रोका गया। तत्पश्चात जांच करने के दौरान इंडियन ऑयल टैंकर में 4 चेंबर में दो चेंबर खाली मिली और दो चैंबरों में विदेशी शराब भरे हुए मिले, जिसमें आरएस एवं मैकडॉवेल कंपनी के 201 कार्टून में रहे लगभग 5545 बोतल शराब बरामद हुई है। कुल बरामद शराब करीब 1799 लीटर के आसपास है।उन्होंने बताया कि रॉयल स्टैग कंपनी के 375 एमएल एवं 180 एमएल की 148 कार्टून मे लगभग 1322 लीटर शराब बरामद हुई है। इसके अलावा मैकडॉवेल कंपनी के 375 एमएल की 53 काटूनों में रहे 477 लीटर शराब बरामद किया गया है। उत्पाद निरीक्षक के द्वारा बरामद हुई विदेशी शराब की कीमत बिहार में अवैध रूप से बिक्री किए जाने के बाद लगभग 26 से 27 लाख रुपये आंकी जा रही है।उत्पाद निरीक्षक ने बताया कि यह शराब झारखंड के डुमरी से बिहार के मुजफ्फरपुर ले जाया जा रहा था। शराब ले जाने वाले चालक व उपचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार चालक सिवान जिले के जामो बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत खोरी पाकर गांव निवासी राम आनंद गिरि के पुत्र जितेंद्र कुमार गिरी तथा उप चालक बेगूसराय जिले के तेघड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेघड़ा गांव निवासी राम दयाल सिंह के पुत्र चिंटू कुमार षामिल है। गौरतलब हो कि समेकित जांच चौकी पर उत्पाद विभाग की टीम प्रत्येक दिन तीन शिफ्टों वाहनों की सघन जांच करती है, हालांकि बीते कुछ महीनों से यहां सिर्फ शराब के नशे में सफर करने वाले सैकड़ो लोगों को गिरफ्तार कर सरकारी राजस्व बढ़ाने का कार्य किया जा रहा था। कभी-कभी लीटर दो लीटर शराब की बरामदगी झारखंड की ओर से आने वाले लोगों से हो जाती थी, लेकिन अचानक मंगलवार की सुबह शराब से भरी टैंकर को जब्त होने से शराब माफियाओं में हड़कंप उत्पाद विभाग की टीम ने मचा दी है।बता दें कि बिहार में पूर्ण शराबबदी के बाद से हीं शराब माफिया तस्करी के लिए नित्य अलग-अलग प्रयोग करते रहते हैं। कभी इंडियन ऑयल टैंकर, गैस टैंकर तथा कैंटेनर ट्रकों के अलावा अन्य वाहनों में चेचिस के नीचे तहखाना तो कभी सीट के नीचे तहखानो तथा छोटे वाहनों में सेलिंग के ऊपर हीं तहखाना बनाकर शराब की तस्करी करते रहते हैं। वहीं तस्करों के नए प्रयोग को पुलिस एवं उत्पाद विभाग नाकाम करती रहती है। तस्करी के प्रयोग में वाहनों के साथ शराब को बरामद किया जाता है, बावजूद ये शराब तस्कर अधिक मुनाफे के चक्कर में शराब की तस्करी करने से बाज नहीं आते हैं। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार चालक और उप चालक से आवश्यक पूछताछ की जा रही है। आवश्यक पूछताछ के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। तत्पश्चात उत्पाद टीम के द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घोटाले की प्राथमिकी पर प्रश्नचिन्ह, जिसपर हुआ मुकदमा वह कभी मुखिया रहा ही नहीं

**गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा)। खेत खाय गधा, मार खाय जुला..., कुछ ऐसा ही हुआ है एक तथाकित मुखिया के साथ। बेचारा कभी मुखिया रहे नहीं और करीब साढ़े तीन लाख रुपये सरकारी राशि गबन का आरोपी बना दिये गये । धारा 420/406/34आइपीसी के तहत एफआइआर भी दर्ज हो गया है। पुलिस अब उन्हें बेसब्री से ढूंढ रही है और वे बेचारे हैरान परेशान, इधर-उधर पैरवी पहुंच लगाकर केस से उबरने की जुगत लगा रहे हैं। मामला दिलचस्प है।

**क्या है पूरी घटना**

नलकूप प्रमंडल नवादा के कार्यपालक अभियंता इंजीनियर सर्वेश कुमार चौधरी द्वारा वारिसलीगंज थाना में गबन से संबंधित एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें शाहपुर पंचायत के भूतपूर्व मुखिया मदन मुरारी प्रसाद और वहां के पंचायत सचिव अशोक साव को अभियुक्त बनाया गया है। कार्यपालक अभियंता के पत्रांक 2146 दिनांक 25.11.22 पर वारिसलीगंज थाना के थानाध्यक्ष ने प्राथमिकी कांड संख्या 697/22 दर्ज कर मामले के अनुसंधान का जिम्मा एएसआई दीपक कुमार को सौंपा है। 25 नवम्बर की तिथि में ही एफआइआर दर्ज किया गया है।

**मदन मुरारी नाम का कोई मुखिया रहा ही नहीं**

एफआइआर दर्ज होने के बाद इसकी विश्वसनीयता पर ही सवाल उठ गये हैं। दरअसल, शाहपुर पंचायत में अबतक मदन मुरारी प्रसाद नाम के कोई व्यक्ति मुखिया हुए ही नहीं हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि एफआइआर में किस मदन मुरारी का जिक्र किया गया है।

एफआइआर हुआ है तो पुलिस प्राथमिकी अभियुक्त को ढूंढ रही है। इस नाम के एक व्यक्ति शाहपुर गांव के निवासी हैं, लेकिन वे वार्ड सदस्य और उप मुखिया रहे हैं, मुखिया नहीं। सवाल उठ रहा है कि कया ऐसा



किसी को बचाने के लिए जानबूझ कर किया गया या फिर कांड को उलझाकर ऊपरी आदेश के दवाब में खानापूर्ति किया गया है।

एफआईआर में और भी खामियां

दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कुछ और भी खामियां सामने आई है। कांड में दूसरे अभियुक्त बनाए गए हैं इस पंचायत के पंचायत सचिव अशोक साव। उनके बारे में बताया जा रहा है कि जिस समय की घटना है उस वक्त वे यहां कार्यरत ही नहीं थे। पंचायत सचिव कोई और थे।

**एफआइआर के पीछे की वजह**

कार्यपालक अभियंता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि वर्ष 201819 में शाहपुर पंचायत को राजकीय नलकूप बाली के जीर्णोद्धार के लिए 3 लाख 48 हजार रुपए नलकूप प्रमंडल नवादा द्वारा आवंटित किया गया था। नलकूप का काम नहीं कराया गया। इस बीच विभागीय पत्रांक 619(न.को.) दिनांक 4.11.22 के द्वारा उक्त नलकूप को परित्यक्त कर दिया गया। इसके बाद 21.11.22 को मुख्य सचिव बिहार द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए राशि वापसी कराने अन्यथा एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश डीएम को दिया गया।

**डीएम के निर्देश पर एफआईआर**

डीएम से प्राप्त निदेशों के आलोक में कार्यपालक अभियंता ने 22.11.22 को पत्रांक 2146 के मध्यम से शाहपुर पंचायत के कथित मुखिया मदन मुरारी प्रसाद और पंचायत सचिव अशोक साव को राशि 348000 रुपए नलकूप विभाग के चालू खाता में वापस करने का निर्देश दिया। राशि वापस नहीं होने पर एफआईआर दर्ज कराया गया।

**जांच पड़ताल**

जांच पड़ताल में यह बात सामने आई कि मदन मुरारी प्रसाद नाम के कोई व्यक्ति शाहपुर पंचायत के मुखिया रहे ही नहीं। वे उप मुखिया अवश्य रहे हैं। त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था कायम होने के बाद 2001 में पंचायत चुनाव हुआ। तब से 2016 तक लगता अर्जुन सिंह मुखिया रहे। 201622 के बीच नीलम देवी पति विपिन सिंह मुखिया रहीं। वर्तमान में अर्जुन सिंह की बहु कुमारी रंजना मुखिया हैं। तो सवाल ये कि मदन मुरारी प्रसाद कहां से चले आए।

एक बात और चौंकाती है कि जिस वक्त राशि पंचायत को हस्तांतरित किया गया उस वक्त वहां पंचायत सचिव अल्केश्वर रविदास थे। जबकि एफआईआर वर्तमान सचिव अशोक साव पर किया गया है। जानकर बताते हैं कि तब के सचिव की मौत भी हो चुकी है।

**डीएम से कार्रवाई की मांग**

मामला सामने आने के बाद भाजपा नेता जितेंद्र कुमार सिंह ने डीएम से पूरे मामले की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह जांच आवश्यक हो गया कि ऐसा फर्जी एफआईआर का उद्देश्य क्या था। भाजपा नेता श्रीसिंह ने एसपी से भी मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज कराने वाले के विरुद्ध ही 211 के तहत मुकदमा दर्ज करा अग्रेतर कार्रवाई की मांग की है।

नलकूप प्रमंडल, नवादा के कार्यपालक अभियंता सर्वेश चौधरी कहते हैं - गड़बड़ी कहां से और किस स्तर से हुई है इसकी जांच कर सही जानकारी दे सकेंगे।

निकाय चुनाव :

# किसी ने अपनी माताजी, किसी ने पत्नी को उतारा मैदान में

**-शासन ने नगर पालिका परिषद बलिया को किया महिला वर्ग के लिए आरक्षित**
**-सोशल मीडिया फेसबुक पर अधिकांश उम्मीदवारों के पोस्टर भी हुए जारी**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : निकाय चुनाव के लिए शासन ने आरक्षण की सूची जारी कर दी। कहीं व्यवस्था पूरी बदली तो कहीं आंशिक बदवाल हुआ। जल्दी जल्दी में सोशल मीडिया पर पोस्टर चेंज हुए। कुछ इसी तरह का हाल नगर पालिका परिषद बलिया का रहा। सीट महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुई ऐसे में संभावित

उम्मीदवारों ने चेहरा बदला। किसी ने अपनी मां को मैदान में उतारा तो किसी ने पत्नी को।
आरक्षण की घोषणा होते ही चुनाव की तैयारी करने वाले इस जुगत में जुटे की किसे मैदान में चेहरा बनाया जाए। तत्कालिक रुट से लोगों को बताने के माध्यम के रुप में लोगों ने फेसबुक पर अपनी बात रखी। अधिकांश उम्मीदवारों ने अपनी पत्नी को ही अपना प्रतिनिधि बता यातो उनकी तस्वीर फेसबुक पर पोस्ट किया या पोस्टर बनाकर। किसी किसी उम्मीदवार ने अपनी मां को उम्मीदवार घोषित किया। कुछ उम्मीदवार विचार कर रहे हैं। जिन संभावित उम्मीदवारों की मां और पत्नी दोनों जगत में नहीं वहां वह पारिवारिक सदस्यों में किसी का चयन कर रहे हैं। संभावित सभी उम्मीदवारों ने सोशल मीडिया पर बताया है कि अब चुनाव कौन लड़ेगा।

## वरिष्ठ उपनिरीक्षक के स्थानांतरण पर दी गई विदाई

ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण

रसड़ा (बलिया) :कोतवाली में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक चंद्र प्रकाश कश्यप के स्थानांतरण होने पर पुलिसकर्मियों व रसड़ा की जनता में काफी मायूसी देखने को मिली है। दर,असल स्थानांतरण के बाद मंगलवार को रसड़ा कोतवाली में वरिष्ठ उप निरीक्षक सीपी कश्यप को विदाई दी गई।

थाने के पुलिसकर्मियों ने उन्हें फूल मालाओं से लादकर नम आंखों से विदाई दी। रसड़ा कोतवाली से स्थानांतरण होकर वरिष्ठ उप निरीक्षक सीपी कश्यप अब जनपद के बिचला घाट चौकी इंचार्ज का दायित्व संभालेंगे। मंगलवार को विदाई समारोह में श्री कश्यप ने कहा कि रसड़ा थाना में मौजूद साथियों के साथ जो काम करने का अवसर मिला है । वो हमेशा यादगार रहेगा। प्रभारी निरीक्षक हिमेंद्र सिंह के नेतृत्व में हमने बहुत कुछ सीखा है। इंस्पेक्टर साहब ने अपने कुशल व्यवहार से हमें बहुत कुछ सिखाया है। ऐसे अधिकारी बड़े ही भाग्य से मिलते हैं। रसड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक हिमेंद्र सिंह ने कहा कि कश्यप जी अपने बेहतर सूझ बूझ से जटिल से जटिल समस्याओं का निस्तारण कर देते हैं । ये जहां भी जाएंगे वहां की जनता को कानून का बेहतर लाभ मिलेगा। ऐसे अफसर पुलिस विभाग के सुपर स्टार होते हैं। इस मौके पर अविनाश सोनी, उप निरीक्षक अजय यादव, हितेश कुमार, उत्तरी पुलिस चौकी इंचार्ज अशोक शुक्ला, लवकुश गुप्ता , अजय मौर्य व बृजेंद्र गोयल के साथ साथ अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# सहयोग एप पर जुड़ेंगी सीडीपीओ मुख्य सेविका और आंगनबाडी

**आईसीडीएस डिजिटल माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों पर रखेगी नजर**

बिकास राय ब्यूरो चीफदैनिक समाज जागरण

गाजीपुर बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग जो अब तक मैनुअल कार्यों को अंजाम दिया करता था। लेकिन शासन के द्वारा इसे भी डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिसके तहत कुछ दिनों पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

के द्वारा सहयोग ऐप की लांचिंग की गई थी। जिसमें सीडीपीओ और मुख्य सेविका के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों और आंगनबाड़ियों को एक साथ जोड़ कर सहयोगात्मक रुख अपनाते हुए विभाग में सुधार के प्राथमिकता को लेकर कार्य करने की पहल है। जिसके तहत मंगलवार को वन स्टॉप सेंटर में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सीडीपीओ राजेश सिंह,मंडलीय कोऑर्डिनेटर वाराणसी के अंजनी राय और यूपीटीएसयू के बुद्धदेव के द्वारा सीडीपीओ और मुख्य सेविका को प्रशिक्षण दिया गया।
जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा लांच किये गया ऐप के माध्यम से सहयोगात्मक पर्यवेक्षण एवं सहयोग के लिए 2 बैच में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। जिसमें 5 और 6 दिसंबर को एक बैच और 8 और 9 दिसंबर को एक बैच का प्रशिक्षण कर इस ऐप के बारे में पूरे ब्लॉक के मुख्य सेविका और सीडीपीओ को प्रशिक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से पहले जो निरीक्षण कागजों पर होता था। अब वह निरीक्षण ऐप पर होगा। इस प्रशिक्षण शिविर में सीडीपीओ और मुख्य सेविका को किस तरह से कार्य करना है इसको लिए ट्रेंड करना है। इसके बाद सीडीपीओ अपने परियोजना के मुख्य सेविका को और मुख्य सेविका अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ियों को इस ऐप के माध्यम से जोड़ेंगी। मासिक भ्रमण की तैयारी का कार्यक्रम भी तय करेंगी। जिसके बाद सीडीपीओ और सुपरवाइजर केंद्रों पर जाकर सहयोगात्मक परीक्षण करेंगी। आज के इस प्रशिक्षण में सैदपुर, सदर, शहर, मुहम्मदाबाद, जमानिया, करंडा, कासिमाबाद और भदौरा की समस्त सीडीपीओ और मुख्य सेविका के साथ ही भदौरा के बीओसी अमजद खान और बाराचवर के बीओसी विवेक सिंह मौजूद रहे।

# निकाय चुनाव में अब टिकट की बारी

## आयोग शासन की चाल के बाद अब राजनीतिक दलों को चलना है अपना दाव

**-निकाय चुनाव**
**-राजनीतिक दलों को अब बांटना है आरक्षण के हिसाब से टिकट**
**-सभी दलों में टिकट मांगने वाले नेताओं की है लंबी-लंबी कतार**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : नगर निकाय चुनाव की घोषणा के बाद आयोग और शासन ने आरक्षण पर अपनी चाल पूरी कर दी है। अब राजनीतिक दलों को आरक्षण के मुताबिक टिकट बांटना है। सभी राजनीतिक दलों के पास अभी भी सभी सीटों पर लड़ने की अपेक्षा वाले उम्मीदवारों की लंबी लंबी कतारें हैं। बात बलिया जिले की करें तो यहां राजनीतिक दलों का तनाव कम नहीं हुआ है। नगर पंचायत बैरिया और नगरा में ही सामान्य और अनुसूचित जाति जनजाति उम्मीदवार फेहरिस्त से हटे हैं। बाकी जगह जहां सीट महिलाओं के लिए आरक्षित हैं वहां नेताओं ने अपने घर की महिलाओं का नाम उम्मीदवारी के लिए नामित कर प्रचार भी

शुरू कर दिया है।
बात राजनीतिक दलों की करें तो भाजपा सपा और बसपा कांग्रेस, आप और अधिकार सेना की टिकट को लेकर फजीहत कम नहीं हुई है। जिले की दो नगरपालिकाओं में अगर कोई कीसी आरक्षण में आती तो कुछ उम्मीदवार ऐसे ही कम हो जाते। कुछ को समझा पार्टी किसी को उम्मीदवार बना लेती। बलिया नगर पालिका आरक्षित हुई भी तो महिला वर्ग के लिए। वैसे यहां भाजपा से दो तीन और सपा से एक महिला उम्मीदवार का दावा था। महिला सीट होते ही सभी ने अपनी मां या पत्नी या बहू को मैदान में उतारने का निर्णय कर लिया। मतलब जो लोग पहले टिकट का दावा कर रहे थे आज सभी मैदान में हैं। रसड़ा तो अनारक्षित ही है। उसी तरह की दशा नगर पंचायतों में भी है। बैरिया और नगरा में सामान्य और अनुसूचित उम्मीदवार हप गए हैं बाकी सबका दावा अभी उसी तरह का है।

# सुरहा ताल पक्षी महोत्सव-2022 की तैयारियां जोरों पर

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया.: जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने विकास भवन में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक का उद्देश्य सुरहा ताल पक्षी महोत्सव-2022 की तैयारियों के संबंध में चर्चा करना था। जिलाधिकारी ने सुरहा ताल को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में बसंतपुर स्थित सुरहा ताल में आने वाले कुछ दिनों में महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पेंटिंग, वाद-विवाद, रंगोली,फोटोग्राफी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। वहां पर प्रतिदिन लगभग 500 स्कूली बच्चे आएंगे जिनके घूमने-फिरने और जलपान की व्यवस्था होगी। साथ ही महोत्सव में आने वाले लोगों के

लिए नौकायन की भी व्यवस्था होगी। महोत्सव के आखिरी दिन मछुआरों की नौकायन प्रतियोगिता भी होगी। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मछुआरों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस महोत्सव में स्कूली बच्चों के अतिरिक्त अन्य लोग भी सम्मिलित हो सकते हैं। जहां पर बच्चों को झूला झूलने के साथ प्रकृति के नजदीक आने का अवसर मिलेगा। वहीं पर लोगो को ताल में चिन्हित स्थानों से विदेशों से आने वाले प्रवासी पक्षियों को देखने का भी अवसर मिलेगा। इस बैठक में इस बात पर निर्णय लिया गया कि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाए ताकि बलिया की एक अलग पहचान न केवल जनपद स्तर पर बल्कि विश्व स्तर पर भी स्थापित हो सके। सुरहा ताल बलिया का एक प्रमुख पिकनिक स्पॉट है जिसे ईकोटूरिज्म के रूप में विकसित करने की बात कई दिनों से चल रही थी।

# रसड़ा नगर पालिका द्वारा लाखों खर्च कर बनाए गए आरो प्लांट ही सूखे

ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण

रसड़ा (बलिया) : आम जनता की सुविधा के नाम पर वैसे तो बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं लेकिन धरातलीय हकीकत कुछ और ही है। बात चाहे बिजली की हो या पानी की चहुंओर हाहाकार मचा है। रसड़ा नगर पालिका द्वारा मोटी रकम खर्च करने के बाद बने शुद्ध पेय जल आरो प्लांट का आम जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है।
रसड़ा श्री नाथ बाबा मंदिर समीप बनें आरो प्लांट कई दिनों से बंद चल रहा है। जिसकी वजह से राहगीरों व लाभार्थियों को पेय जल के लिए भटकना पड़ रहा है। शासन द्वारा मोटी रकम खर्च करने के बाद रसड़ा नगर पालिका द्वारा रसड़ा श्री नाथ मंदिर परिसर में बनें शुद्ध पेय जल आरो प्लांट के कई दिनों से बंद पड़े होने की वजह से स्थानीय

लोगों के साथ साथ लाभार्थियों में भी काफी रोष देखने को मिल रहा है।
आपको बताते चलें कि आम जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की नीयत से लगाए गए आरओ ही सूख गए हैं। जिसकी वजह से आम आवाम को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। माननीयों ने इसके उद्घाटन के समय हर वक्त चलने का दावा भी किया था लेकिन अब माननीयों के दावे बेमतलब साबित होते दिखाई दे रहे हैं। वहीं लोगों का आरोप है कि जनता को आरो से शुद्ध पेय जल मिले या ना मिले लेकिन संबंधित व ठेकेदार कमीशनखोरी के चक्कर में जनता के नाम पर आरो को दिखाकर शासन से पैसा चूस चुके हैं। अब आरो चालू हो या बंद इससे किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता है।

# मामला थाना रसड़ा के ग्राम गोपालपुर का ध्यान दे जिला प्रशासन

श्रीश कुमार पाण्डेय "सन्तोष"

चिलकहर (बलिया) : थाना रसड़ा अंतर्गत ग्राम गोपालपुर में प्रधानमंत्री आवास निर्माण में दबंग व्यक्ति द्वारा अवैधानिक व्यवधान पैदा कर आवास विहीन लाभार्थी के उत्पीड़न का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम गोपालपुर के शिव कुमारी पत्नी चंद्रमा राजभर को प्रधानमंत्री आवास का धन मिला है जिससे वह अपना आवास बनवा रही थी जिसे एक दबंग व्यक्ति द्वारा अनाधिकार निर्माण कार्य को रोकवा दिया गया है।
लाभार्थी शिव कुमारी पत्नी चन्द्रमा राजभर द्वारा अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए कहा गया कि मै पुराने डीह की भूमि संख्या 857 जिसमें कई पुस्तो से हमारा परिवार आवाद हैं में आवासीय झोपड़ी बना कर रहती हूँ !उसी पर सरकार द्वारा दिये गये धन से अपना आवास बनवा रही है ! जिसे हमारे

गाँव के एक दवंग व्यक्ति विद्या पुत्र स्व0 मदन गुप्ता, कन्हैया पुत्र दया शंकर गुप्ता के परिवार जनों द्वारा अनाधिकार रोक मेरा आर्थिक एवं मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। पुछे जाने पर कि उस भूमि पर न्यायालय द्वारा कोई स्थगन तो नहीं है ?इस पर श्री मती राजभर ने कहा कि एक अन्य मामले में भूमि 866क पर न्यायालय का स्थगन है, जो हमारे आवास से सैकड़ों मीटर दूर है ! हमारा जो घर बन रहा है वह उससे कई नंबरों के बाद हमारी पैतृक भुमि 2106 के दक्षिण सिरे पर पुराने डीह एवं पैतृक भूमि के कुछ हिस्से पर बन रहा है, जिसका स्थगन का दूर दूर तक कोई संबंध नहीं है। श्री मती राजभर ने मुख्य मंत्री उप्र, जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी रसड़ा को प्रार्थना पत्र देकर आवास निर्माण में डाले जा रहे व्यवधान को समाप्त करा दवंग दोषियों के बिरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की मांग किया है।

# दस साल से अधिक हो गए आधारे तो जरूर कराए अपडेट-जिलाधिकारी आर्यका अखौरी

बिकास राय ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर। जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक सोमवारे की देर शाम जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में राइफल क्लब सभागार में हुई। इसमें जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को जनपद के नागरिकों के आधार अपडेशन के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी नागरिक, जिसको आधार बने हुए 10 साल या उससे अधिक हो गऐ है तो अपने नजदीकी आधार केंद्र जाकर आधारे को अपडेट जरुर कराये।
उन्होंने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरणे क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा गाजीपुर में आधार अपडेट के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है ताकि निवासी अपना आधार अपडेट आसानी से करा सके। इसके लिए विशेष आधार कैंपो का आयोजन किया जा रहा है। आधार अपडेस के लिए शून्ये से 1 वर्ष के बच्चों को स्वास्थ्य केंद्रो पर, 0 से 5 वर्ष के बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों औरे` 0 से सभी उम्र के व्यक्ति तक का सी.ए.सी. केंद्रों पर आधार अपडेशन किया जायेगा।

कहा कि जैसा की हम जानते है कि आधार एक अति महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ

मिलता है, इसलिए इसका अपडेटेड होना जरूरी और लाभदायक है। अगर आपका आधार अपडेटेड होता है तो आपको केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में बहुत आसानी होती हैं। आधार में एक खास फीचर है कि आप इसे आसानी से अपडेट करा सकते है। विशेष तौर पर अपना पता और मोबाइल नंबर हमेशा अपडेट रखे।
इस सन्दर्भ में निवासियों को सलाह दी जाती है कि अगर आपका आधार बने हुए 10 साल या उससे अधिक हो गया है तो अपना आधार अपडेट जरुर कराये। आधार अपडेट के लिए अपने पते का प्रमाण और पहचान का प्रमाण लेकर अपने नजदीकी आधार केंद्र आए और अपना आधार अपडेट करायें,` इसके लिए निर्धारित शुल्क 50 रुपये हैं। आप अपने पते का प्रमाण और पहचान का प्रमाण https://myaadhaar.uidai.gov.in/ से ऑनलाइन भी अपडेट कर सकते हैं, जिसके लिए निर्धारित शुल्क 25 रुपए है। अपने नजदीकी आधार केंद्र का पता जानने के लिए https://appointments.uidai.gov.in/bookappointment.aspx पर लॉग इन करें। आप आधार भुवन पोर्टल https://bhuvan.nrsc.gov.in/aadhaar के माध्यम से भी अपने नजदीकी आधार केंद्र की जानकारी प्राप्त कर सकते है।
गाजीपुर में आधार नामांकन और अपडेट करने के लिए लगभग 248 आधार नामांकन और अपडेट मशीन कार्यरत हैं। इन आधार नामांकन और अपडेट मशीनों ने पिछले एक महीने के दौरान लगभग 9145 नए आधार नामांकन और लगभग 20196 आधार अपडेट किए हैं। उत्तर प्रदेश में इस समय फैमिली आई.डी. बनाने का प्रोजेक्ट भी चल रहा है, जिससे आधार के माध्यम से बेहतर सुविधाए निवासियों को दी जा सकेगी। इस महत्वपूर्ण कार्य में अगर आधार में पहचान के दस्तावेज तथा पते के दस्तावेज अपडेट हैं तो सर्विसेज डिलीवरी में ज्यादा समन्वय हो पायेगा, ज्यादा पारदर्शिता आएगी।

## नीलगाय से टकराई बाइक, सवार दोनों हुए घायल

रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण

सिकंदरपुर (बलिया) : स्थानीय थाना क्षेत्र के नवरतन पुर चट्टी पर मंगलवार की सुबह बाइक व नीलगाय की टक्कर में बाइक सवार दोनों घायल हुए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के ह-ड़सर निवासी जयशंकर तिवारी (55) व माया शंकर सिंह (54) बाइक से सिकंदरपुर टेलीफोन एक्सचेंज में ड्यूटी करने आ रहे थे। अभी नवरतनपुर चट्टी पर पहुचे ही थे कि नीलगाय सामने से आकर बाइक से टकरा गई जिससे बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद जयशंकर तिवारी की स्थिति गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय के लिये रेफर कर दिया गया।

## ब्लाक प्रमुख के हाथों स्मार्टफोन पाकर छात्र छात्राओं में खुशी...

शंकर सिंह, दैनिक समाज जागरण

लक्ष्मणपुर (बलिया) : श्री सिद्धेश्वर नाथ आदर्श संस्कृत महाविद्यालय कोटवानारायणपुर में छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन दिया गया। स्मार्ट फोन मिलते ही उनके चेहरे खिल उठे।

मंगलवार को श्री सिद्धेश्वर नाथ आदर्श महाविद्यालय पर स्मार्ट फोन वितरण का कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख भाग्यमनी यादव विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अजीत कुमार राय और खंड विकास अधिकारी शिवांश वर्मा ने 25 छात्र छात्राओं में स्मार्ट फोन वितरण किया। भाग्यमनी यादव ने कहा कि इंटरनेट के युग में स्मार्ट फोन अत्यंत ही उपयोगी है। देश दुनिया की जानकारी के लिए स्मार्ट फोन सहायक सिद्ध साबित होगा लेकिन इसका गलत इस्तेमाल से नुकसान भी हो सकता है। समाजसेवी अजीत कुमार राय ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के भविष्य को बनाने में जो भी सहयोग होगा हम करते रहेंगे। इस मौके पर प्रबंधक डॉ चन्द्रशेखर उपाध्याय, प्राचार्य नंदेश्वर भंडारी, शिवेंद्र वर्मा, प्रधानाचार्य संजीव कुमार, खंड विकास अधिकारी शिवांश वर्मा,विष्णु दत्त पाण्डेय, प्रमोद भंडारी, चन्द्रशेखर राय, प्रतीक राय आदि लोग उपस्थित रहे।

## झाड़ियों में मिला नवजात, पुलिस ने किया चाइल्ड लाइन केयर सेंटर के सिपुर्द

कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : कोतवाली क्षेत्र के विद्याभवन नारायणपुर में गांव के बगल की झाड़ियों में एक नवजात बच्चा मिला। इसकी सूचना किसी ने प्रभारी निरीक्षक बांसडीह को दी। मौके पर पहुँचे प्रभारी पंकज सिंह ने सीडब्ल्यूसी के माध्यम से सूचना दी। जिस पर चाइल्ड लाइन केयर सेंटर के सदस्यों ने बच्चे को अपने सुपर्दगी मे लिया।

जानकारी के मुताबिक बांसडीह क्षेत्र के विद्याभवन नरायनपुर में सुबह एक नवजात बच्चा मिलने की सूचना पुलिस को 112 नम्बर पर मिली । और गांव में यह बात आग की तरह फैल गई। इसी बीच गांव की ही मानती देवी पत्नी पंचदेव राजभर ने बच्चा लेने की इच्छा जाहिर की। सीडब्लूसी की बाध्यताओं के वजह से मिला नवजात बच्चा चाइल्ड लाइन केयर सेंटर बलिया को सुपुर्द किया गया। बच्चा मिलने से क्षेत्र में अलग-अलग बातों की चर्चा हो रहा है।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, प्रधान प्रतिनिधि ने किया शुभारंभ

ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण

गड़वार (बलिया) : सघन स्वास्थ्य संचार अभियान अंतर्गत क्षेत्र के शाहपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राघवेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। शिविर के माध्यम से सैकड़ों लोगों का बीपी, सुगर तथा अन्य रोगों का जांच कर दवा वितरण किया गया। चिकित्सकीय टीम में सीएचसी रतसर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकिफ अख्तर, डॉ. कादिर, डॉ. आरके सिंह, एलटी पूर्णमासी, फार्मासिस्ट जितेंद्र सिंह, जयप्रकाश सिंह आदि रहे। इस मौके पर जयप्रकाश सिंह, अन्नू गुप्ता, कृष्णा देवी, रवींद्र नाथ सिंह, चंद्रभान सिंह मौजूद रहे।

## पुलिस की 23वीं अंतरजनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चंदौली की टीम रही विजेतो

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर। वाराणसी जोन पुलिस की 23वीं अंतर जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता -2022 का समापन पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा नेहरू स्पोर्ट स्टेडियम,गोरा बाजार में किया गया।पुलिस की विभागीय प्रतियोगिता में वाराणसी जोन की पुलिस की सभी टीमें प्रतिभाग कर रही थीं। फाइनल मैच जनपद चंदौली और बलिया के बीच खेला गया जिसमें चंदौली की टीम विजेता रही।विजेता टीम को कप्तान द्वारा पदक और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होने मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज घोषित खिलाड़ी को भी मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। अन्त में पुलिस कप्तान द्वारा सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने के लिए शुभकामनाएं देते हुए खेल के समापन की घोषणा की गई।

# नौ जुआड़ी चढ़ें भांवरकोल पुलिस के हत्थे,17 हजार नकदी बरामद

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

भांवरकोल- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के मसोन गांव से जुआ खेलते हैं कुल 9 जुवेड़ियों को धर दबोचा। मौके पर उनके पास दो गड्डी तास एवं लगभग ड्ड17000 नकद बरामद किया गया इस संबंध में थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि इधर कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि मसोन गांव में कुछ दिनों से गांव से पश्चिम एक बगीचे में तो कुछ जुवेडी.जुआ खेल रहे हैं । इस सूचना पर पुलिस के कुछ कर्मियों को सादे वेश में निगरानी के लिए लगाया गया था। इसी बीच थाना के एसआई विकास सिंह अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी बीच सूचना मिली की मसोन गांव के पश्चिम आंवले के बगीचे में कुछ जुआडी.इकट्ठा होकर जुआ खेल रहे है

इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल छापा मारकर मौके से कुल नौ जुआरियों को दो गड्डी तास तथा उनके पास तलाशी में लगभग ₹17000 नकद बरामद किया गया। गिरफ्तार जुआरियों में चंदन राय ,राकेश माली, नंदलाल चौहान, रोहित कुमार, योगेश राय उर्फ मिंटू, रंगीला चौहान, नारायणपुर थाना नरही जनपद बलिया के रहने वाले हैं। जबकि मनोज कुमार मसोन एवं हृदय नारायण चौधरी कोटवा थाना नरहीं, एवं अखिलेश श्रीवास्तव ग्राम बालापुर कोतवाली मुहम्मदबाद का रहने वाला है।गिरफ्तार सभी आरोपियों को वांछित धाराओं में कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया पुलिस टीम में एसआई विकास सिंह, हेड कांस्टेबल शिव प्रकाश यादव कांस्टेबल गौतम, अजीत कुमार, चंद्रभान, मोनू कुमार शामिल है।

# जन सहयोग से बड़ी से बड़ी समस्याओं का हल हो सकता है - फादर पी विक्टर

## कैंसर वेलफेयर सोसायटी लखनऊ को प्रधानाचार्य ने एक लाख अठानबे हजार का चेक दिया

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

सेंट जॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर, के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने कैंसर वेलफेयर सोसायटी, लखनऊ को एक लाख अठानबे हजार रुपए का चेक प्रदान किया।यह पैसा कैंसर के मरीजों के इलाज में खर्च किया जाएगा।इस पैसे को विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने जेब खर्च से बचाकर एकत्र किया था।इस अवसर पर फादर ने कहा कि जन सहयोग से बड़ी से बड़ी समस्याओं को हल किया जा सकता है।कैंसर जैसी बीमारी का इलाज गरीबों के लिए बहुत कठिन है।थोड़े-से सहयोग से किसी की जान बच सकती है अतः गरीबों,कमजोरों की सेवा में निरंतर अग्रसर रहना चाहिए।विद्यालय ही वह स्थान है जहाँ नियमित शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सहयोग की शिक्षा दी जाती है।यह सोसायटी ऐसे लोगों की सेवा करती है जो धन के अभाव में अपना इलाज नहीं करा पाते।विश्वास है कि इस राशि से कैंसरग्रस्त गरीब का इलाज होगा।

# एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : हलधरपुर पुलिस ने मंगलवार को चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर रतनपुरा बाजार रेलवे स्टेशन मोड़ के पास से पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त विजय यादव निवासी खजुरी थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# तो ऐसे... समाप्त हो जाएगा दोहरीघाट का अस्तित्व

- दम तोड़ रही करोड़ों की परियोजनाएं, खाई बना गौरीशंकर घाट
- सरयू के कटान से कस्बा सहित घाटों के अस्तित्व पर बढ़ा संकट
- मुक्तिधाम बचाने के लिए नदी की धारा मोड़ना ही एकमात्र विकल्प

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : मुक्तिधाम व गौरीशंकर पर नदी की गहराई दिन पर दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इससे करोड़ों के प्रोजेक्ट की परियोजनाएं पूरी तरह से दम तोड़ रही हैं। गौरीशंकर घाट पूरी तरह खाईं बनता जा रहा है। इसे देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो रहे है। सरयू के कटान से नगर सहित घाटों के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। मुक्तिधाम को बचाने के लिए तीस करोड़ की परियोजनाओं पर कार्य हुआ। इसमें पीचिंग, लांचिग पैड बना था, लेकिन सब नदी की धारा में विलीन हो गए। जलस्तर घटते ही सभी खामियां उजागर हो गईं है। नदी गौरीशंकर घाट पर बहुत गहरी हो गई है। नगर के पूर्व चेयरमैन व मुक्तिधाम के संस्थापक गुलाबचंद गुप्त ने कहा कि अब तो लगता है कि जब तक नदी की धारा मोड़ने के लिए चैनल से रेत नहीं काटा जाएगा तब तक मुक्तिधाम गौरीशंकर घाट व नगर को कटान से बचाना मुश्किल है। नई बाजार के समीप फोरलेन पुल बनने के बाद नदी की सीधी धारा गौरीशंकर घाट पर ही आकर टकरा रही है। इससे मुक्तिधाम से लेकर खाकी बाबा की कुटी तक सरयू की बैकरोलिंग हो रही है। इससे नदी की गहराई बढ़ रही है। पत्थर कटान रोकने के लिए डाले गए बोल्डर सब नदी में समाहित होते जा रहे हैं। नदी सतह से करीब तीस फीट नीचे चली गई है। नगरवासी भी नदी के उस पार रेत को काटकर नदी की धारा मोड़ने के लिए सिंचाई विभाग से गुहार लगा रहे है।

सरयू की धारा मोड़ने के लिए ड्रोजर चैनल के प्रयोग के लिए उच्चाधिकारों को पत्र लिखा जाएगा। अगर शासन से मंजूरी मिल गयी तो इस पर जल्द कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**जेपी यादव, कनिष्ठ अभियंता सिंचाई विभाग**

# लूदर्स कान्वेंट बालिका इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर । लूदर्स कान्वेंट बालिका इंटर कालेज में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन इस संस्था की संस्थापक प्रेरित रानी धर्म समाज की शताब्दी वर्ष के रूप में गीत, संगीत, नृत्य एवं नाटक आदि के माध्यम से मनाया गया। जिसका शीर्षक था अनुकम्पा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, वाराणसी धर्म प्रान्त के धर्माध्यक्ष डॉ0 यूजीन जोसेफ, प्रेरित रानी धर्म समाज की अध्यक्षा सि0 श्रुति, संस्था के शिक्षा सचिव सि0 वेन्डिक्टा, सि0 नेहा, एजुकेशन कोआर्डिनेटर तथा संस्था के प्रबन्धक सि0 प्रीति द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन किया गया। छात्राओं द्वारा ईश्वर को समर्पित प्रार्थना नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सिस्टर अल्फोन्सा द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान तिलक एवं बैज लगाकर तथा पौधा एवं अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया। तत्पश्चात वार्षिकोत्सव में पधारे जन-जन के स्वागत हेतु छात्राओं द्वारा स्वागत गीत ह्यअतिथि देवो भवःह्ण तत्पश्चात फादर बोडविग के जीवन पर आधारित अनुकम्पा से प्रेरित नृत्य नाटिका, उत्सव नृत्य, स्वास्थ्य ही धन है, अमृत महोत्सव एवं शास्त्रीय नृत्य, नारी सशक्तीकरण, नौ रस, सेना के सम्मान में श्रद्धांजलि, वन्दन नृत्य, उत्तर-दक्षिण का

विन्यास, कव्वाली, वालीवुड डान्स तथा संकल्प डान्स आदि रंगारंग विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्कूल की प्रगति आख्या स्कूल कैप्टन दीप्ति तथा वाइस कैप्टन शिखा द्वारा प्रस्तुत की गयी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। धर्माध्यक्ष डॉ यूजीन जोसेफ ने अपने सम्बोधन में कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति हेतु सभी की सराहना की एवं शुभकामनाएँ दीं साथ ही बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु कालेज के प्रयासों की सराहना की। प्रेरित रानी धर्म समाज की अध्यक्षा सि0 श्रुति द्वारा कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ईशा उपाध्याय, सौम्या लाल, समायरा अख्तर, श्रेया त्रिपाठी, पूजा यादव तथा हेब्सिबा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अन्त में छात्राओं सना, शिवांगी प्रधान, सबा तथा वाजिदा द्वारा सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान गाकर किया गया। इस अवसर पर पल्ली पुरोहित फादर अजय, लूर्द माता चर्च, फादर आनन्द, प्रधानाचार्य सेंट जान्स स्कूल, सि0 जमीला, प्रधानाचार्या सेंट मेरी स्कूल, फादर फेलिक्स राज प्रधानाचार्य हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर,कॉलेज प्रबन्ध सि0 प्रीति, अन्य माध्यमिक एवं राजकीय विद्यालय से आये प्रधानाचार्यगण, मा0शि0संगठन के सदस्यगण, अन्य विशिष्ट अतिथिगण, छात्राओं के अभिभावकगण, समस्त विद्यालय परिवार एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# डीएम के तल्ख तेवर,अनुपस्थित पांच एडीओ पंचायतों वेतन का वेतन काटने का निर्देश

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक
- सामुदायिक शौचालय बंद मिलने पर एडीओ पंचायतों से वसूली के निर्देश

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को पंचायती राज विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान विकासखंड घोसी, फतेहपुर मंडाव, रतनपुरा एवं परदहां के एडीओ पंचायतो के अनुपस्थित होने पर जिलाधिकारी ने उनका एक दिन का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए।

सामुदायिक शौचालय की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त एडीओ पंचायतों को नियमित रूप से सामुदायिक शौचालय खोलने के निर्देश दिए। सामुदायिक शौचालयों के बंद होने की स्थिति में एडीओ पंचायतों से वसूली करने के भी निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। व्यक्तिगत शौचालय की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत दोहरीघाट को कल तक 50

लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। जनपद में पंचायत भवनों के निर्माण की स्थिति की समीक्षा के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया की 310 के लक्ष्य के सापेक्ष 294 पंचायत भवन पूर्ण हो चुके हैं। जिलाधिकारी ने सभी पूर्ण पंचायत भवनों पर उपलब्ध आवश्यक सुविधाएं, कर्मचारियों के बैठने की स्थिति एवं ग्रामीण स्तर के अभिलेखों के रख रखाव की स्थिति की जांच रिपोर्ट 10 दिन के अंदर प्रस्तुत करने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। कायाकल्प के तहत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने स्कूलों पर कायाकल्प के तहत होने वाले कार्यों के सभी पैरामीटर्स पर संतोषजनक स्थिति ना होने पर एक महीने के अंदर उसे ठीक करने की कड़ी चेतावनी सभी एडीओ पंचायतों को दिए। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की चर्चा के दौरान जनपद में 24 ग्राम पंचायतों में से 19 ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायतों को इनका नियमित निरीक्षण कर अपनी जांच आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सफाई कर्मियों के गांव में कार्य करने की स्थिति, उनकी उपस्थिति की नियमित जांच करने के साथ ही उनके सर्विस बुक, जीपीएफ पासबुक आदि को अपडेट रखने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। बैठक के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला, एडीओ पंचायत बदराव, दोहरीघाट, रानीपुर एवं कोपागंज उपस्थित थे।

# हेल्थ एटीएम कक्ष में ताला बंद होने पर चिकित्सा अधीक्षक को लगाई कड़ी फटकार

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घोसी का जिलाधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण
- बाहर की दवा लिखने पर चिकित्सक को दी कड़ी कार्यवाही की चेतावनी

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घोसी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था ठीक ना होने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की रंगाई पुताई की जर्जर स्थिति, टूटी खिड़कियां एवं हेल्थ एटीएम कक्ष में ताला बंद हो पाए जाने पर जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक को कड़ी फटकार लगाते हुए परिसर में विशेष साफ सफाई के निर्देश दिए। हेल्थ एटीएम कक्ष के बंद ताले को खुलवाने के उपरांत

वहां कार्यरत कर्मचारी द्वारा ठीक ढंग से परीक्षण प्रक्रिया न कर पाने पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को तत्काल वहां पर प्रशिक्षित कर्मचारी रखने के निर्देश दिए, साथ ही कक्ष में पुनः ताला बंद पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। निरीक्षण के दौरान ही जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित मरीजों से भी बातचीत की एवं कुछ मरीजों द्वारा बाहर से दवा लेने का मामला संज्ञान में आने पर उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक एवं डॉक्टरों को कड़ी फटकार लगाते हुए बाहर की दवा ना लिखने की चेतावनी दी। दवा वितरण काउंटर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलदार घोसी को पिछले एक सप्ताह के दवा वितरण से संबंधित आपूर्ति एवं मांग की पूरी सप्लाई चेन की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने एंटी रेबीज टीका लगने के कक्ष, एक्स-रे कक्ष, पैथोलॉजी लैब एवं वार्डो का भी निरीक्षण किया। गोल्डन कार्ड बनाए जाने हेतु निर्धारित कक्ष के निरीक्षण के दौरान कार्ययोजना के अनुसार गोल्डन कार्ड ना बनाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इस संबंध में तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा. नरेश अग्रवाल सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

# घूस लेते संग्रह अमीन को एंटी करप्शन टीम ने किया गिरफ्तार

- मधुबन निवासी संजय गुप्ता की शिकायत पर हुई कार्रवाई
- व्यापार कर विभाग द्वारा जारी आरसी का निस्तारण का था मामला

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

मऊ : एंटी करप्शन टीम गोरखपुर ने मंगलवार को मधुबन में 15 हजार घूस लेते संग्रह अमीन राजेश लाल श्रीवास्तव रंगे हाथ मधुबन शिव मंदिर के समीप से गिरफ्तार किया। एंटी करप्शन टीम ने दोहरीघाट थाने
लाकर अग्रिम कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार दीक्षित ने बताया कि मधुबन

निवासी संजय कुमार गुप्ता ने 1 दिसंबर को गोरखपुर पहुंच कर एंटी करप्शन टीम को उक्त प्रकरण की शिकायत किया था। बताता कि व्यापार कर विभाग द्वारा जारी किए गए आरसी का निस्तारण 21 नवंबर 2022 को हो गया था। निस्तारण के प्रति राजेश लाल श्रीवास्तव अमीन को देने पर उनके द्वारा पैसा जमा करने का दबाव बनाया जा रहा था। निस्तारण होने के बाद अमीन द्वारा बार-बार आरसी का पैसा जमा कराने को कह रहे थे जमा ना करने के एवज में एवं निस्तारण की प्रति लेने की एवज में 15 हजार घूस की मांग किया था। संजय कुमार गुप्ता के शिकायत पर एंटी करप्शन टीम मंगलवार को मधुबन पहुंची संजय गुप्ता पुत्र राजेश प्रसाद निवासी गुप्ता गली मधुबन द्वारा संग्रह अमीन राजेश लाल श्रीवास्तव घूस देते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पैसा लेने के बाद संग्रह अमीन का हाथ धुल वाया एवं विधिक कार्रवाई के बाद टीम ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक उदय प्रताप सिंह, नरेंद्र कुमार सिंह, चंद्रभान मिश्रा, शैलेंद्र सिंह, दलीप कुमार, पंकज मौर्य, विजय प्रधान आदि शामिल थे।

# शारदा देवी के निधन पर लट्ठडीह में लगा शोक संवेदना प्रकट करने का तांता

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर के प्रमुख समाज सेवी अरविन्द राय अभियंता की मां शारदा देवी का निधन शनिवार को भोर में गाजीपुर में हो गया था। अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर सम्पन्न करने के पश्चात पूरा परिवार पैतृक गांव लट्ठडीह आ गया है। मुखाग्नि राजेश राय पप्पू के द्वारा दी गयी है। रविवार से ही शोक संवेदना प्रकट करने वाले लोगों का लट्ठडीह पहुंचने का तांता लगा है।

पूर्व मंत्री नारद राय, प्रोफेसर डाक्टर सानन्द सिंह, डाक्टर रजनीश राय,नरसिंह यादव, डाक्टर सुधीर श्रीवास्तव प्रधानाचार्य जनता जनार्दन इण्टर कालेज गांधीनगर, धनंजय प्रधान,अमृतेश राय,
पीयूष राय भाजपा नेता, अनिल राय जिला पंचायत सदस्य, विनोद राय गुड्डू, आलोक राय, कृष्णानंद राय, सम्पूणानंद उपाध्याय , नीरज यादव, कृष्णानंद यादव जज ,दिनेश पाण्डेय संजय सिंह पूर्व प्रधान, शैलेन्द्र राय, राजकुमार पांडे राजू बाबा, अभिषेक राय ब्रॉडवे,कमलेश राय शर्मा, मनोज राय,सतीश

चन्द्र राय गुड्डू, अश्विनी राय प्रधान राजापुर,दिनेश राय गुड्डू, पप्पू सिंह, टुनटुन राय, राजकुमार पाण्डेय पुजारी मां कष्टहरणी धाम करीमुद्दीनपुर,बिनोद राय गुड्डू, सत्यनारायण राय, विनोद शर्मा,श्याम बहादुर राय, मिथिलेश राय, राजेश्वर राय, प्रेमचंद गुप्ता, सुशील राय, मृत्युंजय राय बुल्लू समेत अन्य लोगों ने लट्ठडीह पहुंच कर स्व0 शारदा देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।सभी आगंतुकों ने राजेश राय पप्पू, अरविन्द राय अभियंता से मिल कर शोक संवेदना प्रकट किया। अरविन्द राय अभियंता ने बताया की श्राद्ध भोज एवं श्रद्धांजली का कार्यक्रम 15 दिसम्बर गुरूवार को सरजू राय मेमोरियल पी जी कालेज गांधीनगर में आयोजित किया जाएगा।

# एसडीएम व सीओ ने आगामी निकाय चुनावों को लेकर एक बैठक की

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा बिजनौर**

नगीना। तहसील परिसर में स्तिथ सभागार में सभासदों, नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों के साथ एसडीएम शेलेन्द्र कुमार व सीओ शुभ सूचित ने आगामी निकाय चुनावों को लेकर एक बैठक की।

इस मौके पर एसडीएम शेलेन्द्र कुमार ने बैठक में मौजूद सभासदों आदि से कहा कि आने वाले नगर पालिका परिषद के चुनावों का शांतिपूर्वक निष्पक्ष समापन कराया जायेगा जिसके लिये सभी के सहयोग की आवश्यकता है।उन्होंने कहा है कि चुनावों को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के

लिये प्रशासन पूर्ण रूप से मुस्तेद है।साथ ही किसी भी तरह की शरारत बर्दाश्त नही की जायेगी।इस मौके पर मौजूद सीओ शुभसूचित ने कहा कि चुनावों के मद्देनजर नगर में शांति व्यवस्था को और चुस्त दुरुस्त किया जा रहा है।सरकार के दिशा निर्देश पर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जायेगा।इस मौके पर नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक मदनपाल सिंह, इक़्तेदार आलम जैदी,मुहम्मद असलम,दिनेश कुमार,नितिन कुमार टिटू,सभासद मुअज्जम हुसैन रियाजी,संजीवदत्त शर्मा गोपाल,सिद्दीक मुल्तानी,सय्यद फिरोज हैदर जैदी,सुशील कुमार,रमन,हर्ष विशनोई, नूर कमर, मुहम्मद राकीम,अशोक कुमार,मुहम्मद राशिद,आदि की मौजूदगी रही।

# अंबेडकर का परीनिर्वाण दिवस पुष्पांजलि अर्पित कर एवं विचार गोष्ठी आयोजित कर मनाया

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा बिजनौर**

नगीना डा. भीमराव अंबेडकर का परीनिर्वाण दिवस पुष्पांजलि अर्पित कर एवं विचार गोष्ठी आयोजित कर मनाया।

प्रातः 9:00 बजे से ही अंबेडकर पार्क नगीना में डा.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर प्रबुद्ध बौद्ध महासभा, अंबेडकर स्मारक समिति, गुरु रविदास विश्व महापीठ, एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित कर डॉ भीमराव अंबेडकर को नमन किया। एवं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अमर रहें के नारे लगाएं।

प्रातः 10:00 बजे से एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे इस अवसर पर गुरु रविदास विश्व महा पीठ के राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहित रवि ने कहा कि हमें अपने बच्चों को अनिवार्य

रूप से शिक्षा देनी चाहिए जिसके लिए चाहे एक रोटी कम खानी पड़े, समाज को नशे रूपी दानव से बचाना है एवं पंचशील का पालन करना है। दो बालिकाओं पल्लवी एवं प्राची ने कविता के माध्यम से अपनी बात रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विक्रम सिंह बौद्ध एवं कोमल सिंह ने संयुक्त रूप से की एवं संचालन सूर्यकांत गौतम ने किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता रोहित रवि,शैलेंद्र राज, इंजीनियर सरल बौद्ध, आदि राठौर, प्रेम सिंह, देशराज सिंह, भूरे सिंह, राम गोपालदास,मास्टर जसराम, रजत कुमार, डॉ धर्मेंद्र, प्रवेश कुमार, सुमित कुमार, अमन सिंह, रविंद्र कुमार, विपिन कुमार, सुमित कुमार, डॉक्टर अवनीश, कैलाश सिंह, रमेश सिंह, मास्टर सतपाल, नरेंद्र प्रधान, रोनी कुमार, दिनेश सिंह, शुगम प्रधान, एवं समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# 31 दिसम्बर तक करायें फसल बीमा हेतु पंजीकरण

**दैनिक समाज जागरण बिजनौर विकास शर्मा**

बिजनौर 06 दिसम्बर, 2022:- उप कृषि निदेशक गिरीश चन्द ने जनपद के कृषकों को सूचित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत जनपद बिजनौर की रबी सीजन की अधिसूचित फसलें यथा गेंहू, मसूर, सरसों तथा आलू हैं। इन फसलों का बीमा कराने हेतु पंजीकरण की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर 2022 निर्धारित है। गेंहू की प्रीमियम धनराशि रू0 998, सरसों रू0 851, मसूर रू0 696 तथा आलू रू0 7470 प्रति है0 निर्धारित की गयी है।

उप कृषि निदेशक गिरीश चन्द ने कहा कि ऐसे कृषक भाई जिन्होने बैंकों से के0सी0सी0 (किसान क्रेडिट कार्ड) लिया है और अपनी उक्त फसलों का बीमा नहीं कराना चाहते हैं, वह 31 दिसम्बर 2022 से एक सप्ताह पहले अर्थात 24 दिसम्बर 2022 तक अपने से सम्बन्धित बैंक शाखा में लिखित रूप से सूचित करें कि वह फसल बीमा का लाभ नहीं लेना चाहते हैं।

मन की बात
समाज जागरण NEWS
समाज जागरण के साथ
आप अपने मन की बात एक फोटो के साथ दें
हम उसे प्रमुखता से समाज जागरण में प्रकाशित करेंगे
7489697916
vatankiawaz@gmail.com
ojha.jagran@gmail.com
रमन कुमार झा
संपादक

# नगर में चार दुकान पर जीएसटी का छापा,नगर व्यापारियों में हड़कम सेकड़ो दुकाने बंद।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़ नगर में बिजनोर से आई जीएसटी विभाग की टीम ने दोपहर के समय दो मुर्गा बियार्नी सहित चार दुकानों पर छापा मार कर दुकानदारो से उनके प्रति दिन के आय व्यय व अन्य जानकारीयां हासिल की वही प्रत्येक जीएसटी के अंतर्गत आने वाले व्यापारी से अपना पंजीकरण कराने की अपील की ।टीम में मुख्य अधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि सरकार द्वारा प्रत्येक नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापार कर रहे छोटे बड़े व्यापारियों से जीएसटी अदा करने की अपील की जा रही है।वही इसके लिये ब्यूटी पारलर,मसाज शॉप व अन्य सेवा देने वाले दुकानदार भी शामिल किए गये है ।प्रत्येक व्यापारियों को अपना रजिस्ट्रेशन कराने के लिये ऑनलाइन सुविधा है दुकानदार को कही भी जाने की आवश्यकता नही है। वो अपने मोबाइल से या कम्प्यूटर पर जाकर करा सकते हैं वहीं राज्य कर जीएसटी टीम के पहुंचते ही नगर के वयापारीयो में हड़कंप मच रहा ।पुलिस सहित करीब दर्जन भर लोगो की टीम नगर में लगभग 3 घण्टे जमी रही ।जिससे व्यापारियों में हड़कम मचा रहा ।वही टीम की मौजूदगी तक नगर की दर्जनों दुकान बन्द रही। जांच कर्ता टीम में विभाग अनुसंधान आयुक्त हरिनाम सिंह सचान ने कहा कि हर दुकानदार को अपना पंजीकरण करना चाहिए। जिनका टर्न ओवर इसकी जद में आता है जीएसटी कर उन्ही के लिये देय है। इससे किसी कोई घबराने की आवश्यकता नहीं है। मौजूद टीम में बिजनोर से आयुक्त हरिनाम सिंह सचान, शिव प्रकाश तिवारी आयुक्त, सुरेन्द्र सिंह सहायक,अशोक कुमार सिंह वाणिज्य कर अधिकारी, सहित पुलिस दल मौजूद रहे

# यात्रियों को लेकर पंजाब जा रही डबल डेकर बस पलटी! यात्री घायल

-एआरटीओ की कार्यशैली से यात्रियों की जान को खतरा!
-भूसे और जानवर की तरह प्राइवेट बसों में भरे जा रहे हैं यात्री!

**एसपी तिवारी, दैनिक समाज जागरण**

लखीमपुर-खीरी : कोतवाली मैलानी क्षेत्र के बरगद चौकी जंगल मे डबल डेकर बस पलटने के दुःखद हादसे में कई यात्री बुरी तरह घायल हो गये हैं। लंबे समय से अवैध रूप से संचालित प्राइवेट बसों को एआरटीओ खीरी का खुला संरक्षण प्राप्त बताया जाता है। हादसे के बाद तत्काल मौके पर पहुंचे एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह ने घायलों के हाल जानने के बाद बताया की सभी यात्री सुरक्षित है जो घायल हैं उन्हें समुचित इलाज हेतु स्वास्थ्य केन्द्र भेज दिया गया है।

प्रशासन की तरफ से घायलों के बेहतर ईलाज की देखरेख की जा रही है। घटना स्थल पर उपजिलाधिकारी गोला अनुराग सिंह,तहसीलदार आशीष सिंह व गोला विनोद गुप्ता सहित मौके पर भीरा थाना व मैलानी थाना पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा वहीं प्रशासन द्वारा यात्रियों को दूसरे वाहनों से भेजा गया। उल्लेखनीय है कि लगभग एक माह पूर्व शारदा नदी पुल पर इसी ट्रांसपोर्टर की पलटते-पलटते बची थी अगर तभी परिवहन विभाग संज्ञान लेता तो भूसे जैसी भरी बस में यात्रियों को दुर्घटना से बचाया जा सकता था। परिवहन विभाग के दलालों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि लखीमपुर से लेकर लखनऊ तक परिवहन अधिकारियों की दलाली करने वाला अंशुमान दलाल अवैध ट्रांसपोर्टरों से मोटा पैसा वसूलता है, इसके मोबाइल नम्बरों की काल डिटेल्स से परिवहन माफिया व अधिकारियों के मध्य गठजोड़ का खुलासा हो सकता है।

बीती शाम चालक की लापरवाही से अनियंत्रित होकर बस मैलानी- भीरा मार्ग पर पलट गई थी, पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए एम्बुलेंस द्वारा नजदीकी अस्पताल में भिजवाया गया और बाकी यात्रियों को उनके गंतव्य स्थान तक भिजवाया गया।

राहुल सिंह - थानाध्यक्ष मैलानी

## विवाहिता ने पति समेत तीन लोगों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़ के क्षेत्र एक महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, जेठ ,पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही जांच कर कार्रवाई जायेगी जानकारी अनुसार अंजलि डोवार्याल क्षेत्र कादराबाद का विवाह हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार दिनाक19.11.21 को प्रकाश सेमवाल पुत्र स्व श्री कैलाश प्रेमनगर देहरादून के साथ हुआ था। मेरे माता-पिता ने अपनी हैसियत से अधिक दानदहेज दिया था उसके ससुराल वालो की सभी इच्छा पूरी करते हुऐ कर्ज लेकर 20 लाख रू0 से अधिक खर्च किये थे। लेकिन जगदम्बा, सेमवाल, व जेठ विजय सेमवाल निवासी सुधोवाला निकट वी0एफ0टी0 कालेज थाना प्रेमनगर देहरादून शादी के कुछ समय बाद ही एक बुलैट व 5 लाख रुपये लाने की दबाव बना रहे थे। माग पूरी ना करने पर प्रार्थनी को शारीरिक व मानसिक रुप से उत्पीडन करते आ रहे है। शादी के बाद से ही पति पीड़ित के साथ जबरदस्ती अप्राकृतिक, जेठ भी आपत्तिजनक हरकत करता था परेशान होकर अपने पिता के घर आ गयी और वर्तमान मे पिता के घर रह रही है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है ।जिसपर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।कोतवाल मनोजकुमार सिंह ने आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही है।

## बन्दर की मौत के बाद ग्रामीणों ने विधि-विधान से किया अंतिम संस्कार

*

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़ क्षेत्र कालागढ़ मार्ग में वाहन की चपेट में आने से एक बंदर की दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने चादर लपेटकर गंगा किनारे उसका अंतिम संस्कार किया।कादराबाद स्थित बीएसए इंटर कालेज के सामने किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक बंदर की मौत हो गई। गनीमत रही कि अन्य कोई बन्दर अंधेरा होने के चलते आसपास नही था। अन्यथा अन्य बन्दरो के साथ होने पर किसी भी राहगीर को काटकर घायल कर कर देने की पूरी सम्भावना थी।मंगलवार की सुबह घटना की सूचना पर ग्राम प्रधान कैलास चंद सहित अन्य कई ग्रामीण उनका मानना है कि बंदर हनुमान जी के रूप हैं। ये भगवान राम की सेना हैं। हर किसी को वन्य जीवों का सम्मान करना चाहिए। मोके पर पहुँच गए जिन्होंने बन्दर के शव को कपड़े में लपेट कर सम्मान सहित गांव के बाहर गंगा किनारे अंतिम संस्कार कर दिया। जिससे राहगीरों ने भी राहत की सांस लो। इस मौके पर प्रधान कैलाश चंद सहित संदीप, मनोज, राहुल, कालू कई ग्रमीण मौजूद रहे।

# सीडीओ के आदेश के बाद घुरघुट्टा बुजुर्ग में अनियमितता की जाँच को पहुँची टीम

**एसपी तिवारी, दैनिक समाज जागरण**

लखीमपुर खीरी : स्वच्छ भारत मिशन कार्यों में की जा रही अनियमितताओं की शिकायत मुख्य विकास

अधिकारी के संज्ञान में आने के बाद अनियमितताओं की जाँच को ग्राम पंचायत घुरघुट्टा बुजुर्ग विकास खण्ड धौरहरा का स्थलीय सत्यापन विकास खण्ड की टीम द्वारा किया गया।

**टीम के सदस्यों में सहायक विकास अधिकारी मुन्नालाल,आलोक शुक्ला,सहायक कार्यक्रम अधिकारी शोहेब आदि स्थलीय निरीक्षण करने पहुँचे।**

मौके पर पंचायत सचिव सावन सिंह,ग्राम रोजगार सेवक श्यामू सहित ग्राम प्रधान उपस्थित रहे जिनके सामने प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत सूची का सत्यापन कर पात्रों का चयन किया गया तथा अपात्रो का नाम डिलीट किया गया।घुरघुट्टा बुजुर्ग में बन रहे इंटरलॉकिंग में प्रयोग हो रहे ईट जिससे एजिंग बन रही है मानक विहीन है पाई जाने पर उसको तत्काल बदलने हेतु निर्देशित किया गया है।कार्यों में अनियमितता पाये जाने पर तकनीकी सहायक का स्पष्टीकरण भी उक्त के संबंध में मांगा गया गौरतलब है कि तकनीकी सहायक पूर्व सूचना के बावजूद मौके से अनुपस्थित रहे। जाँच टीम ने मौके पर कार्य की गुणवत्ता देखकर कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि तकनीकी सहायक संजय द्वारा कार्यस्थल पर समय नहीं दिया जा रहा है जो कि अत्यंत चिंताजनक है। ईंट,रोड़ा तथा एजिंग की गुडवत्ता का ध्यान रखने के कड़े निर्देश दिये गये। स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाने वाले अधिकारियों की कारगुजारी तब सामने आई जब पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि उसकी सफाई महीनों से नही हुई है,सफाई कर्मी को नोटिस निर्गत करते हुए चेतावनी निर्गत की गई। पंचायत भवन की बाउंड्री वाल ग्राम निधि से बनाने के निर्देश दिए गए तथा विद्युत कनेक्शन लेने को कहा गया। बाजार हाट का शिलान्यास 3 माह पूर्व हुआ था परंतु अभी तक कार्य प्रारंभ नही हुआ है जिसके लिए काफी रोष व्यक्त किया गया है।

# वाणिज्य कर विभाग की छापेमारी के खिलाफ व्यापारी नेताओं में आक्रोश

**एसपी तिवारी, दैनिक समाज जागरण**

लखीमपुर खीरी : वाणिज्य कर कि बाहर से आई टीम के द्वारा सोमवार को विभिन्न व्यापारियों की दुकानों पर छापेमारी की सूचना पर व्यापारी नेताओं का गुस्सा फूट पड़ा। मंगलवार को दोनों व्यापार मंडल के नेताओं ने बड़ी संख्या में व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद आक्रोशित व्यापारी नेताओं ने शहर में जुलूस निकाला साथ ही वाणिज्य कर कार्यालय का घेराव किया।

**-व्यापारी नेताओं ने शहर में निकाला जुलूस वाणिज्य कर कार्यालय का किया घेराव!**
**-नगर व्यापार मंडल दोनों गुटों के पदाधिकारी ने जाहिर की नाराजगी!**

बता दें कि सोमवार को वाणिज्य कर विभाग के उपायुक्त के नेतृत्व में पुलिस सहित आई विभागीय टीम ने शहर के कई दुकानदारों की दुकानों पर छापा मारकर पूंछतांछ की और कागजात मांग कर देखे थे। बिना किसी जानकारी

के वाणिज्य कर की टीम के द्वारा व्यापारियों की दुकानों पर की गई छापेमारी को लेकर मंगलवार को नगर व्यापार मंडल मिश्र गुट व नगर व्यापार मंडल कंछल गुट के पदाधिकारियों ने आपातकालीन बैठक की। बैठक में व्यापारी नेताओं के साथ बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल हुए। बैठक के बाद व्यापारी नेताओं की अगुवाई में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने शहर में जुलूस निकालते हुए अपना विरोध दर्ज किया। विरोध जुलूस वाणिज्य कर कार्यालय पर पहुंचा जहां अधिकारियों का घेराव किया गया। व्यापारी नेताओं का कहना था कि टीम के द्वारा बिना किसी सूचना के जो कार्रवाई की गई है वह व्यापारियों का उत्पीड़न है। व्यापारी नेताओं का कहना था कि वाणिज्यिक कर अधिकारियों के द्वारा जर्नल सर्वे बंद किए जाएं। बैठक में व्यापारी नेताओं ने कहा कि व्यापार मंडल का एक दल मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस समस्या को उनके समक्ष रखेगा। इस दौरान नगर व्यापार मंडल मिश्र गुट के अध्यक्ष अनूप मिश्रा, तहसील अध्यक्ष बलराम गुप्ता, चांद कुमार जैन जफर अहमद टीटू सहित समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं नगर व्यापार मंडल कंछल गुट के अध्यक्ष गौरव गुप्ता, जिले के पदाधिकारी अमित महाजन सहित बड़ी संख्या में व्यापार मंडलों के पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

# असम करीमगंज जिले हाफानिया के कानाईबाजार मदरसा में तहफिजुल कुरान के दो दिवसीय परीक्षा संपन्न।

**असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण :**

मुसाबाकातुल कुरान 3/4 दिसंबर 2022 शनिवार और रविवार को करीमगंज जिले के कानाईबाजार के पास मदरसा में तहफिजुल कुरान हाफानिया मैदान परिसर में आयोजित किया गया। वह परीक्षण मौलाना कारी अबुल कलाम अल कासेमी, मौलाना मुफ्ती कारी शहाबुद्दीन अल

कासेमी, मौलाना मुफ्ती अंसार हुसैन अल कासेमी द्वारा आयोजित किया गया था। मौलाना हाफिज कारी दीदार मो. जाहांगीर चौधरी। मौलाना कारी सैयद शाहनवाज आलम, मौलाना हाफिज कुतुब उद्दीन अल कासेमी, पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. बदरुल हक और बाहरी के रूप में मौलाना जलाल उद्दीन, प्रभारी मौलाना डॉ. जैनुल हक थे। प्रोफेसर पाथारकंडी कॉलेज और डॉ. चालिकुज्जमांन प्रोफेसर पाथारकंडी कॉलेज। मौलाना मिस्बाह अहमद परीक्षा के प्रभारी थे और मौलाना हाफिज शहाबुद्दीन केंद्र के प्रभारी थे। परीक्षा को दो ग्रुप में बांटा गया था, एक ग्रुप में सभी मकतब और स्कूल के छात्र थे दूसरे समूह में मदरसा के छात्र मदरसा परीक्षा में नॉर्थ ईस्ट इंडिया बेसिक थे। उस परीक्षा का पहला पुरस्कार स्वर्ण पदक, दूसरा पुरस्कार रजत पदक, तीसरा पुरस्कार कांस्य पदक होगा। इसके अलावा, सभी मेधावी छात्रों के लिए एक विशेष पुरस्कार है ए के एम कामिल हुसैन और अध्यक्ष मौलाना कारी अबू बकर सिद्दीकी उनके साथ सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# देश के सभी लोगों को अंबेडकर जी के बनाए संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए।

**रिपोर्ट:-सलीम खान/आसिम अजीज**

रामपुर। कांग्रेस जन जिला कांग्रेस कार्यालय हिमायत उल्लाह मार्किट पर एकत्रित हुए कांग्रेस जनों ने संविधान निमार्ता व भारतरत्न से सम्मानित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान कांग्रेस जनों ने अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को याद करते हुए जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता ने कहा कि अंबेडकर जी विपुल प्रतिभा के छात्र थे। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधियाँ प्राप्त कीं तथा विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य भी किये थे।

व्यावसायिक जीवन के आरंभिक भाग में वे अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे एवं वकालत भी

की तथा बाद का जीवन राजनीतिक गतिविधियों में अधिक बीता था।

शहर अध्यक्ष नोमान खाँ ने कहा कि अंबेडकर जी भारत की स्वतंत्रता के लिए प्रचार और चचाओं में शामिल हो गए थे और पत्रिकाओं को प्रकाशित करने, राजनीतिक अधिकारों की वकालत करने और दलितों के लिए सामाजिक स्वतंत्रता की वकालत की और भारत के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। कांग्रेस के अन्य वक्ताओं ने अंबेडकर जी के बनाए संविधान पर प्रकाश डालते हुए कहा कहा कि कांग्रेस पार्टी अंबेडकर जी के बनाए संविधान की रक्षा के लिए सदैव सजग हैं और हमेशा बाबा साहब के सिद्धांतों का अनुसरण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि देश के सभी लोगों को अंबेडकर जी के बनाए संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी मामुन शाह खाँ,एजाज खाँ,दिव्यांश सिंघल,अकरम सुलतान,शकील मंसूरी,इरफान मंसूरी,मोअजजम खाँ,तबिश खाँ,शैजी सैफी,रहमान अली आदि लोग उपस्थित रहें।

# नाबार्ड के सहयोग से संचालित रोशनी स्वयं सहायता समूह को आबंटित ग्रामीण दुकान का उदघाटन

**ओंकार नाथ चौधरी समाज जागरण**

जनपद बलरामपुर विकास खंड हरैया सतघरवा जनपद बलरामपुर में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड ) द्वारा सहायतित ग्रामीण दुकान कारदायक रोशनी महिला स्वयं सहायता समूह सुगमकर्ता ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के उद्घाटन समारोह में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को निरन्तर आगे बढ़ने के लिए उत्साहित किया गया और ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि महिलाओं को प्रशिक्षण दिलाकर अधिक से अधिक अच्छे से रोजगार से जोड़ना है नाबार्ड के सहयोग संचालित ग्रामीण दुकान से समूह की महिलाएं आर्थिक स्थिति से मजबूत होगी

डी०डी०एम०नाबार्ड बलरामपुर श्री बृजराज साहनी ने कहा कि की महिलाएं रोजगार करके अपना घर परिवार सुदृढ़ करें और बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला सकें नाबार्ड हर सम्भव स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए प्रयास रत है इस अवसर संयुक्त विकास खंड अधिकारी विजय शंकर मणि ने महिलाओं को कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अच्छे से उत्पाद तैयार कर नाबार्ड द्वारा सहायतित दुकानों पर उपलब्ध कराकर विक्री कराने का प्रयास करें इस अवसर पर ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान की सामाजिक कार्यकर्ता मीरा रानी, राहुल जी, व्लाक मिशन मैनेजर मुस्ताक जी,शुभम जायसवाल, सन्तोष यादव, पंचायत सचिव विकास श्रीवास्तव, प्रधान शिवपुरा भरतलाल दुकान संचालिका सलमा के साथ पूनम जायसवाल, रेशमी,सकीना बानो,संजू देवी, प्रतिमा वर्मा, अमीना,सीतापति, रीता, ममता देवी, राधिका देवी,वृजरानी विश्वकर्मा आदि प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया

# बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने पर जोर, उनकी कम उम्र में शादी न करने पर आयोजित किया गया नुक्कड़ नाटक।

ओंकार नाथ चौधरी समाज जागरण

जनपद गोंडा में ब्लॉक कटरा बाजार के ग्राम पंचायत बसभरिया में श्रम विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से संचालित नया सवेरा योजना के अन्तर्गत बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल हिंसा, बाल शोषण के उन्मूलन हेतु जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन संस्कार संस्था कानपुर द्वारा कार्यक्रम सपनो की उड़ान के अन्तर्गत किया गया। कार्यक्रम में संस्था के द्वारा ग्राम पंचायत पर आउट ऑफ स्कूल बच्चों का डोर टू डोर सर्वे किया गया। सर्वे में आगनवाड़ी कार्यकत्री मीरा पांडेय, प्रधान अध्यापक अब्दुल मुबीन का सहयोग किया गया।

कार्यक्रम में टीआरपी चंद्रेश के द्वारा श्रम विभाग की संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, पुत्री विवाह योजना, मृत्यु अंत्येष्ठि योजना, बाल श्रमिक विद्या योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल श्रम उन्मूलन व बाल विवाह उन्मूलन पर प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमे समुदाय के लोगों को बाल विवाह, बाल श्रम व उससे होने वाले दुष्प्रभाव, स्कूल चलो के बारे के विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मनीष जैसवाल बी. एम. सी. हेल्थ के द्वारा बच्चों के नियमित टीकाकरण के बारे के बताया गया। पं. परम हंस तिवारी जी ने लोगों बच्चों से काम न करवाने उनको स्कूल भेजने, उनकी कम उम्र में शादी का करने को अपील की साथ यह भी संकल्प लिया कि इस ग्राम में कोई भी बाल विवाह न हो साथ की वह जो भी शादी करवाएंगे बाल विवाह को श्रेणी में आए। जीशान अंसारी टीआरपी ने कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य व कोविड, विधवा पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी गई। बीट कांस्टेबल सुनील कुमार यादव ने 1098, 1090 और 112 हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर अध्यापक अब्दुल मुबीन ने कहा कि बाल श्रम एक अपराध है बच्चों से बाल श्रम न करवाए और बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए अभिभावक को प्रेरित किया। इस मौके पर श्रम विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज्य विभाग, स्वास्थ विभाग और बाल विकास पुष्टाहार विभाग के कर्मचारी गण उपस्थिति रहे।

# बेहतर शिक्षा देकर छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारें गुरूजन-जिलाधिकारी

ओंकार नाथ चौधरी समाज जागरण

श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने विकासखण्ड इकौना के अन्तर्गत केन्द्रीय प्राथमिक विद्यालय इकौना.का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में अध्यापकों की उपस्थिति एवं नामांकन के सापेक्ष छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जांच कर प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि पंजीकृत छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें। इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की भी जांच किया। उन्होने बच्चों से उनके विषय से सम्बन्धित प्रश्न भी पूछे, जिस पर सही जवाब दिये जाने पर उनकी पीठ भी थप-थपायी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में किचन, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर जायजा लिया और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी बच्चों के अभिभावक की भूमिका निभा कर उन्हे निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निःशुल्क जूता-मोजा, स्कूल बैग एवं मध्यान्ह भोजन मुहैया करा रही है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा के उजियारे से वंचित न रहने पावे। इसलिये गुरूजनों का भी दायित्व बनता है कि वे अपने दायित्वों को बाखूबी निभावें और नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिक्षित कर उनके भाग्य हो संवारे और अभिभावकों के विश्वास पर खरे उतरें। साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अभिभावकों से अपील किया है कि अपने बच्चों को विद्यालय प्रतिदिन भेजे, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। जिलाधिकारी ने बी0एस0ए0 से लेकर खण्ड शिक्षा अधिकारियों तक नियमित विद्यालयों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त रखने का निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि समय-समय पर विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा, यदि निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में कोई कमी मिली तो सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक से लेकर खण्ड शिक्षा अधिकारियों पर भी कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी इकौना रोहित सहित विद्यालय के अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण विकास खंड रेहरा बाजार का शुभारंभ

**ओंकार नाथ चौधरी समाज जागरण**

जनपद बलरामपुर क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दी गई विकास योजनाओं की जानकारी राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत देवीपाटन मंडल गोंडा के जनपद बलरामपुर डीपीआरसी पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण विकास खंड रेहरा बाजार का शुभारंभ आज दिनांक 06.12. 2022 को जिला विकास अधिकारी महोदय बलरामपुर द्वारा किया गया प्रशिक्षण में प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा क्षेत्र पंचायत के गठन,क्षेत्र पंचायत की समितियां,क्षेत्र पंचायत विकास योजना, 15वां वित्त व पंचम राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन फेस टू, ओडीएफ प्लस, मातृभूमि योजना,ओएसआर, पंचायत पुरस्कार, (राष्ट्रीय व राज्य स्तर) ई गवर्नेंस विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है- श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्रावस्ती

**ओंकार नाथ चौधरी समाज जागरण**

जनपद श्रावस्ती में श्रम विभाग और यूनिसेफ के सहयोग से चलाई जा रही बालश्रम और बाल विवाह पर जन जागरूकता अभियान के आज 11वे दिन विकास खंड इकौना के ग्राम पंचायत गनेशपुर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया।

आज दिनांक 6-12-2022 को आयोजित जन जागरण में प्रतिभाग किये जनपद श्रावस्ती के श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री दिनेश विश्वकर्मा जी ने बताया कि 14 वर्ष आयु से कम के बच्चो से मजदूरी कराना अपराध है इसके लिए मजदूरी कराने वाले को बीस से पचास हजार रुपये का जुमार्ना और 2 वर्ष तक की सजा हो सकती है। प्रधानाचार्य उच्च प्राथमिक विद्यालय गनेशपुर संजय सिंह ने शिक्षा के महत्त्व के विषय मे बताया और लोगो से अपील किया कि वो अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय जरूर भेजे। इसी तरह ग्राम प्रधान श्री अनिल द्विवेदी ने अपने ग्राम पंचायत के लोगो से बालश्रम ना कराने की बात कही। संस्कार संस्था के सदस्यों के द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर बालश्रम और बाल विवाह पर जागरूक करने के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओ की भी जानकारी दी।

16 दिवसीय अभियान का बारहवां दिन।

## समाज के गलत धारणा की वजह से महिलाएं और लड़कियां हिंसा की शिकार हो रही है- सोनी यादव

**ओंकार नाथ चौधरी समाज जागरण**

लखनऊ। महिलाओं और लड़कियों पर हो रहे हिंसा और जेंडर आधारित भेदभाव के खिलाफ इनिशिएटिव फाउण्डेशन इंडिया द्रारा 16 दिवसीय अभियान के तहत विभिन्न इलाकों में बादलखेड़ा, जाहिदनगर, सलेमपुर,ग्वालपुर मे जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान इनिशिएटिव फाउण्डेशन इंडिया की यूथ कोऑर्डिनेटर सोनी ने कहा कि समाज के गलत धारणा की वजह से महिलाएं और लड़कियां हिंसा की शिकार हो रही है। उन्होंने कहा कि समाज की धारणा ये हैं कि महिला हिंसा का मतलब प्रत्यक्ष रूप से सामने दिखने वाली चोट महिला हिंसा है, जबकि इस धारणा से बाहर निकलकर लोगों को देखने और सोचने की जरुरत है। संस्था की वालेंटियर शिवानी ने कहा कि कार्यस्थल पर लैंगिक असमानता, यौन शोषण और महिलाओं के पहनावे, रहन-सहन, आने-जाने पर ताने कसे जाते हैं जिससे महिलाएं मानसिक रूप से प्रताड़ित होती हैं। आज 16 दिवसीय अभियान के बारहवें दिन संस्था की संस्थापक सदस्य पूजा ने कहा कि हिंसा ग्रसित महिला, किशोरी, ट्रांसजेंडर, महिला कर्मी, महिला मजदूर की गरिमा को बनाए रखने के लिए और उनके साथ हो रहे भेदभाव को मिटाने के लिए जागरूकता जरूरी हैं।

आज के जागरूकता अभियान में तन्नो, महिमा, सपना, सूरज सहित संस्था की नेतृत्वकारी महिला,किशोरी लड़कियां और समुदाय के सैकड़ों लोगों ने सुबह से शाम बजे तक हस्ताक्षर अभियान चलाया और जागरूकता रैली निकाली और महिलाओं से जुड़ी कानूनी अधिकार के पर्चें बाट लोगों को जागरूक किया। जागरूकता अभियान के तहत कल शाम 7 बजे बुद्धेश्वर में हिंसा और भेदभाव के खिलाफ मशाल जूलूस निकाली जायेगी

## डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर धम्म शान्ति यात्रा निकली

**समाज जागरण मनोज यादव जिला ब्यूरो अमेठी**

अमेठी।अंबेडकर कल्याण समिति जनपद अमेठी के तत्वाधान में परम पूज्य बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 67 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर जनपद स्तरीय पंचशील भ्रमण (धम्म शान्ति यात्रा आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। संपूर्ण जनपद में बाबा साहब के अनुयाई परम पूज्य बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अंबेडकर कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र बौद्ध जी के अगुआई में पंचशील भ्रमण का आयोजन मुंशीगंज अम्बेडकर मार्केट से चलकर,सराय खेमा, महमूदपुर, अमेठी सिटी, बारहमासी , दरपीपुर, गौरीगंज पचेहरी,मनीपुर,सोंगरा, काजी पट्टी, राजगढ़ कमला नगर, शाहगढ़ ,गरथोलिया होकर पुनः मुंशीगंज अम्बेडकर मार्केट में समाप्त हुई।इस अवसर पर समिति के बैनर तले भादर, वारिसगंज व समिति की एक इकाई सरूवावां शाखा भेंटुआ के विभिन्न ग्राम सभाओं में बाब साहब की लगी प्रतिभाओं पर श्रद्धा -सुमन अर्पित किया।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के थानों द्वारा छात्राओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया

**समाज जागरण मनोज यादव जिला ब्यूरो अमेठी**

पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में ह्लमिशन शक्तिह्व अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद के थानों द्वारा कोचिंग संस्थान, बाजार व भीड़-भाड़ वाले जगहों पर व स्कूल कॉलेज के आस-पास छात्राओं/बालिकाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झ्र मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइङ्क, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया । महिलाओ/बालिकाओं को महिला संबन्धी होने वाले अपराधों के बारे में भी विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया । साथ-साथ एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया इस दौरान एन्टी रोमियो टीम द्वारा संदिग्ध मनचलों की चेकिंग भी की गयी ।

## महिला बैठक के अन्तर्गत "चाय पर पानी की चर्चा" विषय पर ग्राम पंचायत बेरारा में किया गया आयोजन

**समाज जागरण मनोज यादव जिला ब्यूरो अमेठी**

अमेठी जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड तिलोई के ग्राम पंचायत बेरारा में "चाय पर पानी की चर्चा" विषय पर महिला बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जल जीवन मिशन द्वारा "कार्यकारी घरेलू नल कनेक्शन" के लाभ की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को शुद्ध जल के नितान्त आवश्यक उपयोग को बारीकी से समझाते हुए पानी को सामान्य ताप पर गर्म करके सूती वस्त्र से छानकर पीने की बात बतायी गयी। ग्राम प्रधान बेरारा श्री योगेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि स्वच्छ जल हर जीवन का आधार है तथा इस स्वच्छ जल पर सबका अधिकार है एवं साथ ही भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना को जन-जन के लिए अति सरल बनाने हेतु आदरणीय प्रधानमंत्री जी का अति आभार जताया गया। इस सम्बन्ध में आई0एस0ए0 जमुना जन कल्याण संस्थान के टीम लीडर शिवम देव तिवारी ने उपस्थित महिलाओं को जल जनित रोगों के प्रकार व संचार प्रणाली का उदाहरण देते हुए लोगों को "कार्यकारी घरेलू नल कनेक्शन" के लाभ और मिशन हर घर जल, हर घर नल के महत्वपूर्ण उद्देश्य पर चर्चा की गयी। सभा में उपस्थित सभी ग्रामवासी जल जीवन मिशन योजना से काफी प्रसन्न है और वह सरकार का आभार जता रहे हैं कि उनकी ग्राम सभा में जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत उन्हें व उनके पूरे परिवार को स्वच्छ पेयजल के लिए लंबे समय तक चिंतित रहने की आवश्यकता नहीं है। कार्यक्रम में इंप्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी जमुना जन कल्याण संस्थान के टीम लीडर शिवम देव तिवारी, ग्राम प्रधान बेरारा श्री योगेंद्र सिंह एवं ग्राम पेयजल स्वच्छता समिति के सदस्य सहित आयोजित महिला बैठक को सम्पन्न कराया गया।

## विभिन्न समाज के प्रबुद्ध लोगों ने डॉ.अंबेडकर को किया कोटि कोटि नमन

पटौदी/वरिष्ठ संवाददाता : आज बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 66 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर पटौदी मंडी क्षेत्र से विभिन्न समाज से जुड़े लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य इंचार्ज मास्टर सुरेंद्र चौहान ने अपनी टीम के साथ बाबा साहब अम्बेडकर को पुष्प अर्पित करते हुए कहा की हमें जातिवाद, भ्रष्टाचार व सामाजिक बुराइयों से ऊपर उठकर काम करना होगा।उन्होंने कहा की महापुरुष किसी एक जाति विशेष से नही होते वो सम्पूर्ण विश्व के प्रेरणास्रोत होते है जिसमे बाबा साहब डा. अंबेडकर भी एक है जिन्होंने पूरे देश व समाज के लिए संविधान लिखकर अतुलनीय कार्य किया है। इस अवसर पर करन सिंह लखेरा,नरेंद्र सहगल,पत्रकार सुरेश कोहली,पत्रकार शिवचरण,पत्रकार शमशेर गौड़ भी मौजूद रहे।

## दैनिक समाज जागरण की खबर का असर
## *पटौदी के वार्ड 11,13 में शुरू हुआ नाले का काम*

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता पटौदी/सुरेश कोहली** : पटौदी के वार्ड नं 11,13 में दैनिक समाज जागरण समाचार पत्र ने धीमी गति से हो रहे गंदे नाले की इस खबर को ठीक एक दिन पहले ही प्रमुखता के छापा था । जिसका असर ये हुआ की आज अधूरे पड़े नाले के काम को एसडीएम के आदेश पर पुनः चालू कर दिया है। गौरतलब है की दो दिन पहले ही पटौदी के समाज सेवी डॉ.राजू खान ने एसडीएम प्रदीप कुमार से मिलकर नाले व रोड की समस्या के बारे में अवगत करवाया था। जिसमे आज नाले के काम में तेजी आने से स्थानीय लोग भी आज काफी खुश नजर आए। समस्या का समाधान होता देख लोगों ने मीडिया व क्षेत्र के समाजसेवी डॉ.कुंवर राजू खान का भी धन्यवाद किया है।

## सीजेएम ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण

*हिंसा की शिकार महिलाओं को न्याय प्रभावी रूप से उपलब्ध करवाया जाए: सीजेएम कपिल राठी*

दैनिक समाज जागरण भिवानी/संवाददाता : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निदेर्शानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम कपिल राठी ने मंगलवार को सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीजेएम कपिल राठी ने हिंसा की शिकार महिलाओं से संबंधित केस रजिस्टर की भी जांच की, जिन्हें इस केंद्र द्वारा इलाज, कानूनी सहायता और मानसिक राहत के लिए परामर्श और सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने यहां तैनात अधिकारी से कहा कि सखी वन स्टाप सेंटर पर मदद के लिए आने वाली हर पीड़ित महिला, जिसे मुफ्त कानूनी सहायता या वकील की सेवाएं चाहिए, वह तुरंत जिला कानूनी सेवाएं अथारिटी के कार्यालय में संपर्क करें। उन्होंने कहा कि सखी वन स्टाप सेंटर द्वारा हिसा की शिकार महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में लोगों को और जागरूक किया जाए, ताकि मुश्किल की घड़ी में महिलाओं को इस केंद्र से सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि अगर आम लोगों में इस बारे में जागरूकता होगी तो जरूरतमंद महिलाएं जरूरत पड़ने पर इस सखी वन सेंटर का लाभ उठा सकेंगी।

उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर का मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को एक छत के नीचे एकीकृत समर्थन और सहायता प्रदान करना है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने बताया कि सखी सेंटर में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में दुष्कर्म, घरेलू हिंसा, तेजाब पीड़ित, मानव तस्करी, बाल विवाह, साइबर क्राइम, गायब होने, अपहरण, दहेज आदि महिलाओं व लड़कियों को वन स्टाप सेंटर पर तत्काल मदद मुहैया करवाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि पीड़ित महिलाओं को एक फोन काल पर तत्काल मदद, पीड़ित महिलाओं के लिए मेडिकल जांच इलाज की व्यवस्था, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके लिए रोजगार उपलब्ध करवाना, आपात स्थिति में रहने-खाने और ईलाज की सुविधा उपलब्ध, सेंटर में कानूनी सलाह के लिए पैनल अधिवक्ता उपलब्ध कराना, साथ ही पीड़ित महिला एवं बालिका को मनोवैज्ञानिक परामर्श और काउंसलिग की सुविधा प्रदान की जाती है। उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर के अधिकारियों को पीड़ित महिलाओं को न्याय प्रभावी रूप से उपलब्ध कराने के आदेश दिए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नाले के पास मिली युवक की लाश...मौत के कारणों का नही हो सका खुलासा, पुलिस जुटी जांच में

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तूरी।पचपेड़ी थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह तड़के गांव वालों ने गिधपूरी खपरी रोड के बीच छोटे नाले में गिधपुरी गोठान से तकरीबन 500 मीटर दूर एक मृत व्यक्ति की बॉडी देखी, जिसके बाद धीरे-धीरे आसपास के गांव वाले इकठ्ठा हो गए और देखते ही देखते बहुत भीड़ हो गई तब खपरी ओखर गांव के सरपंच को जानकारी दी गई उन्होंने इसकी सूचना पचपेड़ी पुलिस को दी और कुछ युवाओं ने उसकी शिनाख्त के लिए व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से फोटो शेयर किया तब जानकारी मिली की यह व्यक्ति पाशिद मंगला का रहने वाला है जिसका नाम रामायण कैवर्त है तब फोन करके इसकी जानकारी घरवालों को दी गई परिजन जब घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्होंने बताया कि रामायण जोकि मंगला पासीद का रहने वाला है वह किसी कार्यक्रम में परिवार को लेकर ससुराल नवागांव डमरु बलौदाबाजार गया हुआ था जो कल शाम तकरीबन 5:00 बजे पत्नी बच्चों को छोड़ अकेले बाइक से अपने घर जाने के लिए ससुराल से निकला था घर वाले भी मृतक के घर नहीं पहुंचने पर पतासाजी में जुटे हुए थे हालांकि उसकी मौत कैसे हुई यह अभी तक अज्ञात है पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा कि मृत्यु कैसे हुई, वही खपरी सरपंच पति हीराराम पटेल ने बताया कि जैसे ही उनको नाला किनारे किसी अज्ञात व्यक्ति की मृत अवस्था में डेड बॉडी गांव में पड़े होने की जानकारी मिली उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पचपेड़ी पुलिस को दी और पुलिस मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर विवेचना में जुट गई है।

## अटल सम्मान विगत आठ वर्षो से हो रहा है यह नौवां आयोजन है

यह अटल सम्मान विगत आठ वर्षों से हो रहा है यह नौवां आयोजन है जोकि विज्ञान भवन में किया जा रहा है, इसमें देश की प्रमुख 15 हस्तियों को अटल अवार्ड प्रदान किये जायेंगे। यह कार्यक्रम पिछले 6 वर्षों तक लगातार संसद भवन में होता रहा है। यह आयोजन देश का एकमात्र ऐसा आयोजन है जो स्वयं अटल बिहारी वाजपेयी जी की मौजूदगी में प्रारंभ किया गया था। अटल जी पर होने वाले आयोजनों में यह देश का सबसे प्रतिष्ठित व प्रसिद्ध आयोजन है। अटल अवार्ड की श्रृंखला में स्वयं अटल जी सहित राष्ट्रपति जी तक को यह अवार्ड दिया जा चुका है। नरेंद्र चंचल, मालिनी अवस्थी, पद्मभूषण बिंदेश्वर पाठक, पद्मश्री नलिनी कमलनी, कुमार विशु, अमीषा पटेल, अनूप जलोटा, पद्मश्री वासिफुद्दीन डागर, पद्मश्री भजन सोपोरो, एम्स के डायरेक्टर पद्मश्री डॉ रणदीप गुलेरिया आदि लोगों को अटल अवार्ड दिया जा चुका है। इस अवार्ड के लिए नॉमिनेशन पूर्णतः निःशुल्क है। प्रक्रिया भी बहुत सरल है। आप गूगल फॉर्म भरकर या अपना परिचय हमे मेल करके अपना नॉमिनेशन कर सकते हैं। 3 सदस्ययी राष्ट्रीय चयन समिति अवॉडीयों का चयन उनकी योग्यता के अनुसार करती है। एक क्षेत्र में केवल एक ही सम्मान दिया जाता है। साथ ही इस आयोजन में दर्शक के रूप में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान भी विशेष तरीके से किया जाता है। इसमें अनेक केंद्रीय मंत्री व सांसद आदि रहते हैं। आप यदि किसी का आवेदन इसमें कराना चाहते हैं या स्वयं करना चाहते हैं तो ३'रेंल्लरें१ङ्गँ@'ृङ्मे पर अपनी सम्पूर्ण डिटेल व अवार्ड का क्षेत्र व अटल सम्मान-2022 लिखकर मेल कर दें या गूगल फॉर्म भरकर भेज फेन, बस इतने में ही आपका नॉमिनेशन हो जाएगा। दर्शक के रूप में आने के लिए आपको अपनी कोई एक फोटो आईडी साथ लेकर आनी है, आपका एंट्री पास 24 दिसम्बर को ठीक 1 बजे विज्ञान भवन नई दिल्ली पर हमारे लगाए रजिस्ट्रेशन काउंटर्स पर मिल जाएगा। या फिर आप पहले ही हमसे पास प्राप्त कर सकते हैं। केवल महत्वपूर्ण जानकारी के लिए इस नम्बर पर सम्पर्क करें : 9811006461 भुवनेश सिंघल, सदस्य, अटल आयोजन समिति अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट सर्च करें ६६६.५६ॅु१३ृङ्मे

## अररिया के युवा उद्यमी बिजय एन संस से संजीव मिश्रा नें की मुलाकात

अररिया । एक दिवसीय अररिया दौरे पर आए पनोरमा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सह वरीय समाजसेवी संजीव मिश्रा नें प्रवास के दौरान बिजय बन्दना मैरेज हॉल अररिया के युवा उद्यमी धीरज नयन एवं प्रणव रोशन से मुलाकात की ।श्री मिश्रा नें विभिन्न विषयों पर बिजय संस से लंबे समय तक चर्चा की ।उन्हौनें मिथिला कलचर से ओत प्रोत दोनों भाईयों का व्यवहार की सराहना कि और कहा कि अररिया के युवा उद्यमी दोनो भाइयों का ऐसा व्यवहार जो किसी का दिल जीत ले ।सामयिक चर्चा कर वे सांसद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिये ।

## डायमंड टीम" के युवा, कर्मठ और अनुभवी नेता नन्दन जी, अमित जी और राजीव दा को विजयी बनाने की हुई अपील

बेगूसराय । बेगूसराय एस बी आई "डायमंड टीम" की आज बैठक होटल के डी एम प्लेस बेगूसराय में सम्पन्न हुई । "डायमंड टीम" के युवा, कर्मठ और अनुभवी नेता नन्दन जी, जो कि प्रतिष्ठित डी जी एस पद के उम्मीदवार हैं और अमित जी जो कि जोनल सेक्रेटरी और राजीव दा रीजनल सेक्रेटरी पद के लिए हमारे उम्मीदवार हैं और जिनका सामूहिक चुनाव चिह्न डायमंड " 💎 " है को अपना बहुमूल्य मत देकर भारी मतों से विजयी बनाने का निर्णय लिया गया ।इस आशय की जानकारी सदस्य अभिषेक बच्चन नें दी ।

## बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव मनोनीत अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह को बधाई - इंतखाब आलम

अररिया । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नेतृत्व द्वारा,बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नेतृत्व मजबूत करने के लिए प्रदेश कांग्रेस का पुनर्गठन करते हुए राज्य-सभा सदस्य "एम.पी"माननीय डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह को बिहार प्रदेश कांग्रेस-कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया है ।उनके अध्यक्ष बनने पर,अररिया जिला कांग्रेस में उल्लास का माहौल है एवं जिले भर के वरिष्ठ कांग्रेस जन, कार्यकताओं ने उन्हें अपनी बधाई दी है। साथ हीं केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट भी किया है ।बधाई देने वालों में वरीय कांग्रेसी नेता जनाब इंतखाब आलम,

अररिया विधायक माननीय आबिदुर रहमान,जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा, फारबिसगंज कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक जाकिर अनावर वैराग,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह-भारत जोड़ो यात्रा के जिला कोऑर्डिनेटर शंकर प्रसाद साह,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ओवैसी यासीन,शाद अहमद,वरिष्ठ कांग्रेसी मंगल चंद अग्रवाल,प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष जफरुल हसन,अलीमुद्दीन,अली हसन,दुर्गा नंद ठाकुर,उमानंद मंडल,अरविंद झा,मासूम अंसारी,अमितेश कुमार गुड्डु,निरंजन अफसर आलम युवा कांग्रेस के जिला महासचिव इंजीनियर सावन सागर आफताब उर रहमान,अब्दुस सलाम,कांग्रेस अल्पसंख्यक सेल के मासूम रेजा,तशदूंक खान भारत जोड़ो यात्रा के प्रखंड कोऑर्डिनेटर गुलाबचंद ऋषिदेव,मोहम्मद कलाम,शिवानंद शाह,मोहम्मद सैफुल्ला,सुशांत कुमार,गुलशन आरा,सत्यनारायण बाल कृष्ण यादव विनोद यादव आदि दर्जनों कांग्रेस नेता एवं कार्यकताओं ने ढेरों सारी बधाई एवं शुभकामना दी है।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में प्रशिक्षण के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के अभ्यार्थियों का दर्जी ट्रेड में चयन करने के लिये लिया जाएगा साक्षात्कार।

उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र गौतम बुद्ध नगर अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन वेबसाइट www.di-upmsme.upsdc.gov.in पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का योजना में दर्जी ट्रेड में चयन के लिए साक्षात्कार कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र सूरजपुर(कलेक्ट्रेट के निकट/पीछे ईकोटेक 2) ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर के परिसर में दिनांक 08 एवं 09-12-2022 को प्रातः 11:00 बजे से गठित समिति द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के समय उक्त योजना में प्रशिक्षण के लिए भरे गए ऑनलाइन फॉर्म की प्रति, एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, बैंक पासबुक की एक फोटो कॉपी जिसमें खाता संख्या और आईएफएससी कोड सही लिखा हो, 10 रुपए के स्टांप पेपर पर शपथ पत्र नोटेरी सहित आदि दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है। उक्त योजना में पात्रता के लिए जाति एकमात्र आधार नहीं होगा। योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए ऐसे व्यक्ति भी पात्र होंगे जो परंपरागत कारीगरी जाति से भिन्न हो, ऐसे आवेदकों को परंपरागत कारीगरी से जुड़े होने के प्रमाण के रूप में ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत अथवा नगर पालिका/नगर निगम से संबंधित वार्ड के सदस्य द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उक्त के संबंध में आवश्यक जानकारी के लिए शशि बिंदु के मोबाइल नंबर 9810745043 से संपर्क कर सकते हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेर्शो के क्रम में व पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग लगातार एक्शन में।

*अवैध शराब को लेकर आबकारी विभाग एवं पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में चलाया गया गहन सर्च अभियान।*

आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी सुहास एल0वाई0 के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि आज आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 गौरव चन्द, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 रवि जायसवाल, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 अभिनव शाही द्वारा सेक्टर 63 अ ब्लॉक, गढ़ी चौखंडी, बाहलोलपुर, सफाबार्द, सेक्टर 51 होशियारपुर स्थित संदिग्ध स्थलों पर अवैध शराब के रोकथाम के उद्देश्य से दबिश दी गई। उन्होंने बताया कि दबिश के दौरान कोई अवैध शराब की बरामदगी नही हुई। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम

## आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निदेर्शो के क्रम में एवं जिला अधिकारी के नेतृत्व में आम नागरिकों को मानकों के अनुरूप औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में।

**औषधि निरीक्षक ने यूसुफपुर, चाक शाहबेरी में स्थित दो मेडिकल स्टोर का किया निरीक्षण, जांच के लिए 3 औषधियों का लिया सैंपल।**

गौतम बुद्ध नगर 06 दिसंबर 2022 आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी सुहास एल0वाई0 के निदेर्शों के क्रम में मेडिकल स्टोर्स पर औषधियों की मानकों के अनुरूप पर्याप्त उपलब्धता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण निरंतर स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी क्रम में औषधि निरीक्षक गौतम बुद्ध नगर वैभव बब्बर द्वारा आज यूसुफपुर, चाक शाहबेरी में स्थित दो मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर कुल तीन औषधि नमूने संगृहीत किए गए। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम के चलते बुखार, खंसी एवम अन्य बीमारी में प्रयुक्त औषधि की गुणवत्ता एवं संबंधित क्रय विक्रय अभिलेखों की जांच के क्रम मे अशर फार्मसी मेडिकल स्टोर से कुल दो (एक बच्चों की खांसी का सिरप और एक एंटीबायोटिक टेबलेट ) औषधि का नमूना संग्रहित किया। उन्होंने बताया कि मौके पर इन औषधि के बिल के साथ अन्य चार दवाएं के विक्रय बिल प्रस्तुत नहीं करने पर औषधि के क्रय विक्रय बिलों को अगले तीन दिनों के अंदर सत्यापन के लिए प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया । वहीं एक अन्य संतोष मेडिकल स्टोर से भी एक एंटीबायोटिक टेबलेट का नमूना संगृहीत किया गया। मौके से 5 औषधि के क्रय विक्रय बिल प्रस्तुत नहीं करने पर सख्त निर्देश दिए गए हैं कि निरीक्षण आख्या में अंकित सभी औषधि के क्रय बिल प्रस्तुत नहीं करने तक अंकित औषधि का विक्रय नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेडिकल स्टोर की जांच की खबर लगते ही यूसुफपुर के बाकी सभी मेडिकल स्टोर शटर बंद कर भाग गए। औषधि निरीक्षक द्वारा बताया गया की बदलते मौसम में काम आने वाली बुखार, संक्रमण, दर्द निवारक एवं अन्य औषधियां मेडिकल स्टोर्स में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने जानकारी देते हुए अवगत कराया की क्रय विक्रय अभिलेखों की जांच यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है की किसी भी मेडिकल द्वारा किसी बिना या अवैध लाइसेंस धारी को औषधि का क्रय विक्रय तो नहीं किया जा रहा है। औषधि निरीक्षक द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है, जिनकी रिपोर्ट आने पर एवं विवेचना करने पर अग्रिम कार्यवाही औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 के अन्तर्गत नियमनुसार की जाएगी। औषधि निरीक्षक द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में सभी प्रकार की दवाइयां मानकों एवं गुणवत्ता के साथ सभी मेडिकल स्टोर्स पर बिक्री सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आगे भी इसी प्रकार अभियान संचालित करते हुए मेडिकल स्टोर्स की जांच की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतमबुद्धनगर।

## युवा कांग्रेस मस्तूरी के अध्यक्ष सुनिल पटेल ने युवाओं के साथ बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तुरी ।भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि युवा कांग्रेस मस्तूरी के अध्यक्ष सुनील पटेल के अगुवाई में युवा कांग्रेसियों के साथ पचपेडी. में श्रध्दांजली अर्पित किया गया। उनके मूर्ति में माल्यार्पण कर बाबा साहब को याद किया गया। युवाओं ने उनके बताये मार्ग में चलने का प्रण लिया जिसमें प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील पटेल, उपाध्यक्ष देवेंद्र कृष्णन, बादल खुटे, महासचिव ऋतु-राज भार्गव, संदीप कुमार,भोला नायक,सोनू कुर्रे,सुमित कुर्रे,प्रकाश कुर्रे,जय यादव,सोनू पाटले प्रदीप पटेल,मंजीतसिंह,विकेश,कमलाकर,भागवत काटले,रितिक कुमार,उत्तम सिंह,विशाल पाटले,उदय पाटले,ओमप्रकाश सोनवानी,समीर टंडन,अरविंद महिलगे आदि उपस्थित थे।

## मस्तुरी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नागेंद्र राय ने धान खरीदी केंद्र जयरामनगर, गतौरा का दौरा कर किसानों से किया चर्चा

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तुरी।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मस्तुरी अध्यक्ष नागेंद्र राय ने जयरामनगर, गतौरा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर किसानों से चर्चा की,धान बिक्री करने आए किसानों से धान बिक्री के संबंध चर्चा की ,छत्तीसगढ़ सरकार की किसानों के लिए चल रही जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दिया। साथ ही किसानों को कोई दिक्कत न हो इस पर भी चर्चा कर मौके पर धान बेंच रहे किसानों से मुलाकात कर हाल चाल जाना और किसानों से विचार विमर्श किया। जिस दौरान जयरामनगर, गतौरा के उपस्थित किसानों ने कर्मचारियों के द्वारा धान खरीदी को लेकर संतोष जाहिर किया।

## केंद्रीय विद्यालय बालाघाट में मनाया गया वरिष्ठ अभिभावक दिवस

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(07दिसंबर) केन्द्रीय विद्यालय भरवेली-बालाघाट में वरिष्ठ अभिभावक दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 150 दादा-दादी और नाना-नानियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार जैन ने अपने संबोधन में इस कार्यक्रम को मनाने का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा कि अपनी संस्कृति को संजोकर रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है । कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती पूजन से किया गया। स्वागत-गीत के साथ उपस्थित समस्त वरिष्ठ अभिभावकों को पुष्प गुच्छ एवम ग्रीटिंग कार्ड्स देकर उनका स्वागत किया गया । छात्र-छात्राओं द्वारा गीत झभाषण तथा सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किये गये । इस अवसर पर वरिष्ठ अभिभावकों द्वारा भी अपने विचारो को साझा किया गया । साथ ही वरिष्ठ अभिभावकों के लिए मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया । अंत में सभी वरिष्ठ अभिभावकों को स्वल्पाहार देकर सुखद विदाई दी गई ।

## माँ डिंडेश्वरी एवं पातालेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर युवा साथियों ने मनाया अरविंद लहरिया का जन्म दिवस,,

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तुरी । डिंडेश्वरी मंदिर परिसर नगर पंचायत मल्हार में सचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अ.जा) अरविंद दिलीप लहरिया का भव्य स्वागत किया एवं डिंडेश्वरी माता एवं पातालेश्वर महादेव की पूजा अर्चना करके केक काटकर जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर एल्डरमैन अमित पांडे जी किरण पाटले जी ट्रस्ट के अध्यक्ष शैलू केवट, देवेंद्र पटेल, चंद्र प्रकाश कौशिक, पुष्पेंद्र राय, मुकेश बंजारे दिलसाय भार्गव मुकेश केवट अक्षय सोनवानी करण घोष नीतीश टंडन भावेश कुर्रे सहित क्षेत्र के युवा साथी गण उपस्थित रहे।

## बाबरी विध्वंस की बरसी पर कानपुर में सतर्क रही कमिश्नरेट पुलिस

### संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस भी मनाया गया।

सुनील बाजपेई कानपुर। आज यहां बाबरी विध्वंस के दिन 06 दिसम्बर को प्रदेश के इस अतिसंवेदनशील में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रखे गए । याद रहे कि आज के ही दिन 1992 में अयोध्या में बाबरी विध्वंस के बाद कानपुर में भी जमकर सांप्रदायिक हिंसा हुई थी, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए थे और करोड़ों की संपत्ति का नुकसान भी हुआ था।

आज बाबरी विध्वंस के दिन कुछ मुस्लिम संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन और हिंदू संगठनों द्वारा समर्थन में प्रदर्शन की आशंका और आज 06 दिसम्बर को होने वाले सभी कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने के लिये प्रत्येक स्थान पर पुलिस बल को तैनात रखा गया।

इसी के साथ चारों जोनों के थानों बाबूपुरवा, जाजमऊ और बेकनगंज में एक-एक प्लाटून और रावतपुर में एक कंपनी पीएसी को तैनात करने के साथ ही ड्रोन व पीटीजेड कैमरे से भी निगरानी की गई ।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस साल योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली सरकार ने कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में जो निर्णय लिया है। उसके मुताबिक बाबरी विध्वंस के दिन आज 6 दिसंबर को किसी भी तरह का विरोध प्रदर्शन या समर्थन किसी को करने की इजाजत नहीं दी गई। जिसका अनुपालन कराने के लिए ही कमिश्नरेट पुलिस ने बेहद कड़ा रवैया अपनाया और इसी के चलते लगभग सभी संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल भी लगातार तैनात रहा। इस दौरान अधिकारी भी लगातार गश्त करते नजर आए। वहीं आज 6 दिसंबर को ही संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस भी विभिन्न राजनीतिक संगठनों द्वारा जगह जगह पर मनाया गया। इस दौरान भी भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## कल्याण संघ का भेंट मुलाकात, 2022 विदाई एवं वन भोज कार्यक्रम संपन्न•••

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। छ.ग. श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ की भेंट मुलाकात 2022 विदाई एवं वन भोज कार्यक्रम स्मृति वन राजकिशोर नगर बिलासपुर में संपन्न हुआ कार्यक्रम में प्रदेश के अध्यक्ष, महासचिव सहित सभी बड़े प्रदेश पदाधिकारी पहुंचे जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कल्याण संघ के संयोजक आसिफ इकबाल अध्यक्षता में प्रदेश अध्यक्ष बीडी निजामी विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव विजय लाड़गे, अविनाश कुमार ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष, सुरेंद्र कपूर काके संस्थापक सदस्य ,महेश तिवारी प्रदेश सलाहकार, राधेश्याम कोरी कार्यकारिणी सदस्य के गरिमा में उपस्थिति में मां सरस्वती एवं गणेश का आराधना करते हुए सभी पत्रकार साथियों की स्वास्थ्य की मंगल कामना करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। अतिथियों का माल्यार्पण कर साल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में दो विशेष साथियों की सम्मान भी किया गया जिसमें प्रथम मनीष शर्मा पत्रकार जिन्होंने कोविड-19 कोरोना के समय में पत्रकार साथियों की पूछ परख करते हुए पत्रकार साथियों का सहायता किया अपने जान जोखिम में डालकर सहयोग की भाव बनाए रखें और सहयोग दिए भी ऐसे बहुत कम देखने को मिलता है जिस-का उदाहरण के रूप में मनीष शर्मा देखें उनका सम्मान साल श्रीफल देकर प्रदेश पदाधिकारियों के हाथों सम्मानित किया गया। उसके बाद प्रकाश सिंह अधिवक्ता शहर की जमीन अधिग्रहण फजीर्वाड़ा को उजागर कर शासन के समक्ष रखा साथ ही उस जमीन की जानकारी शासन के नजर में लाए उनका भी संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों के हाथों शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। प्रकाश सिंह अधिवक्ता को कल्याण संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण बधाई देते हुए कहा कि आपने जो कार्य किया है वह वाकई सराहनीय है और हम सब आपके साथ हैं प्रकाश सिंह ने कल्याण संघ के पत्रकार साथियों का अभिवादन करते हुए कहा मेरा सिर्फ और सिर्फ लड़ाई जमीन संबंधित था क्योंकि हम हर चीज को थोड़ी बहुत बड़ा सकते हैं किंतु जमीन को आज तक किसी ने 1 इंच भी नहीं बड़ा सका न हीं बढ़ाया जा सकता हमारे पूर्वज अशिक्षित रहकर भी जमीन की महत्व समझते हुए उसे बचाए रखा लेकिन आज शिक्षित होकर भी इंसान जमीन को बचाए रखने से ज्यादा नष्ट करने में लगें हुए हैं और इसी का लड़ाई मैं लड़ा हूं। सम्मान के पश्चात प्रदेश संयोजक आसिफ इकबाल ने कहा बहुजन हिताय के साथ पत्रकार साथियों को कार्य करना चाहिए क्योंकि पत्रकार के द्वारा लिखी गई लेख से कोई आघात ना हो समाज-देश के विकास के लिए हमें कार्य करने की आवश्यकता है। संघ के अध्यक्ष बी ड़ी निजामी ने कहा की करोना कॉल के बाद इस तरह का बैठक के साथ-साथ वन भोज एवं 2022 विदाई शहर के स्मृति वन में कार्यक्रम रखें उनके लिए बिलासपुर ,मस्तूरी ,रतनपुर के सभी संगठन के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा एक दूसरे से सदैव जुड़े रहना पत्रकार साथियों की सुख दुख में आते जाते रहना एवं अपना ख्याल रखते हुए भी कार्य करना कल्याण संघ एक इकलौता संगठन है जो मठाधीश से दूर रह कर कार्य करता है संगठन की ऐसे कई उदाहरण हैं जिससे आप सभी भलीभांति परिचित हैं। बस्तर से आए प्रदेश महासचिव विजय लाड़गे ने कहा 2022 की विदाई एवं 2023 आगमन की आप सभी को शुभकामनाएं बधाई नए साल में नए पदाधिकारियों का आगमन होगा आप सभी के कुशल क्षेम की कामना करता हूं सफल कार्यक्रम की बधाई देता हूं। मंच का संचालन राधेश्याम कोरी के द्वारा किया गया साथ ही कार्यक्रम की आभार में कहा कि सभी स्थानीय पत्र-कार साथियों की मौजूदगी व उत्साह को देखकर प्रसन्नता हो रही है और ऐसा ही एक दूसरे से जुड़कर कार्य करते रहें। कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकार के साथ साथ आसपास मस्तूरी बिल्हा एवं रतनपुर के पत्रकार साथी सम्मिलित रहे। जिसमें विजय सुमन मस्तूरी अध्यक्ष ,रघु यादव उपाध्यक्ष ,हरिओम श्रीवास, शिव कुमार तिवा-री, वासित अली जिला सचिव ,संतोष सोनी प्रेस क्लब अध्यक्ष रतनपुर, राजू यादव ,जागेश्वर कुंभकार, प्रीति सोनी, पुरुषोत्तम दुबे, पुष्परंजन कश्यप, संजय यादव, शंकर भारतद्वाज, शेष यादव, शेख असलम, संजय यादव, राकेश दुबे, राकेश खरे, विनोद सिंह,विनोद वर्मा,नम्रता नामदेव, छवि कश्यप, संतीश बटवा,अमित कुमार सहित पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

## शार्ट सर्किट से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी आग,मरीज सहित स्टॉफ सुरक्षित

समाज जागरण/ शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(07दिसंबर)शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा के स्टोर रूम सहित तीन कमरों में लगी आग से दवाइयों सहित अन्य उपकरण व दस्तावेज जलकर खाक हो गया।गनीमत रही कि कोई जनहानि नही हुई जिससे बड़ी घटना होते होते टल गया।जानकारी अनुसार रविवार की रात करीब 2.30 बजे के आसपास आग लगने की जानकारी मिली जिससे चिकित्सालय में अफरातफरी का माहौल निर्मित हो गया।आननफानन में अस्पताल में भर्ती मरीजों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया और उच्च अधिकारियों को सूचना देकर अग्निशमन विभाग को सूचना दिया गया।लेकिन जब तक अग्निशमन विभाग घटनास्थल पर पहुँचता तबतक स्टोररूम सहित अन्य सामग्री जलकर खाक हो चुकी थी। स्थानीय लोगो ने बताया कि लालबर्रा में अग्निशमन वाहन नही होने से आग ने भीषण रूप धारण कर लिया जिस पर काबू पाना मुश्किल हो गया।जब तक जिला मुख्यालय से अग्निशमन वाहन लालबर्रा पहुंचा तबतक सब कुछ जल कर स्वाहा हो चुका था।हालांकि देर से पहुंचे अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पाया।वही लोगो का कहना है कि अगर अग्निशमन वाहन लालबर्रा में होता तो शायद अस्पताल में इतना बड़ा नुकसान नही होता। प्रशासन व आमलोगों ने राहत की सांस लिया कि इस अग्नि कांड में कोई जनहानि नही हुई।

## रेलवे ट्रैक से जा रहे व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत

समाज जागरण/ शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(07दिसंबर)जगह जगह रेलवे ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सूचना पटल के माध्यम से सावधान किया जाता है कि रेलवे ट्रैक पर आवागमन न करें इसके बावजूद कई लोग अपनी जान हथेली पर लेकर रेलवे ट्रैक से आना जाना करते है जो कभी कभी घातक सिद्ध हो जाता है।ऐसा ही एक घटना शहर के कोसमी रेलवे ट्रैक पर हुआ जब गोंदिया से बालाघाट की ओर आ रही एक यात्री ट्रेन की चपेट में आकर एक मजदूर की मौत हो गई।मृतक की पहचान ग्रामीण थाना नवेगांव ग्राम कोसमी निवासी 45 वर्षीय अनिल पिता हंसलाल सोना के रूप में हुई है।पुलिस ने शव बरामद कर मर्ग कायम पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी अनुसार कोसमी निवासी अनिल अविवाहित था,तथा वह मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करता था।मृतक अनिल अपनी मां उषा सोना के साथ कोसमी में रहता था। रविवार को अनिल काम करने के लिए गया था। काम से आते समय उसे देर हो गई। रात करीब 8:30 बजे वह कोसमी रेलवे ट्रैक से अपने घर आ रहा था। करीब रात नौ बजे वह गोंदिया से बालाघाट की ओर आ रही यात्री ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उस-की मौत हो गई।

मामले की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस कोसमी के घटनास्थल पर पहुंची।घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। सोमवार की सुबह अस्पताल चौकी पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान दर्ज कर पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया।

## ग्राम सभा मे सरपंच पति के जाने पर कार्यवाही करने के निर्देश

## 96 आवेदक जनसुनवाई में सुनाई अपनी समस्या

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(07दिसंबर) मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर विरेन्द्र रावत एवं राहुल नायक ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ अपनी समस्या लेकर आये आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में किरनापुर विकासखंड की ग्राम पंचायत कांद्रीकला की सरपंच ललिता भोंगाड़े ग्राम पंचायत कांद्रीकला के आश्रित ग्राम नीलागोंदी को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग लेकर आयी थी। उनके द्वारा नीलागोंदी के किनारे से गुजरने वाली बाघ नदी में बाढ़ आने पर नीलागोंदी का कांद्रीकला से सड़क टूट जाने के कारण नीलागोंदी से कांद्रीकला तक ग्रेवल सड़क निर्माण की मांग की गई है। वारासिवनी तहसील के ग्राम मुरमाड़ी की रत्नमाला सहारे शिकायत लेकर आयी थी कि उसका पोस्ट आफिस लड़सड़ा में बचत खाता है। इस खाते में 51 हजार 666 रुपये की राशि जमा थी। पोस्ट आफिस लड़सड़ा के कर्मचारी अरविंद घोड़ेश्वर द्वारा 25 नवंबर 2022 को उसे सूचना दिये बगैर धोखाधड़ी करके उसके खाते से 51 हजार 100 रुपये की राशि निकाल ली गई है। अतः अरविंद घोड़ेश्वर के विरूद्ध कार्यवाही कर उसकी राशि वापस दिलायी जाये।

बालाघाट विकासखंड के ग्राम मगरदर्रा की खेलन बाई नेवारे शिकायत लेकर आयी थी कि वह गांव के श्रीगणेश स्व सहायता समूह की अध्यक्ष है। उनका समूह शाला में मध्यान्ह भोजन बनाता है। लेकिन लक्ष्मी नारायण कावड़े माध्यमिक शाला के शिक्षक के साथ मिलकर उसके फर्जी हस्ताक्षर से आरओ बनाकर सोसायटी से अनाज उठाते है और बैंक से भी फर्जी हस्ताक्षर कर लेन-देन करते है। इस स्थिति को रोका जाये। किरनापुर तहसील के ग्राम टिमकीटोला की दुर्गा बाई शिकायत लेकर आयी थी कि उसे आवास बनाने के लिए 25 हजार रुपये की किश्त मिली है। लेकिन उसे मकान बनाने के लिए पट्टे पर मिली जमीन पर भादूलाल कावरे ने कब्जा कर लिया है। अतः उसकी जमीन से अवैध कब्ज हटाया जाये और उसे मकान बनाने दिया जाये।

जनसुनवाई में वारासिवनी विकासखंड के ग्राम मंगेझरी के जैरामटोला के ग्रामीण शिकायत लेकर आये थे कि ग्राम पंचायत मंगेझरी का आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक-05 का भवन कालागोटा में स्वीकृत किया गया है। जबकि यह आंगनवाड़ी केन्द्र जैरामटोला मंक संचालित किया जा रहा है। कालागोटा में मात्र 06 बच्चे है और जैरामटोला में 20 बच्चे है। अतः आंगनवाड़ी केन्द्र का भवन जैरामटोला में ही बनाया जाये। खैरलांजी विकासखंड के ग्राम टटेकसा का कैलाश कावड़े एवं बालाघाट विकासखंड के ग्राम चमरवाही के सुरेन्द्र फुलोके, यशंवत फुलोके, ब्रजेश फुलोके उनका मकान कच्चा एवं जर्जर होने के कारण उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग लेकर आये थे। सतपुड़ा प्रायवेट आईटीआई मांझापुर के प्रशिक्षणार्थी शिकायत लेकर आये थे कि उनका सत्र 2020-22 का था, लेकिन उन्हें प्रथम व द्वितीय वर्ष की छात्रवृत्ति अब तक नहीं मिली है।

लांजी तहसील के ग्राम देवरबेली के किसान ग्राम देवरबेली में धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग लेकर आये थे। किसानों का कहना था कि वर्ष 2021 में देवरबेली में धान खर-ीदी केन्द्र बनाया गया था। लेकिन इस वर्ष देवरबेली से 20 किलोमीटर दूर घोटी में खर-ीदी केन्द्रे बनाया गया है। जिसके कारण देवरबेली के किसानों को बहुत असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अतः इस वर्ष भी देवरबेली में धान खरीदी केन्द्र बनाया जाये। ऐसी ही शिकायत लेकर ग्राम कावेली के किसान भी आये थे। उनका कहना था कि कावेली के किसानों के लिए 25 किलोमीटर दूर बिठली में केन्द्र बनाया गया है।

वारासिवनी तहसील के ग्राम सालईटोला-मंगेझरी की भूमेश्वरी सोनवाने शिकायत लेकर आयी थी कि वी 41 प्रतिशत निःशक्त महिला है और उसने दिनेश मेश्राम से 27 अप्रैल 2022 को किया है। उसके द्वारा निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना की राशि के लिए आवेदन किया है, लेकिन उसे अब तक यह राशि नहीं मिली है। अतः उसे शीघ्र इस योजना की राशि दिलायी जाये। बैहर विकासखंड की ग्राम पंचायत जैतपुरी के ग्रामीण शिकायत लेकर आये थे कि ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती रमली पन्द्रे के पति सालिकराम पन्द्रे द्वारा ग्राम सभा की बैठक का संचालन किया जाता है और ग्रामीण कुछ बात रखते हैं तो उन्हें ग्राम सभा से भगाया जाता है। शासन के निर्देश है कि सरपंच पति ग्राम सभा की बैठक में शामिल नहीं हो सकते हैं अतः सरपंच एवं सरपंच पति पर शीघ्र कार्यवाही की जाये।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम जनता की समस्याएं

### जन्म से दिल की बीमारी से जुझ रहे बालक कुणाल का होगा चिरायु योजना से इलाज,,30 गरीब लोगों को मिला नया राशनकार्ड

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर ।कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने मंगलवार जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में बड़ी संख्या में शहर सहित दूर-दराज से पहुंचे लोगों से मुलाकात कर बडे.इत्मीनान से उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने तत्काल हो सकने वाले कुछ आवेदनों का जहां जनदर्शन में ही समाधान कर दिया वहीं जांच एवं परीक्षण की जरूरत वाले कुछ गंभीर किस्म के मामलों को टीएल में पंजीकृत करते हुए निराकरण के लिए अधिकारियों को समय-सीमा दी। जनदर्शन में आज कलेक्टर ने करीब ढाई घंटे तक 300 से अधिक लोगों से मुलाकात कर उनकी निजी और सामुदायिक समस्याएं सुनी। उन्होंने जरूरतमंद 30 लोगों को मौके पर ही राशनकार्ड बनवाकर दिया, जिससे सभी ने खुश होकर त्वरित सुनवाई के लिए कलेक्टर को धन्यवाद दिया।

जनदर्शन में कलेक्टर से मुलाकात कर गिधौरी गांव निवासी श्री नरेन्द्र सिंह सूर्यवंशी ने अपने 11 वर्षीय बालक कुणाल सूर्यवंशी का इलाज करवाने की गुहार लगाई। कलेक्टर ने गंभीरता से उनकी समस्या को सुना। सूर्यवंशी ने बताया कि जन्म से ही कुणाल की श्वांस नली नहीं बनी है और दिल में छेद है। उन्होंने बताया कि सभी जगह इलाज कराने के बाद डॉक्टरों ने कहा है कि बच्चे का ऑपरेशन दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में कराना होगा। उन्होंने बताया कि मेरी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। रोजी-मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता हूं। ऑपरेशन के लिए राशि जुटा पाना मुमकिन नहीं है। कलेक्टर ने मामले को टीएल में लेते हुए सीएमएचओ को बच्चे का इलाज चिरायु योजना से कराने के निर्देश दिए। रतनपुर तहसील के ग्राम लालपुर निवासी नारायण प्रसाद यादव ने आदिवासी सेवा सहकारी समिति चपोरा में कार्यरत श्री अनुराग जायसवाल द्वारा नियम विरूद्ध कार्य किये जाने की शिकायत की। कलेक्टर ने मामले को टीएल में लेते हुए उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं को आवश्यक कार्यवाही करने कहा। कोटा तहसील के नवागांव से आए श्री रामेश्वर साहू ने कलेक्टर से मुलाकात कर प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किस्त की राशि 25 हजार रुपए मेरे खाते में न जाकर किसी और व्यक्ति के खाते में अंतरित कर दी गई है। बार-बार आवेदन देने के उपरांत भी त्रुटि सुधार नहीं की जा रही है। कलेक्टर ने मामले का परीक्षण करने के निर्देश कोटा सीईओ को दिए।

बिल्हा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कछार की सरपंच त्रिवेणी मरकाम ने ग्राम पंचायत कछार के नाला में पुलिया के पास रिटर्निंग वॉल बनवाने की मांग की। इस मामले को कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को सौंपा। सेमरताल के शांतनु मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों ने सेमरताल टारबांध में हो रहे अवैध खनन को रोकने के लिए आवेदन दिया। इस मामले का परीक्षण एसडीएम बिलासपुर करेंगे। कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति के उपाध्यक्ष जे.एल.देवांगन ने दो वर्ष के बाद भी राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी के द्वारा भूमि के सीमांकन नहीं किये जाने की शिकायत की। कलेक्टर ने एसडीएम तखतपुर को मामले का परीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा है। कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मझगांव की सरपंच श्रीमती भगवती देवी ने पुलिया निर्माण एवं अहाता निर्माण करवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि डोंगरीपारा पहुँच मार्ग पर पुलिया निर्माण की बहुत जरूरत है ताकि लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सके। कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत भरदैयाडीह के ग्रामवासियों ने कलेक्टर के समक्ष ग्राम भरदैयाडीह में आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।

## भारतरत्न डॉ. बाबासाहब भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि शत - शत नमन : एडवोकेट स्मिता

गुरुग्राम/पटौदी : बाबा साहब डॉ.अंबेडकर ने अपनी पूरी जिंदगी देश को समर्पित की है इंसान को इंसान की तरह जीने का अधिकार सिर्फ बाबासाहब ने ही दिलाया है। महिलाओ के लिए प्रगति के सारे द्वार बाबा साहब ने ही खोले है। उक्त बातें एडवोकेट स्मिता कोहली ने आज डॉ.अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कहे।उन्होंने कहा की भारत की महिला राष्ट्रपति है,सांसद है, स्पीकर है,मंत्री है, राज्यपाल है, कलेक्टर है, जज है,वकील है, पत्रकार है अलग अलग सभी पदों पर कार्य कर रही है। ये सिर्फ और सिर्फ बाबा साहब जी की देन है। उन्होंने कहा की सारे विश्व में शायद ही कोई संविधान भारत के संविधान जैसा होगा। एडवोकेट स्मिता कोहली ने कहा की बाबा साहब जैसा महामानव न हुआ था न कभी होगा।उनका कार्य महान है बाबा की डिग्री को लेकर पूरे विश्व में एक रिकॉर्ड कायम है। उन्होंने कहा की बाबा साहब ने अस्पृश्यता,जाति वाद इनको जड़ से मिटाने के लिए पूरी जिंदगी लगा दी थी। लेकिन अफसोस की बात है की इतने वर्षों के बाद भी जाति भेद भारत में कम नहीं हुआ है। बाबा साहब की पूरी जिंदगी एक मिसाल है रही।आज के युवाओं को बाबा साहब ने दिखाए गए मार्ग पर अवश्य चलना चाहिए। तभी जाकर एक सशक्त समाज की कल्पना की जा सकती है।

## बाबा साहब डॉ.अंबेडकर के बताए रास्ते पर चले : डॉ.गौतम तंवर

गुरुग्राम/पटौदी/सुरेश कोहली : विश्व रत्न, महाबोधिसत्व, नारी के मुक्तिदाता, भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 66 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर बड़े गांव बोहड़ा कलां स्थित फाउंडेशन कार्यालय पर उन्हें पुष्प अर्पित कर भावभीन श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ.गौतम सिंह तंवर ने कहा की हमें बाबा साहब के द्वारा बताए गए तीन मूलमंत्रों शिक्षित बनो,संगठित रहो,संघर्ष करो को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने कहा की भारत को संविधान देकर सर्वसमाज के लिए अच्छा कार्य कर गए। डॉ.गौतम ने कहा की बाबा साहब डॉक्टर अम्बेडकर ने महिलाओं के विकास और उनके उत्थान के लिए उन्हें कोटि -कोटि नमन है।उन्होंने कहा की आज की युवा पीढ़ी को उनके संघर्ष भरे जीवन से अवश्य ही प्रेरणा लेनी चाहिए।इस अवसर पर फाउंडेशन से जुड़े काफी लोग मौजूद थे।

## खंड स्तरीय टेबल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पटौदी/सुरेश कोहली : हेलीमंडी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज खंड स्तरीय टेबल प्रतियोगिता का आयोजन पहली से पांचवीं कक्षा तक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. धर्मपाल ने की। कार्यक्रम में सभी अध्यापकों व स्कूली बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्कूल के उपप्राचार्य देवेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की प्रतियोगिता में पहले,दूसरे व तीसरे स्थान पर आने वाले बच्चों को इनाम भी वितरित किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी डॉ धर्मपाल ने कहा की विद्यार्थी राष्ट्र की धरोहर होते है।उन्हें अच्छे संस्कार और शिक्षा देने में अध्यापक वर्ग अपनी भागीदारी निभाएं। ताकि जिला व प्रदेश स्तर पर उनकी अच्छी पहचान बनें।इस अवसर पर काफी संख्या में स्कूली बच्चे व अध्यापक वर्ग भी शामिल हुए।

# बिहार में नगर निकाय चुनाव का रास्ता साफ, सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी में सुनवाई की तारीख तय की, तब तक पूरी हो जायेगी चुनावी प्रक्रिया

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-बिहार में नगर निकाय चुनाव का रास्ता साफ हो गया है. नगर निकाय चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट से रोक का खतरा मंडरा रहा था. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में बड़ा फैसला दिया था कि अति पिछड़ा वर्ग आयोग को डेडिकेटेड कमीशन नहीं माना जा सकता है. ऐसे में ये लग रहा था कि सुप्रीम कोर्ट 18 और 28 दिसंबर को होने वाले निकाय चुनाव पर रोक लगा सकता है. लेकिन अब सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए 20 जनवरी 2023 का डेट तय किया है।जाहिर है जब सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई करेगा तब तक बिहार में नगर निकाय चुनाव संपन्न हो जायेगा. हालांकि इससे पहले 28 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बिहार अति पिछडा वर्ग आयोग को डेडिकेटेड कमीशन नहीं माना जा सकता है. हालांकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश में एक टाइपिंग मिस्टेक हुआ था और एक्ट्रीमली बैकवार्ड क्लास कमीशन के बजाय इकोनॉमिकल बैकवार्ड क्लास कमीशन टाइप हो गया था. 1 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने नया आदेश निकाल कर कहा कि उसने एक्ट्रीमली बैकवार्ड क्लास



कमीशन( अति पिछडा वर्ग आयोग) को डेडिकेटेड कमीशन नहीं मानने की बात कही है।

**याचिका दायर करने वाले की अर्जी पर 20 जनवरी की तारीख**

सुप्रीम कोर्ट के रूख को देखते हुए पूरी संभावना नजर आ रही थी कि बिहार में फिर से नगर निकाय चुनाव टलने जा रहा है. लेकिन 5 दिसंबर को याचिका दायर करने वाले सुनील कुमार की ओर से उनके वकील फिर से कोर्ट में पेश हुए. इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने आदेश निकाला है. सुप्रीम कोर्ट ने 5 दिसंबर को अपने नये आदेश में कहा है कि याचिका दायर करने वाले सुनील कुमार की अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा की दलीलें सुनने के बाद इस केस की सुनवाई की अगली तारीख 20 जनवरी 2023 तय की जाती है।जाहिर है जब सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई करेगा तब तक बिहार में नगर निकाय चुनाव की सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी होगी. बिहार में राज्य निर्वाचन आयोग ने 18 और 28 दिसंबर को दो चरणों में चुनाव कराने का एलान किया है. 30 दिसंबर तक दोनों चरणों के चुनाव परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे. सुप्रीम कोर्ट ने उसके बाद सुनवाई की तारीख रखी है।जाहिर है ऐसे में अब चुनावी प्रक्रिया टलने के आसार खत्म हो गये हैं।

# पूर्व जिला पार्षद डॉ गुप्तेश्वर यादव का हुआ निधन, लंबे समय से चल रहे थे बीमार

दैनिक समाज जागरण, विरेन्द्र यादव जिला संवाददात्ता औरंगाबाद (बिहार) 6 दिसम्बर 2022 :- पूर्व जिला पार्षद डॉक्टर गुप्तेश्वर यादव का निधन बनारस में इलाज के दौरान हो गया। बता दें कि डॉ, गुप्तेश्वर यादव औरंगाबाद जिले के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत माया बिगहा गांव के निवासी थे। बताया जा रहा है कि डॉक्टर गुप्तेश्वर यादव लंबे समय से कैंसर जैसी जटिल बीमारी से ग्रसित थे। जिनका इलाज चल रहा था। 3 दिसंबर सोमवार की रात्रि में अचानक उनकी तबीयत खराब हुई जिसके बाद उन्हें माया बिगहा से एंबुलेंस से बनारस ले जाया गया जहां 3 दिनों तक इलाज जारी रहा इल्ज के क्रम में 6 दिसंबर को इलाज के दौरान डॉक्टर गुप्तेश्वर यादव ने दम तोड़ दिया।

डॉक्टर गुप्तेश्वर यादव सामाजिक कार्यों के साथ-साथ राजनीतिक के मजे हुए नेता थे। उन्होंने 1995 में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पार्टी समाजवादी पार्टी के टिकट पर उन्होंने औरंगाबाद विधानसभा से चुनाव लड़ा था। बाद में 2000 से 2006 तक वे जिला पार्षद रहे।शिवगंज में प्रत्येक वर्ष जिला स्तरीय से लेकर राज्यस्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन करवाते रहते थे। जहां राज्य के कई बड़े नेता और मंत्री पहुंचते थे। सामाजिक कार्यों के साथ-साथ वे



बिहार के सत्ताधारी पार्टी राजद के आजीवन सदस्य रहे।

पूर्व जिला पार्षद डॉ गुप्तेश्वर यादव का एक अलग सामाजिक कार्य था जिसका अनुकरण आज बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं।पूरे बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शराबबंदी करके रखा है। डॉक्टर गुप्तेश्वर यादव हमेशा से शराब के खिलाफ रहते थे और वह घूम घूम कर अपने क्षेत्र में लोगों को शराब से दूर रहने की बात करते रहते थे। शिक्षा को वे मूल पूंजी बताते थे और वह मंच से जब भाषण देते थे जरूर कहते थे हम और आप एक रोटी कम खाएं लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाये।

निधन की सूचना पर जिला पार्षद राजद नेता शंकर यादवेन्दु अनिल यादव पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय यादव ग्राम पंचायत के मुखिया संजय यादव राजद नेता पैक्स अध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष पंचायत समिति प्रतिनिधि संजीव सिंह पूर्व मुखिया प्रतिनिधि लंबू यादव पूर्व मुखिया दयानंद कुशवाहा राजद नेता रविंदर यादव युवा जदयू के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल मेहता युवा राजद नेता राजू सिद्धि यादव एरकी कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कमलेश चौधरी दुलारे पंचायत के मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष सह व्यापार मंडल के डायरेक्टर देव प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष विजेंद्र कुमार यादव मुखिया धनंजय यादव जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह भवानी होटल के मालिक सामाजिक कार्यकर्ता पवन कुमार यादव भाजपा नेता आलोक सिंह सहित जिले के सैंकड़ो समानित जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकताओं ने शोक संवेदना प्रकट किया है।

# सर्दियों में चयापचय दर बढ़ने से भूख में होती है वृद्धि ,रहें सर्दियों में सतर्क-डा. एस के साह

मधेपुरा । आमतौर पर सर्दियों का मौसम स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इस मौसम में वातावरण में नयी ताजगी आ जाती है। लेकिन इस परिवर्तन के साथ-साथ कई शारीरिक समस्याएं भी प्रारंभ हो जाती हैं। इसलिए सर्दियों में स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

यह बात तिहाड़ सेंट्रल जेल हास्पिटल में असिस्टेंट प्रोफेसर एवं सीनियर कंसल्टेंट (साइकेट्री) डा. संतोष कुमार साह ने कही। वे मंगलवार को सर्दियों में स्वास्थ्य रहने के सामान्य सूत्र विषय पर आयोजित सेहत संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के सौजन्य से संचालित सेहत केंद्र के तत्वावधान में किया गया।

उन्होंने बताया कि बताया सर्दियों में चयापचय दर बढ़ने से भूख में वृद्धि होती है। ऐसे में ज्यादा खाने से वजन भी बढ़ने लगता है। इस दौरान समुचित गर्म आहार लें और ठंड तासीर की चीजों का सेवन करने से बचें।

उन्होंने बताया कि सर्दियों में त्वचा की नमी कम हो जाती है और शरीर में डिहाइड्रेशन का खतरा उत्पन्न हो जाता है। इससे बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं और गर्म दूध, हर्बल टी, काढ़ा एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक पेय का सेवन करें। कान, नाक, गला आदि को ढंक कर रखें।

उन्होंने बताया कि सर्दियों में सर्दी, खांसी जैसी सामान्य बीमारियों के साथ

-साथ हार्ट अटैक जैसी गंभीर समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। अतः हमें सर्दियों में स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्कता रखने की जरूरत है।

जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति सह



बीएन मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के पूर्व प्रति कुलपति प्रो. (डॉ.) फारूक अली ने कहा कि मौसम के परिवर्तन का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। इसलिए हमें विभिन्न मौसमों में स्वास्थ्य का खास ख्याल रखना पड़ता है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली के पूर्व पीआई एवं पब्लिक हेल्थ इम्पावरमेंट एंड रिसर्च आगेर्नाइजेशन के सीईओ डॉ. विनीत भार्गव ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ लंबा जीवन नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण जीवन होना चाहिए। हम अपनी जीवनशैली में सुधार लाकर बेहतर जीवन जी सकते हैं। हमें सेहत के प्रति जागरूक करने की दिशा में सेहत संवाद एक सराहनीय कदम है। इससे आम लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने की।अतिथियों का स्वागत मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार मिश्र ने किया। संचालन शोधार्थी सारंग तनय ने किया। तकनीकी पक्ष गौरव कुमार सिंह एवं सौरभ कुमार चौहान ने संभाला। स्वयं प्रिया एवं अन्य ने प्रश्न पुछकर चर्चा को जीवंत बनाने में बड़ी भूमिका निभाई।

इस अवसर पर प्रतिकुलपति डॉ. पवन पोद्दार, गांधीवादी विचारक डॉ. विजय कुमार, अर्थशास्त्री डॉ. अनिल ठाकुर, समाजसेविका नसीमा दिलकश, विपिन दुबे, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. राजीव रंजन कुमार, डॉ. आर. एस. पांडेय, डॉ. विद्यानंद, डॉ. विवेक पांडे, डॉ. विद्या नाथ झा, हिमांशु शेखर, डॉ. प्रियंका सिंह, जयश्री, नसीमा दिलकश, रजनीश, गुलअफशां प्रवीण, शक्ति सागर, श्याम प्रिया, गणेश्वर, गौरव कुमार सिंह, सिमरन खातुन, सुमन कुमार झा, डॉ. देवाशीष दीपक, नवीन कुमार, स्वामी नंदन, डॉ. आर. एस. यादव, डॉ. वरदराज, गुरुदेव कुमार, राजेश कनोडिया, दिलीप कुमार दिल, डेविड यादव, मुकेश चौहान, हर्ष आदि उपस्थित थे

# भारतीय आदर्श समाज के नायक थे डॉ.भीमराव अम्बेडकर: डॉ.जवाहर पासवान

## राजकीय अम्बेडकर कल्याण छात्रावास में बाबा साहब अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस आयोजित

दैनिक समाज जागरण, मधेपुरा ।

डॉ.भीमराव अम्बेडकर भारतीय आदर्श समाज के नायक थे ।

उक्त बातें राजकीय अम्बेडकर कल्याण छात्रावास टी.पी.कालेज मधेपुरा में डॉ.भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर छात्रों को संबोधित करते हुए छात्रावास अधीक्षक डॉ जवाहर पासवान ने अध्यक्षीय संबोधन में कही।

उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर मूलतः एक समाज सुधारक एवं समाजिक चिंतक थे। वह हिन्दु समाज द्वारा स्थापित समाजिक व्यवस्था से काफी असंतुष्ट थे और उनमें सुधार की मांग करते थे ताकि सर्व धर्म सम्भाव पर आधारित समाज की स्थापना की जा सके। अम्बेडकर ने अस्पृश्यता के उन्मूलन और अस्पृश्यों की भौतिक प्रगति के लिए अथक प्रयास किय । वे 1924 से जीवन पर्यन्त अस्पृश्यों का आंदोलन चलाते रहे। उनका दृढ विश्वास था कि अस्पृश्यता के उन्मूलन के बिना देश की प्रगति नहीं हो सकती। अम्बेडकर का मानना था कि अस्पृश्यता का उन्मूलन जाति-व्यवस्था की समाप्ति के साथ जुड़ा हुआ है और जाति व्यवस्था धार्मिक अवधारणा से संबद्ध है। समाजिक सुधारों की प्रमुखता जीवनशैली बना रहा।

समाज सुधार हमेशा डॉ. अम्बेडकर की प्रथम वरीयता रही। उनका विश्वास था कि आर्थिक और राजनीतिक मामले समाजिक न्याय के लक्ष्य की प्राप्ति के बाद निपटाये जाने चाहिए।अम्बेडकर का विचार था कि अर्थिक विकास सभी समाजिक समस्याओं का समाधान कर देगा। जातिवादी हिंदुओं की मानसिक दासता की अभिव्यक्ति है। इस प्रकार जातिवाद के बुराई के निवारण के बिना कोई वास्तविक परिवर्तन नहीं लाया जा सकता। हमारे समाज में क्रांतिकारी बदलाव के लिए समाजिक सुधार पूर्व शर्त है समाजिक सुधारों में परिवार व्यवस्था में सुधार और धार्मिक सुधार भी शामिल है परिवार सुधारों में बाल विवाह जैसे कुप्रथाओं की समाप्ति भी शामिल है। अम्बेडकर ने भारतीय समाज में महिलाओं की गिरती स्थिति




की कटु आलोचना की उनका मानना था कि महिलाओं को पुरूषों के समान अधिकार मिलने चाहिए और उन्हें भी शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू धर्म में महिलाओं को सम्पत्ति के अधिकार से वचिंत रखा गया है। हिंदू कोड बिल जो उन्होंने ही तैयार करवाया था उन्होने यह ध्यान रखा कि महिलाओं को भी सम्पत्ति में एक हिस्सा मिलना चाहिए। उन्होंने अस्पृश्यों को संगठित करते समय अस्पृश्य समुदाय की महिलाओं का आगे आने के लिए सदैव आहवान किया कि वे राजनीतिक और सामाजिक आंदोलनों में भाग ले।

**जाति प्रथा का विरोध**

डॉ. भीम राव अम्बेडकर जाति प्रथा के कट्टर विरोधी थे। जाति प्रथा का विरोधी होने का मुख्य कारण उनके स्वयं का भुक्त भोगी होना था वह जाति प्रथा को वर्ण व्यवस्था का आधुनिक और घृणित रूप मानते थे क्योंकि समयानुसार वर्ण व्यवस्था में जटिलता आ गई और उसने जाति प्रथा का रूप धारण कर लिया था। अब व्यक्ति को उसके कार्यों की अपेक्षा जाति से जाना जाने लगा था। जहां समान जाति की उपजातियों के लोगों में भोजन, सदाचार व्यवसाय की समानता होने से विवाह सम्बन्धों की स्थापना हुई और उसने जाति व्यवस्था को मजबूती एवं स्थायित्व प्रदान किया। डॉ। भीम राव अम्बेडकर ने जाति प्रथा के विरोध के निम्नलिखित कारण बताए--

1. यह प्रथा निम्न वर्गों के लोगों के गुणों एवं प्रतिमा की उपेक्षा करती है।
2. जति प्रथा अंतजातीय विवाह सम्बधों का बहिष्कार करती हैं।
3. यह समाज में विद्यमान विभिन्न जातियों में परस्पर द्वेष और तनाव को पैदा करती है।
4. यह व्यवस्था प्रजातन्त्र विरोधी है क्योंकि प्रजातन्त्र में समानता स्वतन्त्रता न्याय और बंधुत्व पर बल दिया जाता है।

डॉ. अम्बेडकर ने जाति प्रथा को मानवीय विरोधी माना क्योंकि यह निम्न वर्गों को घृणित और अमानवीय कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। इन्ही आधारों पर डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने जाति प्रथा का विरोध किया।

कार्यक्रम का संचालन छात्र नायक नमन रंजन उर्फ हीरा बाबू ने किया उक्त अवसर पर छात्र प्रिया रंजन बाबुल कुमार, सोनू कुमार भारती, प्रभाकर कुमार, मिथिलेश कुमार शिव शंकर कुमार रोमित कुमार रूपेश कुमार विक्रम कुमार अनिल कुमार, युवराज कुमार ,ध्रुव कुमार, विनोद कुमार, कुंदन कुमार, मंटू कुमार कुमार, अभिषेक कुमार, मंटू कुमार सुमन कुमार, विकास कुमार, शंकर कुमार, सतीश कुमार, देवराज कुमार, अमरेंद्र कुमार विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

# मिशन -60 के कार्यों की समीक्षा हेतु जिला पदाधिकारी ने किया सदर अस्पताल का दौरा

समाज जागरण , आलोक शर्मा , जिला संवाददात्ता औरंगाबाद (बिहार)

औरंगाबाद (बिहार) 6 दिसम्बर 2022 :- जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल द्वारा जिले के सदर अस्पताल में मिशन-60 के तहत कराए गए कार्यों की समीक्षा के लिए आज अस्पताल का दौरा किया गया. इस क्रम में पाया गया कि कार्ययोजना के आलोक में परिसर की साफ-सफाई, पार्किंग एरिया का निर्धारण, बायो मेडिकल वेस्ट स्टोरेज के लिए कॉमन कलेक्शन प्वाइंट बनाने का कार्य, कबाड़ सामग्रियों को यथा स्थान रखने का कार्य, अनावश्यक पेड़ पौधों को कटवाने का कार्य, नए तरीके से साइनेज बनाने का कार्य, अंदरूनी एवं बाहरी वाइटवॉशिंग, सेप्टिक टैंकों की सफाई-सफाई, टूटे हुए पाइपों की मरम्मत, पेयजल की व्यवस्था, सुविधाभोगियों के बैठने के लिए प्रतीक्षा स्थल, वातानुकूलन के लिए अस्पताल में लगाए गए एसी में से खराब पड़े एसी की मरम्मत, टूटे-फूटे एवं लूज हैंगिंग वायरों की मरम्मत, अनाउंसमेंट सिस्टम, पूछताछ, बायो मेडिकल वेस्ट को अलग-अलग रखने के लिए निर्धारित बिन की व्यवस्था, क्वालिटी मैनेजमेंट टूल फाइव एस का क्रियान्वयन एवं बायोमेट्रिक अटेंडेंस लगाने का कार्य संतोषजनक स्थिति में है. विदित हो कि उप मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री बिहार सरकार द्वारा राज्य के सभी सदर अस्पतालों की व्यवस्था को सुधारने की प्रतिबद्धता के आलोक में मिशन-60 नामक कार्यक्रम का क्रियान्वयन कराया जा रहा है. इस



परिप्रेक्ष्य में जिला पदाधिकारी द्वारा आज समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अस्पताल में गार्डन विकसित करने, बॉन्ड्री वॉल पेंटिंग, इंटरनल रोड को ठीक कराने के कार्य को पूरा नहीं किया गया है तथा उक्त कार्यों को पूर्ण कराने में अभी और समय लगेगा. जिला पदाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग, स्थानीय लोक अभियंत्रणे संगठन के अधिकारियों एवं संबंधित संवेदकों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया. जिला पदाधिकारी द्वारा अस्पताल में प्रकाश की और अच्छी व्यवस्था कराने पर बल दिया गया. साथ ही साथ नए भवन निर्माण करने वाले संवेदक के प्रतिनिधि को बुलाकर कार्य में तेजी लाने तथा मरीजों को आने जाने के लिए अतिक्रमित रास्ता ठीक कराने का निर्देश दिया गया. उक्त आशय की सूचना देते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ कुमार मनोज द्वारा बताया गया कि जिला पदाधिकारी से प्राप्त निर्देशों के आलोक में सारे कार्य एक सप्ताह के अंदर पूरा कर लिए जाएंगे. निरीक्षण के दौरान स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के कार्यपालक अभियंता, नागेंद्र कुमार केसरी अन्यान्य सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे. इस कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक (आत्मा), औरंगाबाद-सह-उप निदेशक (कृषि अभि0) भूमि संरक्षण, औरंगाबाद, सहायक निदेशक (शष्य) भूमि संरक्षण, औरंगाबाद, सहायक निदेशक (कृषि अभि0), औरंगाबाद, परियोजना प्रबंधक-सह-तकनीकी विशेषज्ञ, भूमि संरक्षण, औरंगाबाद सहायक निदेशक उद्यान, औरंगाबाद, सहायक निदेशक रसायन, औरंगाबाद, उप परियोजना निदेशक (आत्मा), औरंगाबाद, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, औरंगाबाद/दाउदनगर उपस्थित रहे।

# आपदा से बचाव को लेकर जागरूकता बैठक।

दैनिक समाज जागरण,
गोह से सुखेन्द्र कुमार का रिपोर्ट

औरंगाबाद (बिहार) 06 दिसंबर 2022 :- गोह प्रखंड परिसर में आपदा से बचाव को लेकर जागरुकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड के सभी बिस पंचायत के विकास मित्र, ग्राम कचहरी सचिव, पंचायत सचिव, पंसस एवं राहत बचाव दल के कर्मियों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि जगरुकता एवं पूर्व तैयारी से आपदा के प्रभाव को कम किया जा सकता है. उपस्थित पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा को रोक पाना मनुष्य के बस में नहीं है, लेकिन प्राकृतिक आपदा को लेकर लोगों के जागरुक रहने एवं संभावित आपदा



की पूर्व तैयारी रहने से इसके कुप्रभाव को कम किया जा सकता है। आगे कहा कि गांव व मुहल्ला स्तर पर लोगों को जागरुक करें। गैस चूल्हा, रेगुलेटर व पाइप की नियमित सफाई करें। फूस के घर में मिट्टी का लेप अवश्य लगाएं। जनप्रतिनिधि, कर्मी एवं आमजन आपसी समन्वय स्थापित कर आसूचना तंत्र को मजबूत करें. ताकि आपदा के समय बेहतर तरीके से काम किया जा सके। बिजली पोल के नीचे खड़ा नहीं हो। किसी भी तरह के आपदा आने पर तुरंत स्थानीय प्रशासन को सूचित करे। छोटे बच्चे को तालाब अथवा नदी में न भेजें. जिन्हें तैरना नहीं आता वो नदी व तालाब में जाने से परहेज करें। इस मौके पर सीओ मुकेश कुमार, डिहुरि पंचायत के मुखिया पप्पू यादव, उपहारा मुखिया चंद्रभूषण उर्फ गुड्डू, विकास मित्र शिवलाल, सहित सभी कोषांगों के पदाधिकारी मौजूद थें।

# यू भी के कॉलेज कड़ामा ने एलएन कॉलेज बनगांव को 45-28 से पराजित कर किया फाइनल में प्रवेश- डॉ माधवेंद्र झा

आलमनगर । यू भी के कॉलेज कड़ामा में फ्रेशर्स डे के मौके पर आयोजित अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के पहले मुकाबले में एमएलटी कॉलेज ने पार्वती साइंस कॉलेज को 35-22 के अंतर से पराजित किया वहीं दूसरे नॉकआउट मैच में यूभीके कॉलेज ने एसकेडीई कॉलेज उदाकिशुनगंज 55-7 के अंतर से हराया।पहले सेमीफाइनल मुकाबले में ठाकुर प्रसाद कॉलेज मधेपुरा की टीम ने एमएलटी कॉलेज



सहरसा को 29-24 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया वही दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में यू भी के कॉलेज कड़ामा ने एलएन कॉलेज बनगांव को 45-28 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया।इस मौके पर मुख्य अतिथि समेत टीम के सदस्य एवं बड़ी संख्याओं में दर्शक मौजूद रहे ।

# डॉ. अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम

## डॉ. अंबेडकर ने हमें 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का संदेश दिया- प्रधानाचार्य

मधेपुरा । डॉ. भीमराव अंबेडकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनका नाम देश-दुनिया के प्रमुख शिक्षाविद्, दार्शनिक, अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री एवं संविधान विशेषज्ञ में शामिल है और उन्हें दुनिया में ज्ञान के प्रतिक माना जाता है। यह बात दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कही। वे मंगलवार को डॉ. अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बोल रहे थे।




उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल दलितों के मसीहा नहीं थे, बल्कि वे संपूर्ण मानवता के उन्नायक थे। उन्होंने जीवन भर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार की रक्षा हेतु संघर्ष किया। उन्होंने संविधान के माध्यम से सभी लोगों के लिए स्वतंत्रता, समानता, बंधुता की गारंटी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने हमें 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का संदेश दिया है। हम शिक्षित होंगे, तभी हम अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों को जान सकेंगे।

मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार मिश्र ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने दुनिया को मानववाद का संदेश दिया। उनके मानववाद को केन्द्र में रखकर ही देश का विकास हो सकता है।

इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता डॉ. राकेश कुमार, डॉ. शहयार अहमद, डॉ. रश्मि कुमारी, डॉ. गौरव श्रीवास्तव, डॉ. अंकेश, डॉ. मीनू सोडी, शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान आदि उपस्थित थे।

# एक सप्ताह से खड़ाब वेपर लाइट की वजह से मरीजों को हो रही आवाजाही में कठिनाई

अररिया-युथ प्रोग्रेसिव सर्किल के जिला अध्यक्ष मुजफ्फर हाशमी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला प्रशासन अररिया से मांग की है क्या सदर हॉस्पिटल रोड के मार्क्स वेपर लाइट को ठीक कराया जाए विगत एक सप्ताह से यह लाइट खराब पड़ा हुआ है जिसके वजह से राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है खासतौर से सदर अस्पताल जाने वाले रोगियों और उन के परिजनों को इस वेपर लाईट के खराब होने की वजह से हॉस्पिटल आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है मांग करने वालों में संस्था के जिला अध्यक्ष मुजफ्फर हाशमी,फैजानअहमद,मो०कलाम, मुंशी जी,आसिफ अली, साहिल आलम आदियों ने जिला प्रशासन अररिया से मांग की है।

# ललन सिंह जी के दूरदर्शी एवं शानदार नेतृत्व में जद यू हर दिन नई गरिमा और गौरव प्राप्त करेगा- फिरोज आलम

शंकरपुर । श्रद्धेय अभिभावक राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह जी के निर्विरोध जदयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर

वरीय जद यू नेता सह बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव जनाब फिरोज आलम नदवी नें जदयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह जी को ढेरों बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं देते हुए दिली मुबारकबाद दी ।भाई फिरोज नें चलभाष पर उन्हें कहा कि हमें अखंड विश्वास है कि आपके दूरदर्शी एवं शानदार नेतृत्व में हमारा संगठन हर दिन नई गरिमा और गौरव प्राप्त करेगा।

# बुद्धू बीघा पहुंचकर लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने दिया सांत्वना

जिला ब्यूरो अरवल से मृत्युंजय कुमार की रिपोर्ट

करपी। लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान रात्रि 8:30 बजे बुद्धू बीघा गांव पहुंचे. जहां 3 दिनों पूर्व मुरारी पंचायत के पूर्व मुखिया पति मनोज यादव की हत्या कर दी गई थी। लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इनके बड़े भाई सिद्धनाथ यादव तथा मृतक की पत्नी से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी. उन्होंने कहा कि इस घटना की



जितनी भी निंदा की जाए वह कम है. उन्होंने कहा कि बिहार में चारों और भयावह स्थिति है और सड़क पर उतर कर अब परिवर्तन के लिए शंखनाद किया जाएगा. इस हत्याकांड में शामिल आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने तथा परिवार को उचित मुआवजा एवं सरकारी नौकरी देने की मांग राज्य सरकार से की है। इन्होंने बताया कि बिहार में अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। रास्ते में राष्ट्रीय अध्यक्ष का कई स्थानों पर स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद अरुण कुमार, हुलास पांडे, छात्र लोजपा की नेत्री यामिनी मिश्रा, पार्टी के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामाज्ञा यादव, अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शिव कुमार पासवान,जलजीत पासवान समेत पार्टी के सभी बड़े एवं स्थानीय नेता उपस्थित थे।

# संकुल स्तरीय तरंग प्रतियोगिता 2022 का हुआ आयोजन

जिला ब्यूरो अरवल से मृत्युंजय कुमार के रिपोर्ट

करपी।स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय कोचहसा के प्रांगण में संकुल स्तरीय तरंग प्रतियोगिता 2022 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कोचहसा मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद सरफराज अहमद ने किया जबकि संचालन प्राथमिक विद्यालय छक्कन बिगहा के प्रधानाध्यापक मनीष कुमार निराला ने किया। इस



प्रतियोगिता के सफल संचालन में शारीरिक शिक्षक जितेंद्र शर्मा, मुकेश कुमार, सुदामा सिंह समेत अन्य शिक्षकों ने सहयोग किया। तरंग प्रतियोगिता के संबंध में मनीष कुमार निराला ने बताया कि इस बार इसके अंतर्गत U/12,U/14 एवं U/17 के बालक बालिकाओं का चयन किया जाना है। U/14 एवं U/17 में 100 मीटर दौड़ ,800 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक एथलेटिक से संबंधित खेल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बालक-बालिकाओं का चयन करना है। U/12 में 60 मीटर दौड़, 300 मीटर दौड़, लंबी कूद एवं बॉल थ्रो में छात्र-छात्राओं का चयन करना है। U/17 में कबड्डी एवं खो-खो में आठ-आठ तथा फुटबॉल मे बारह छात्र-छात्राओं का चयन किया जाना है। सभी चयनित प्रतिभागियों द्वारा प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाएंगे।इसमे छात्र-छात्राओ को विद्यालय ,संकुल ,प्रखंड, जिला, प्रमंडल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। मौके पर शिक्षक राजेश कुमार, सत्यनारायण विश्वकर्मा, अनिल कुमार, श्री नारायण, जुबेर आलम,संतोष कुमार, रश्मि कुमारी,रेखा कुमारी,सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएँ शामिल हुए।

## अतिथि सहायक प्राध्यापक: तेरा दर्द न जाने कोय ....

### मानदेय भुगतान की व्यवस्था मासिक रूप से की जाए ,लंबित 9 महीने का मानदेय भुगतान अति शीघ्र किया जाए- डॉ.सतीश

# अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ नें धरना के उपरांत कुलपति को सौंपा मांग पत्र

मधेपुरा। बिहार राज्य विश्वविद्यालय अतिथि सहायक अध्यापक संघ के आह्वान पर भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय,मधेपुरा में कार्यरत अतिथि सहायक प्राध्यापकों को मार्च 2022 से आज तक मानदेय का भुगतान भुगतान नहीं किया गया है जिसके कारण अत्यधिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पर रहा है। विश्वविद्यालय मुख्यालय में आज प्रान्तीय बिहार राज्य विश्वविद्यालय अतिथि सहायक अध्यापक संघ के बैनर तले एक दिवसीय धरना आयोजित करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन एवं सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया जिससे समस्या का निदान हो सके। अतिथि सहायक प्राध्यापकों के मानदेय भुगतान में प्रायः प्रत्येक वर्ष अत्यधिक विलंब होता है ।यह दुखद है कि मानदेय भुगतान लगभग वार्षिक हो गया है। अतिथि शिक्षकों ने मांग की है की मानदेय भुगतान की व्यवस्था मासिक रूप से की जाए और लंबित 9 महीने का मानदेय भुगतान अति शीघ्र किया जाए।इस मौके पर अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ बी एन एम यू, मधेपुरा के अध्यक्ष डॉ.सतीश कुमार दास की अगुआई में एक मांग पत्र माननीय कुलपति प्रो.(डॉ.) आर के पी रमण को कुलपति वेश्म में जाकर मांग पत्र सौंपा ।अवसर पर सभी गेस्ट प्राध्यापक मौजूद थे ।

## एस.एस. बी. सीमा चौकी निओर ने नाका ड्यूटि के दौरान अवैध रूप से भारत से नेपाल ले जा रहे खाद तथा 08 साइकल के साथ तीन व्यक्तियों को किया गिरफ्तार।

**अभिषेक आनन्द /समाज जागरण, वीरपुर,सुपौल।**

जिले के बिरपूर अनुमंडल में एस.एस. बी. 45 बटालियन की सीमा चौकी निओर ने नाका ड्यूटि के दौरान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अवैध रूप से भारत से नेपाल ले जा रहे खाद तथा 08 साइकल के साथ तीन व्यक्तियों को किया गिरफ्तार ।

जानकारी देते हुए 45 वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट श्री आलोक कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से सूचना मिली थी कि सीमा स्तम्भ संख्या 229/11 के पास से कुछ लोग खाद लेकर नेपाल जाने वाले हैं । सूचना की पुष्टि करने के उपरांत एक विशिष्ट नाका दल का गठन किया गया । मु. आ. विकाश एस. वानखेडे के नेतृत्व में, आरक्षी नूतन कुमार तथा अन्य 02 का नाका दल निर्धारित स्थान पर भेजा गया । कुछ समय उपरांत नाका दल को भारतीय प्रभाग से कुछ लोग साइकल पर समान लेकर नेपाल की तरफ जाते दिखे नाका दल के द्वारा रोके जाने के फलस्वरूप सभी व्यक्तियों ने अपनी साइकल तथा समान

छोडकर नेपाल की तरफ भागने की कोशिश की जिनमें से 03 व्यक्तियों को नाका दल द्वारा पकड़ लिया गया जबकि शेष 05 व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गए, पकड़े गए व्यक्तियों से पूछताछ के क्रम में उन्होने अपनी पहचान 01. मनोज कुमार खाँग, उम्र-24 वर्ष, पिता-देव नारायण खाँग, ग्राम-कोचा बखरी वार्ड-09, सप्तरी नेपाल 02.राम कुमार मुखिया, उम्र-25 वर्ष, पिता-गुलाई मुखिया, ग्राम-बरही बीरपुर, वार्ड-02, सप्तरी, नेपाल तथा 03. पवन कुमार यादव, उम्र-24 वर्ष, पिता-राम चरित्र यादव, ग्राम-इटाहरि बिशनपुर, वार्ड-04, सप्तरी बताई । इसके उपरांत साइकल पर रखे गए सामान को देखने पर पाया गया कि सभी साइकलों पर अलग-अलग प्रकार के खाद कि बोरिया रखी गयी थी जिनमें ऊअढ खाद-11 बोरी, यूरिया खाद-06 बोरी तथा पोटाश खाद -02 बोरी कुल 19 बोरी खाद थी । जब्ती संबंधी कागजी कार्यवाही पूरी करने के पश्चात जब्त की गयी 19 बोरी खाद तथा 08 साइकल के साथ पकड़े गए तीनों व्यक्तियों को सीमा शुल्क विभाग कुनौली सुपौल के सुपुर्द किया गया ।

## चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ की गई सप्ताहिक बैठक।

**सरोज कुमार/समाज जागरण, किसनपुर, सुपौल**

जिले के किसनपुर प्रखंड परिसर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अभिषेक कुमार सिन्हा के अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ साप्ताहिक बैठक आयोजित किया गया। जहां मौजूद एएनएम के साथ स्वास्थ्य उपकेंद्र वार समीक्षा की गई। बैठक में प्रभारी चिकत्सा पदाधिकारी द्वारा एजेंसी, पीएनसी, एचबीएनसी, एमडीआर, सीडीआर, डीवीडीएमएस, आईएचपीआई, एनसीडी, अनमोल एवम नियमित टीकाकरण आदि विषयों पर विस्तृत रूप से बैठक में समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य उपकेन्द्र सिंगियावन, सुखासन, नौआवाखार, अंदौली एवम चौहट्टा में एएनएम द्वारा लक्ष्य पूरा नहीं करने के कारण काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित स्वास्थ्य उपकेन्द्र के एएनएम को आदेशित किया गया की आप सभी अपने कार्य शैली में सुधार लाए तथा

लक्ष्य को किसी भी सूरत में पूर्ण करें। अन्यथा आप सबों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी सुपौल द्वारा सभी एएनएम को निर्देशित किया गया की आप सभी डिजिटल माइक्रो प्लान के अनुसार निर्धारित तिथि को ही टीकाकरण करे। जिला योजना समन्वयक बाल कृष्णा चौधरी द्वारा सभी एएनएम को कुपोषित बच्चे को एनआरसी रेफर करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा सभी एएनएम को निर्देशित किया गया कि अगले बैठक में आप सभी 1 दिसंबर 2022 बैठक के दिन से एक दिन पहले तक जो भी कार्य किया जाएगा। उसका प्रतिवेदन बैठक में लेकर आएंगे। जिसकी समीक्षा प्रत्येक साप्ताहिक बैठक में की जाएगी। बैठक में बीसीएम हरिवंश कुमार सिंह, लेखा प्रबंधक राजकुमार चौधरी, बी एम एंड आई चंदन कुमार, बी एम सी यूनिसेफ हिमांशु कुमार सभी एएनएम आदि मैजूद थे।

## नशे का धंधा : युवाओं को कारोबार में शामिल करने में सौदागर सफल !!

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) । एस एस बी 41वीं बटालियन पानीटंकी कंपनी के जवानों ने एक 25 वर्षीय युवक को संदिग्ध मॉर्फिन के साथ हिरासत में लिया है । हिरासत में लिए गए युवक का नाम विमल मुर्मू खोरीबाड़ी थाना क्षेत्र के टीपूजोत का निवासी बताया गया है ।

एस एस बी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना मिली कि खोरीबाड़ी थाना क्षेत्र के टीपू जोत इलाके में एक युवक किसी को प्रतिबंधित नशीली पदार्थ आपूर्त करने वाला है । मद्देनजर एस एस बी 41 बटालियन अंतर्गत पानीटंकी कंपनी के अस्सिटेंट कमांडेंट निखिल विश्वास के नेतृत्व में एक टीम गठित कर उक्त इलाके में पहुंचकर एक संदिग्ध युवक को रोक कर पूछ-ताछ की गई । पूछ-ताछ के क्रम में शक होने पर उसकी तलाशी ली गई । तलाशी के दौरान उसके जैकेट के पैकेट से 100 ग्राम संदिग्ध मॉर्फिन बरामद की गई । इस दौरान उसके पास से एक मोबाइल फोन भी जब्त की गई । ड्रग्स डिडेक्शन किट से जांच करने पर जब्त किए गए नशीले पदार्थ की पुष्टि होने के बाद उसे मोके पर ही प्रतिबंधित नशीली पदार्थ के साथ हिरासत में ले लिया गया ।

एस एस बी पानीटंकी द्वारा आवश्यक करवाई के बाद उक्त व्यक्ति को जब्त मॉर्फिन के साथे खोड़ीबाड़ी थाना को अग्रिम करवाई हेतु सौंप दिया गया है । फिलहाल खोड़ीबाड़ी थाना पुलिस अग्रिम करवाई में व्यस्त है ।

## अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त तकनीकी आधारित मोटरवाहन चालन प्रशिक्षण विद्यालय का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

राज कुमार /किशनगंज :- किशनगंज जिले में सिंघिया स्थित अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त तकनीकी आधारित मोटरवाहन चालन प्रशिक्षण विद्यालय का जिलाधिकारी, किशनगंज, श्रीकांत शास्त्री ने विधिवत उदघाटन किया। इस मौके पर डीटीओ रामाशंकर भी उपस्थित रहे।

बिहार सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप इस ट्रेनिंग स्कूल को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है।उदघाटन के अवसर पर डीएम ने बताया कि जिले के लिए यह अच्छी सौगात है। चालक प्रशिक्षित और ट्रेंड हो जाएंगे तो रोड एक्सीडेंट की घटनाएं काफी कम हो जाएगी। किशनगंज में अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती है।इस ट्रेनिंग स्कूल की जिले को बहुत आवश्यकता थी।अब यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अच्छे और प्रशिक्षित ड्राइवर मिलेंगे।ड्राइविंग सीखने के इच्छुक लोगों के लिए यह बहुत कारगर साबित होगा।इससे प्रेरणा लेकर और भी लोग इस तरह के स्कूल खोलेंगे।

**अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है यह ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल**

ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल को बिहार सरकार द्वारा निर्गत गाइडलाइंस के अनुसार आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है,जिसमे सेमुलेटर द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।सेमुलेटर से प्रशिक्षण प्राप्त होने के बाद अमूमन प्रशिक्षणार्थीयों को वाहन चलाने से पूर्व लगने वाला भय समाप्त हो जाता है।साथ ही, इस अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से पहाड़ी मार्गों पर चालन,रात में चालन,भीड़भाड़ वाले इलाके में चालन, कुहरे-कुहासे में चालन आदि विभिन्न परिस्थितियों में वाहन चालन के गुर भी सेमुलेटर द्वारा सिखाया जाएगा।इसके साथ ही

इस विद्यालय में प्रोजेक्टर,ऑडियो वीडियो सिस्टम के माध्यम से थ्योरी कक्षाओं को भी शामिल किया गया है।जिसमे वाहन चलाने के नियमो,ट्रैफिक सिग्नलों की जानकारी के साथ साथ एक्सीडेंट की स्थिति से उबरने और एक्सीडेंट के समय घायलों की मदद करने की विधि भी बताई जाएगी।इस थ्योरी क्लास में वाहन चलाते वक्त क्या क्या सावधानियां बरतनी है सभी को विस्तार से समझाया जाएगा।एक बड़े भूभाग में स्कूल परिसर में ही एक स्टैण्डर्ड ट्रैक पर वाहन सिखाने की व्यवस्था भी की गई है।इस विद्यालय की कार्यशाला में वाहन चलाते समय होने वाली छोटी मोटी तकनीकी खराबियों से उबरने के लिए भी प्रशिक्षित किया जाएगा।

विद्यालय में सुविधाओं के रूप में परिसर में पुरुष और महिलाओं के लिए अलग अलग प्रसाधन की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था,सुरक्षा और गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था के साथ साथ अन्य कई सुविधाओं को जोड़ा गया है।

विद्यालय के संस्थापक संजय जैन ने बताया कि ड्राइवर का काम कार चलाने से बहुत ऊपर होता है।उसपर कई जिम्मेदारियां होती है।सबसे पहले उसका परिवार उसके सुरक्षित रहने की कामना करता है,गाड़ी में बैठी सवारियां के जान की हिफाजत भी ड्राइवर के हाथ मे ही होती है,ट्रैफिक हवलदार को भी एक ड्राइवर से अपेक्षा रहती है कि ड्राइवर की वजह से ट्रैफिक कंट्रोल में कोई बाधा न आए और जाम न लगे,दुर्घटना न घटे।इसके लिए बढिया प्रशिक्षण की जरूरत है।श्री जैन ने बताया कि बिहार सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार इस विद्यालय को आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया गया है।उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण मिले इसके लिए उच्च श्रेणी के ट्रेनरों द्वारा इस विद्यालय में प्रशिक्षण दिया जाएगा।भविष्य में विद्यालय से कुशल ड्राइवर तैयार होंगे।इस मौके पर मो नूरुल हक सहायक कोषागार पदाधिकारी, श्री आशीष कुमार पाण्डेय, जिला योजना पदाधिकारी, मोहम्मद मिनहाजुद्दीन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग किशनगंज आदि पदाधिकारी और किशनगंज ड्राइविंग स्कूल के प्रबंधन मौजूद थे।

## प्रखंड राजस्व कचहरी बना प्राइवेट लिमिटेड कंपनी।

**कुन्दन कुमार/समाज जागरण, छातापुर ,सुपौल**

जिले में छातापुर प्रखंड राजस्व कचहरी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन गई है। कार्यों की किल्लत से जूझ रहे राजस्व कचहरी में बगैर सरोहकार के चेहरों की हर दिन भीड़ जुटती है। जो सरेआम सरकारी कागजों से छेड़छाड़ करते नजर आते हैं। यह तथाकथित दलाल रैयतों के लिए मंदिर के पुजारी के समान है। जिनके बिना राजस्व कचहरी का कार्य समपन्न नहीं हो रहा है। बगैर इनसे मीले या फिर इनको मुँह मांगी सुविधा शुलक चुकाए जमीन संबंधित किसी प्रकार का कार्य हो जाना संभव नहीं जान पड़ता। सूत्रों की माने तो हर एक राजस्व कर्मचारी के अलग अलग दलाल हैं जिन्हें तथाकथित मुंसी का नाम दिया गया है रैयतों की माने तो राजस्व कचहरी के धरोहर माने जाने वाले कागजातों के पन्ने गायब पाए जा रहे हैं।स्पष्ट है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी निहित स्वार्थ की पूर्ति के लिए अभिलेखों से छेड़छाड़ तो कर सकता है लेकिन उसे फार कर गायब नही कर सकता तो फिर ऐसे गंभीर कृत्य को कौन अंजाम दे रहा है। ऐसे कई मामले देखे गए हैं जिसमें अभिलेख से कागजात गायब होने की बात सामने आई। बाबजूद विभाग की

ओर से राजस्व कचहरी को दलालों से मुक्त कराने के लिए कोई ठोस पहल नहीं किये जा रहे है। विभाग की माने तो कर्मियों की कमी से विभाग जूझ रहा है । हलका के अनुसार राजस्व कर्मी का पदस्थापना नहीं है। एक राजस्व कर्मि पर अनेक हलका की जिम्मेदारी है। नजीतन उन्हें प्राइवेट मुंसी रखने की बाध्यता है। हालांकि ये बात खुली तौर बताने से परहेज बरता जाता है। लेकिन हकीकत है कि ये तथाकथित मुंसी राजस्व कचहरी तक पहुंचने वालों रैयतों से अबैध वसूली का जरिया बने हैं। सोचनीय बात यह भी है कि कोई भी राजस्व कर्मि अपने तथाकथित मुंसी को खुद के वेतन से तो मेहनताना तो देते नहीं इसका अधिभार रैयतों को ही उठाना पड़ता है। जो फिलहाल रिस्वतखोरी के नाम पर व्यापक रूप ले रहा हैं। राजस्व कचहरी में दर्जन भर दलाल दिन भर कार्य करते नजर आते हैं जिसे तथाकथित मुंसी का नाम दिया गया हुआ है। इस बाबत पूछने के लिए छातापुर अंचलाधिकारी उपेन्द्र कुमार को फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन काट दिया । इस बाबत पूछे जाने पर अनुमंडल पदाधिकारी एस जेड हसन ने बताया कि इसके लिए अंचलाधिकारी को कार्यवाई के लिए बोला जाएगा।

## जल जीवन हरियाली अभियान चलाया गया

राज कुमार/किशनगंजः- सूचना एवं जनसंपर्क विभाग,बिहार के तत्वावधान में जल-जीवन- हरियाली दिवस पर जिला परिषद सभागार में परिचर्चा/गोष्ठी का आयोजन हुआ।

जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री के नेतृत्व में उपस्थित सभी हितधारको/पदाधिकारियों ने अपने विचार रखें। विभागीय कार्य योजनाओं/उपलब्धि से अवगत कराया गया। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को जल जीवन हरियाली दिवस मनाया जाता है।दिसंबर माह में कार्यक्रम का आयोजन सूचना एवम जन संपर्क विभाग के सौजन्य से किया गया।

परिचर्चा में जल जीवन हरियाली अभियान के मद्देनजर पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा,अपने आसपास के तालाब नदी पोखर एवं अन्य जल स्त्रोतों को प्रदूषित नहीं करने, आवश्यकता से अधिक जल का उपयोग नहीं करने, बिजली का उपयोग आवश्यकता अनुसार ही करने आदि बिंदुओ पर विचार प्रकट किए गए।

इस अवसर पर भवन निर्माण,वन,राजस्व,शिक्षा,लघु सिंचाई,जन संपर्क विभाग के पदाधिकारी ने विभागीय उपलब्धि और जल जीवन हरियाली अभियान की जागरूकता पर जानकारी दिए।

## लालू प्रसाद यादव का सिंगापुर में ऑपरेशन सफलतापूर्वक होने पर राजद नेता मुस्ताक आलम ने किया कंम्बल

**दैनिक समाज जागरण किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

दैनिक समाज जागरण किशनगंज ठाकुरगंज प्रखंड के उप स्वास्थ्य केन्द्र ठाकुरगंज में राजद के प्रदेश महासचिव पूर्व प्रमुख मुस्ताक आलम ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का सिंगापुर में ऑपरेशन सफलतापूर्वक होने पर राजद कार्यकताओं में देखा गया काफी खुशी का माहौल बताते चलें कि आज उसी दौरान राजद के प्रदेश महासचिव मुस्ताक आलम ने समुदायक स्वास्थ्य केंद्र में राजद के सभी कार्यकताओं के साथ समुदायक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर सभी मरीजों के बीच कंम्बल और फल का किया वितरण राजद के प्रदेश महासचिव मुस्ताक आलम ने मिडिया से बात

करते हुए कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य ने अपनी पिता के लिए अपनी ही किडनी किया दान राजद के प्रदेश महासचिव मुस्ताक आलम ने कहा कि गरीबों का नेता आदरणीय लालू प्रसाद यादव का सिंगापुर में हुआ सफल ऑपरेशन उनका खबर सुनते ही पुरे बिहार में अलग-अलग हिस्सों में आदरणीय लालू प्रसाद यादव के लिए जल्द स्वस्थ के लिए सभी कार्यकताओं ने किया दुआ इसी दरमियान मुख्य रूप से उपस्थित थे जदयू के नगर अध्यक्ष नसीम खान ग्राम पंचायत कनकपुर के पूर्व मुखिया शौकत अली,राजद के इलावा कई अन्य लोग मौजूद थे

## ठाकुरगंज में इमैनुएल हॉस्पिटल एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

**दैनिक समाज जागरण किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

दैनिक समाज जागरण किशनगंज ठाकुरगंज प्रखंड परिसर में इमैनुएल

हॉस्पिटल एसोसिएशन के समन्वय से फ्री विल बैपटिस्ट सोसायटी के हन्ना प्रोजेक्ट द्वारा मक्का की खेती पर एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. बायरक्रॉप साइंस के कृषि विशेषज्ञ रिसोर्स पर्सन मनीष त्रिपाठी आधुनिक कृषि खेती की व्याख्या करते हैं। तत्पश्चात 100 किसानों को पेस्टिसाइड के साथ निःशुल्क मक्के के बीज का वितरण किया गया इसी दरमियान मुख्य रूप से सैकड़ों लोग रहे उपस्थित

## लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तेहत कचड़ा घर घर उठाओ का विधिवत उद्घाटन किया गया

**दैनिक समाज जागरण किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

दैनिक समाज जागरण किशनगंज कोचाधामन प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बलिया पंचायत में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तेहत कचड़ा घर- घर उठाओ का विधिवत उद्घाटन किया गया,जिस मैं मुखिया महजामल आरा , मजकुरी पंचायत मुखिया राजेंद्र यादव, पुरंधा पंचायत प्रतिनिधि हरी लाल, पूर्व पंचायत समिति राजदेव मंडल पंचायत सचिव मनोज कुमार प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी शम्श तबरेज, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी जफर इकबाल,प्रखण्ड समन्वयक दीपक कुमार मुखिया प्रतिनिधि राजा पंचायत के सभी वार्ड सदस्य अब्दुल कय्यूम,रुखसार आलम,राशिद आलम,गुलाम महफूज आलम ,फिरोज आलम,मंजूर आलम,शाह फरीद,शहजाद आलम,मोहम्मद याकूब,प्रेम प्रकाश,मुकेश मंडल,सुरेश मंडल और पंचायत वासियों मास्टर राम प्रसाद,बुध देव मंडल, इकराम आलम,शाह आलम, असफाक आलम आदि उपस्थित हुए

## पालीगंज प्रखण्ड कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर पैक्स अध्यक्षों ने किया धरना प्रदर्शन

**पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश**

पालीगंज/ मंगलवार को स्थानीय बाजार स्थित प्रखण्ड कार्यालय पर पैक्स अध्यक्षो ने धान खरीद के लिए निर्धारित लक्ष्य में कटौती के खिलाफ व शत प्रतिशत उसना चावल लिए जाने सम्बन्धी आदेश पर पुनः विचार के लिए प्रखण्ड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए बीडीओ को ज्ञापन सौंपा।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के सभी पैक्स अध्यक्षो ने स्थानीय प्रखण्ड कार्यालय पहुंचा। जहां सभी ने अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। मौके पर पैक्स अध्यक्षो का कहना था कि बिहार सरकार के खाद्य व उपभोक्ता संरक्षण बिभाग के सचिव की ओर से धान अधिप्राप्ति के लक्ष्य में भारी कटौती करते हुए

शत प्रतिशत उसना चावल लिए जाने की बात कही गयी है। वही उन्होंने यह मांग करते हुए कहा कि बिभाग को सभी मिलरों को धान उबालने व सुखाने की क्षमता को देखकर ही उसना चावल बनाने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए क्योंकि बिना उबाले व सुखाए उसना चावल बनाना सम्भव नही है। साथ ही इलाके में धान की उपज को देखते हुए धान खरीद के लक्ष्य में कटौती करना उचित नही है। वही उन सभी ने धान खरीद का लक्ष्य बढ़ाने की मांग व उसना चावल लिए जाने सम्बन्धी आदेश पर पुनः विचार करने की मांग करते हुए पालीगंज बीडीओ संजीव कुमार को ज्ञापन सौंपा है।

मौके पर पैक्स अध्यक्ष सुमेर सिंह, बिनोद सिंह, उमेश वर्मा, पुरुषोत्तम कुमार, नारायण कुमार, राजीव रंजन व नीरज कुमार सहित अन्य सभी पैक्स अध्यक्ष मौजूद थे।

## जल जीवन हरियाली दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

**ब्यूरो/समाज जागरण, सुपौल**

जिले के समाहरणालय सुपौल स्थित सभागार में जल जीवन हरियाली अभियान के तहत जल-जीवन-हरियाली दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जल-जीवन-हरियाली अभियान से जुड़े विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण / कर्मीगण उपस्थित थे। आज के इस जल- जीवन - हरियाली दिवस कार्यक्रम हेतु परिचर्चा का विषय "जन जागरुकता निर्धारित था। जिसपर जिला सूचना जन सम्पर्क कार्यालय, सुपौल के प्रतिनिधि द्वारा परिचर्चा की गयी। इसी क्रम में सूचना जन सम्पर्क के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि विभागीय निदेशानुसार जल- जीवन - हरियाली अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सुपौल जिले के प्रमुख स्थलों यथा-समाहरणालय

परिसर, अनुमंडल कार्यालय परिसर, बस स्टेंड, हाट / बाजार प्रखंड कार्यालय, सदर अस्पताल इत्यादि स्थलों पर जन जागरुकता से संबंधित फ्लैक्स लगवाया गया है। साथ ही समय-समय पर प्रिंट / इलेक्ट्रॉनिक मीडिया / ट्वीटर / फेसबुक आदि सोशल मीडिया के माध्यम से भी जल-जीवन-हरियाली अभियान का प्रचार-प्रसार किया जाता रहा है।

उक्त कार्यक्रम में मत्स्य विभाग / भवन निर्माण विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग / वन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / ग्रामीण विकास विभाग / पंचायतीराज विभाग / स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी / प्रतिनिधि द्वारा अपने-अपने विभाग से जल जीवन हरियाली अभियान के तहत कराये जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए परिचर्चा की गयी।

## बिहार गृह रक्षा वाहिनी का 76वां स्थापना दिवस समारोह का हुआ आयोजन

**सत्येन्द्र कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

बिहटाःमंगलवार को बिहटा के आनंदपुर स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्था सह बिहार गृह रक्षा वाहिनी परिसर में बिहार गृह रक्षा वाहिनी का 76वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया।जहां इस समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन विभाग के महानिदेशक सह महासमादेष्टा शोभा ओहटकर पहुंची। जहां समारोह में पहुंचने के बाद विभाग के वरीय अधिकारियों ने फूल बुके देकर

स्वागत किया। इस अवसर पर होमगार्ड की 10 टुकड़ियों ने भव्य परेड का आयोजन किया. जबकि इस दौरान हजारों लोगों की उपस्थिति में होमगार्ड के जवानों ने शानदार ड्रील पेश कर हर किसी का दिल जीत लिया।

वही स्थापना दिवस के समारोह में मुख्य अतिथि शोभा ओहटकर ने गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाओं में मृत गृहरक्षकों के आश्रित परिजनों को चार लाख का चेक एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया।

## तरंग मेधा स्पोर्ट्स उत्सव में मध्य व उच्च विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम

**रुचि कमल सिंह सेंगर, दैनिक समाज जागरण ब्यूरो,**

छपरा (सारण)। तरंग मेधा स्पोर्ट्स उत्सव 2022 के दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय आयोजन के पहले दिन मंगलवार को एकमा प्रखंड के खेल मैदान में रसूलपुर क्षेत्र के मध्य व उच्च विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में दबदबा हासिल किया। छात्र-छात्राओं द्वारा इन खेल विधाओं में सफलता का परचम लहराने पर क्षेत्र के शिक्षकों, बुद्धिजीवियों और अभिभावकों ने प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रमंडल स्तर की प्रतियोगिता में भी सफलता हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

बताया गया है कि मंगलवार को पहले दिन आयोजित प्रतियोगिता में खेल शिक्षक विहीन आरएन हाईस्कूल योगियां के छात्रों ने ऊंच्ची कूद, दौड़, गोला फेंक आदि खेल विधाओं में प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल कर अपने स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

योगियां स्कूल का छात्र संदीप यादव ऊंची कूद में प्रथम व गोला फेंक में दूसरा स्थान, 800 मीटर की दौड़ में अरविंद यादव और प्रवीण महतो को दूसरा स्थान मिला है। 100 मीटर की दौड़ में भी योगियां हाईस्कूल के गोलू कुमार यादव प्रथम स्थान पाने में कामयाब रहा है।इसके लिए प्रधानाध्यापक लालबाबू यादव ने लाइब्रेरियन व खेल प्रभारी कपुर्री ठाकुर को बधाई दी है।

इसी प्रकार चंद्रनयन प्रोजेक्ट कन्या हाईस्कूल अतरसन की छात्रा श्वेता कुमारी 800 मीटर की दौड़ में प्रथम पर रही है। वहीं लम्बी कूद में इसी विद्यालय की छात्रा नंदनी कुमारी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। केडी सिंह हाईस्कूल घुरापाली में खेल शिक्षक निलेश व सुरेन्द्र के नेतृत्व में छात्राएं रूखसार खातून लम्बी कूद और 100 मीटर की दौड़ में प्रीति कुमारी प्रथम स्थान पर रही है। ऊंच्ची कूद में अतरसन हाईस्कूल के खेल शिक्षक सुशील कुमार के कुशल प्रशिक्षण की बदौलत छात्र गोलू कुमार ने दूसरा स्थान पाने में कामयाब रहा है। जबकि उत्क्रमित हाईस्कूल माधोपुर का छात्र अनित साह लम्बी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मध्य विद्यालय माधोपुर का छात्र धनजीत कुमार दौड़ में व रूखसाना खातून लम्बी में जीत हासिल की है। क्षेत्र के योगियां व घुरापाली मध्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी कई खेलों में अव्वल स्थान हासिल किया है।

## जयप्रभा सेतु पर हैण्ड स्कैनर मशीन से वाहनों हो रही जांच

**दैनिक समाज जागरण** मांझी (सारण)। आधुनिक युग मे आई नई क्रांति की बदौलत अब बहुत कुछ आसान हो गया। अब इसी हाई टेक्नोलॉजी की हैण्ड स्कैनर मशीन से माँझी जयप्रभा चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच की जा रही हैं। जिससे अब खासकर शराब तस्करों का बचना मुश्किल हो गया है। तीन सदस्य टीम यूपी की तरफ से बिहार सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों को चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच पड़ताल के दौरान स्कैन कर वाहन में अंदर रखे समान का आसानी से मालूम किया जा रहा है। वाहन के अंदर क्या लोड है। उत्पाद विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि माँझी के जयप्रभा सेतु के चेकपोस्ट पर यह व्यवस्था शुरू किया गया है। बता दें कि मद्य निषेध विभाग पटना से एक हैण्ड स्कैनर मशीन के साथ तीन तकनीकी टीम माँझी चेकपोस्ट पर शिफ्ट-वाइज यूपी से आने वाले सभी लग्जरी व छोटी बडी वाहनों की जांच उत्पाद विभाग के अधिकारियों के साथ करने के बाद ही आगे जाने की अनुमति दी जा रही हैं। मौके पर राजेश जयसवाल,एन के सिंह, सियाराम साह, संतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

## प्रखंड के पीएचसी का एक्स रे मशीन बीते एक माह से बंद, जरूरतमंद मरीजों को होती है आर्थिक क्षति

**ब्यूरो/समाज जागरण, छातापुर, सुपौल**

जिला प्रशासन की उदासिन रवैया के कारण पीएचसी छातापुर का एक्स रे मशीन बीते एक माह से बंद है और जरूरतमंद मरीजों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लाखों की लागत से

स्थापित किया गया एक्स रे मशीन बंद रहने से पीएचसी प्रबंधन की किरकिरी हो रही है। वहीं जरूरतमंद गरीब व असहाय मरीज सरकारी सेवा से वंचित हो रहे हैं और खुले बाजार में उन्हे महंगे दर पर एक्स रे कराने को मजबुर हैं। पीएचसी प्रबंधन की मानें तो एक्स रे मशीन संचालित करने के लिए 220 वोल्ट विद्युत उर्जा की आवश्यकता रहती है। जबकि उपलब्ध विद्युत उर्जा 240 वोल्ट है विद्युत उर्जा को कंट्रोल करने के लिए 45 केबीए का स्टेवलाइजर की दरकार है। परंतु बार बार अनुरोध के बावजूद जिला प्रशासन के द्वारा स्टेवलाइजर उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। एक पखवाडा पूर्व 10 केवीए का स्टेवलाइजर भेज दिया गया जो बेकार ही पड़ा हुआ है।

## फुल्लीडुमर प्रखंड के सादपुर गांव में भारतीय कामगार श्रमिक संघ की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष गौतम कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित

दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका

फुल्लीडुमर प्रखंड अंतर्गत सादपुर गांव में 6 दिसंबर 2022 मंगलवार को भारतीय कामगार श्रमिक संघ की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष गौतम कुमार शर्मा ने की वहीं बैठक में संगठन द्वारा जिला संगठन मंत्री ललन कुमार एवं जिला मंत्री संतु कुमार को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गयो बैठक में विचार विमर्श कर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा सरकार के योजनाओं को धरातल पर मजदूर के

हित में उतारने हेतु कार्य करने की बात कही गईग बैठक में पदाधिकारियों द्वारा असंगठित मजदूरों एवं प्रवासी मजदूरों के हित को ध्यान में रखते हुए हर संभव मदद पहूँचाने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ मजदूरों तक पहुंचाने की बात बैठक में कही गई `वहीं आयोजित बैठक में भारतीय कामगार श्रमिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष गौतम कुमार शर्मा, प्रदेश महामंत्री रामप्रीत शर्मा, जिला संगठन मंत्री ललन कुमार, जिला मंत्री संतु कुमार एवं जिला अध्यक्ष संगीता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे

## कटोरिया प्रखंड के 24829 किसानों के खाते में गई सुखाड़ राशि ,3000 आवेदन हुए रद्द।

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन

सरकार के निर्देश पर कटोरिया प्रखंड के 24829 किसानों को आपदा के तहत सुखाड़ राशि दी गई ।करीब 4000 किसानों ने दोबारा फॉर्म प्रखंड कार्यालय में जमा किया ।अब तक कटोरिया में एक 31132 फार्म सुखाड़ राशि के लिए प्राप्त हुए । जिसमें 27187 फॉर्म का एट्री किया गया। करीब 3000 फार्म अधूरा रहने के कारण असुकृत कर दिया गयो। 24894 किसानों के खाते में 8 करोड़, 71 लाख 29 हजार लाख राशि भेज दी गई है

इस संबंध में कटोरिया के प्रभारी सीओ अनिता भूषण ने बताया कि एक ही परिवार के द्वारा कई आवेदन देने तथा आधार कार्ड एवं नाम गलती के कारण 3000 फार्म को और असुकृत किया गया। शेष सभी फॉर्म को डाटा एंट्री कर जिला लॉगिन में भुगतान के लिए भेज दिया गया है। ज्ञात हो कि 30 अक्टूबर तक किसानों से उखाड़ राशि का फॉर्म लिया गया। उन सभी किसानों के फॉर्म का जांच कर राशि भुगतान के लिए भेज दी गई है।

## फीता काटकर बीडीयो ने तरंग प्रतियोगिता का किया शुभारंभ।

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन

कटोरिया हाई स्कूल के मैदान में मंगलवार को प्रखंड स्तर पर तरंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसका शुभारंभ कटोरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम प्रकाश ने फीता काटकर किया । बीडीओ ने बताया कि सरकार तरंग प्रतियोगिता आयोजित करा छात्र-छात्राओं में विभिन्न प्रकार की खेल की प्रतिभा निखारने का अवसर दे रही है। तरंग प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी खेल का जम कर जलवा प्रदर्शित किया। बच्चों के खेल प्रतियोगिता के उत्कृष्ट प्रदर्शन से लोग बड़ी उत्साहित दिखे।

एनपीएस हिरना प्रोन्नत मध्य विद्यालय उपचकमढ़िया प्रोन्नत मध्य विद्यालय हथगढ़ सहित दर्जनों स्कूल के छात्र-छात्राओं ने 60 मीटर, 300 मीटर दौड़, लांग जंप, लेदर ड्यूज बाल, ऊंची कूद, कबड्डी, रंगोली, पेंटिंग अन्य प्रतियोगिता में अपनी-अपनी हुनर का परिचय दिया। मौके पर बीइओ लक्ष्मी सिंह, बीएओ राम कुमार पासवान, शिक्षक संजीत कुमार दाहिर हुसैन मुन्ना, चंदन कुमार सिंह, बिहार प्रसाद यादव, डमरुधर प्रसाद यादव, मृत्युंजय सिंह, शिक्षिका अर्चना कुमारी, आचार्य सुरभि स्वराज, खुशबू कुमारी, कुमारी श्यामा, सुकृति बनिक, शोभा शर्मा अन्य कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभायी।

## नन्दलाल सिंह कॉलेज के समीप धान के खेत में मिला अजगर, लोगों में दहशत

दैनिक समाज जागरण

मांझी (सारण)। प्रखंड के नन्दलाल सिंह कॉलेज जैतपुर के पीछे स्थित धान के खेत में पिछले चार दिनों से बिंदास पड़ा हुआ है पांच फुट का मोटा अजगर सांप। छपरा सिवान मुख्य मुख्य सड़क से पिपरहिया जाने वाली सड़क के समीप स्थित खंधा चवर में धान की खेत मे पड़े अजगर को देखकर मजदूर भाग खड़े हुए। घटना की जानकारी मिलते ही अजगर को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग खेत में जमा हो गए। प्रत्यक्षदर्शी व जैतपुर गांव निवासी पुष्पक तिवारी ने बताया कि विगत दस दिन पहले यह अजगर मेरे धान

के खेत मे कटनी करने आये मजदूरों को दिखाई पड़ा था। जिसे देख मजदूर धान की कटनी छोड़ कर भाग गए थे। आज पुनः जब मजदूर खेत मे गए तो देखा गया कि वह अजगर सांप आज भी उसी जगह पर बैठा हुआ है। अजगर की लम्बाई लगभग पांच फुट है हालांकि सामान्य सांपों से काफी मोटा है। खेत मे पुनः अजगर को देख कर बधार में दहशत का माहौल बना हुआ है। अजगर के खेत में पड़े होने की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को दे दी है। खबर भेजे जाने तक अजगर अभी खेत मे ही पड़ा हुआ था।

## मुबारकपुर में 20 एकड़ से अधिक भूमि से जल निकासी हेतु किसानों ने सरकार से लगाई गुहार

दैनिक समाज जागरण

मांझी (सारण)। प्रखंड क्षेत्र के मुबारकपुर पंचायत स्थित कोडर के किसानों की 20 एकड़ से अधिक भूमि से जल निकासी हेतु किसानों ने सरकार से गुहार लगाई है। प्रभावित किसानों का कहना है कि समय रहते जलनिकासी की व्यवस्था नही की गई तो उक्त कृषियोग्य भूमि पर रबी फसल की बुआई सम्भव नही हो सकेगी। रबी की समय से

बुआई नही होने पर किसान भुखमरी के शिकार हो जाएंगे। किसानों के आग्रह पर जलजमाव स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे पूर्व मुखिया राहुल प्रकाश सिंह ने बताया कि कोडर गांव के अधिकांश लोग किसान हैं तथा खेती ही इनकी आजीविका का मुख्य साधन है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल जल निकासी सुनिश्चित करने तथा प्रभावित किसानों की समस्या का निष्पादन करने का आग्रह किया है।

## पुरानी पेंशन की मांग को लेकर राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली रवाना

दैनिक समाज जागरण मांझी (सारण)। आगामी 8 दिसम्बर को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में शिक्षक कर्मचारियों के पुरानी पेंशन हेतु राष्टीय अधिवेशन में बिहार से भी शिक्षक कर्मचारियों का जत्था बिहार राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष उदय शंकर गुड्डू के नेतृत्व में मंगलवार ट्रेन रवाना हुआ। इस अवसर पर मीडिया को जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री गुड्डू ने कहा कि पुरानी पेंशन की लड़ाई संबैधानिक है। इस दिशा में पूरे देश से शिक्षक कर्मचारियों की

आवाज गूंज रही है साथ ही उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर यह राष्टीय अधिवेशन हो रहा है जिसमे केंद्र सरकार की दोहरी आर्थिक नीति के खिलाफ आंदोलन की रणनीति तय की जायेगी। अगर समय रहते केंद्र की सरकार पुरानी पेंशन लागू नही करती है तो आने वाले चुनावी वर्ष में शिक्षक कर्मचारियों के आक्रोश सरकार को झेलना पड़ेगा।

## सीवान में गन पॉइंट पर वार्ड सदस्य से लूट, बाइक सवार नकाबपोश अपराधियों ने बाइक, मोबाइल और रुपए लूटा

अनीश कुमार सिंह, दैनिक समाज जागरण

सीवान/सारण। सीवान में बेखौफ अपराधियों ने एक वार्ड सदस्य से लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने गन पॉइंट पर होंडा 125 बाइक 12 हजार रुपए और सोने की अंगूठी की लूट कर ली। घटना सीवान छपरा मुख्य मार्ग के एनएच 531 पर स्थित दरौंदा थाना क्षेत्र के गंडक कार्यालय के समीप की है। घटना में पीड़ित वार्ड सदस्य की पहचान दरौंदा प्रखंड के कोराड़ी कला के वार्ड संख्या 3 के वार्ड सदस्य इलाहुदीन मियां के 24 वर्षीय पुत्र मेराज अंसारी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मेराज अंसारी ने बताया कि सोमवार की देर रात करीब 7:00 बजे वह सीवान किसी काम के लिए गए थे। लौट रहे थे इतने में एक ही बाइक पर सवार तीन की संख्या में हथियारबंद अपराधियों ने उन्हें ओवरटेक करके घेर लिया। घटना के बाद अपराधियों ने उनके कनपटी पर पिस्टल लगाते हुए जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद

उनका बाइक,अंगूठी और पॉकेट में रखे 12 हजार रुपए की लूट कर ली। घटना के बाद उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए अपराधी उनकी बाइक लेकर पचरुखी की तरफ फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद और रोते बिलखते थाना पहुंचे और जाकर मामले की पूरी जानकारी दी।

**वार्ड सदस्य से लूट के बाद इलाके में दहशत:**

बता दें कि वार्ड सदस्य के साथ लूट की घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया है। स्थानीय लोगों में पुलिस के खिलाफ काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि पुलिस ठीक समय से गस्ती नहीं करती इस वजह से आम लोगों के जान-माल की खतरा हमेशा बनी रहती है। यहां के व्यवसायियों में भी सबसे ज्यादा दहशत का माहौल है।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष:**

घटना के संबंध में दरौंदा थाने के थानाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने बताया कि वार्ड सदस्य के साथ लूटपाट की घटना उनके संज्ञान में आया है। शिकायत दर्ज कराने के लिए रात को ही कही गई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच शुरू करेगी। आस-पड़ोस के घरों दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज की तलाशी ली जाएगी। अपराधी चाहे जो भी होंगे करवाई करेंगे।

## महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गई बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 66 वीं जयंती

दैनिक समाज जागरण बौंसी/बांका। बौंसी/बांकाः- बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 66 वीं जयंती महापरिनिर्वाण दिवस के पावन अवसर पर बाबा साहेब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन तकनीकी कौशल विकास केंद्र एंजेल कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर बौंसी के प्रांगण में कुमार चंदन की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर कौशल विकास केंद्र के निदेशक कुमार चंदन एवं छात्र छात्राओं ने बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किया, एवं बाबा साहब के फोटो पर माल्यार्पण भी किया गया। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि हम सभी बाबासाहेबे के द्वारा दिए गए सिद्धांतों

एवं दर्शन को आवश्यक रूप से अपने जीवन में उतारें। यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सभी धर्म जाति से ऊपर उठकर एक जिम्मेदार वैश्विक नागरिक की बातें से उभरकर उन्होंने अपना योगदान देश ही नहीं पूर्ण विश्व के लिए रखा। इस अवसर पर अमरेंद्र कुमार, मनीष कुमार, मिथिलेश कुमार, नीतीश कुमार, कपिल कुमार, आदित्य कुमार, बीना कुमारी, डोली कुमारी, गायत्री कुमारी, पूजा कुमारी, संगीता कुमारी, अंशु कुमारी, पूजा कुमारी, काजल कुमारी, सुजाता कुमारी, जीनत हसन, रूपा कुमारी, हेमा कुमारी, मुस्कान भारती, साक्षी कुमारी, ज्योति कुमारी, कृतिका कुमारी, रूपा कुमारी, आंचल कुमारी सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रत्येक वार्ड में बनेगा आंगनवाड़ी केंद्र , ग्राम पंचायत से मांगी जा रही रिपोर्ट।

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।

सरकार के निर्देश पर कटोरिया प्रखंड के बड़वासनी, हडहार एवं जयपुर पंचायत में 11 आंगनवाड़ी केंद्र के निर्माण का रास्ता साफ हो गया। शेष आंगनवाड़ी निर्माण के लिए प्रक्रिया जारी है ।

इस संबंध में कटोरिया के प्रभारी सीओ अनिता भूषण ने बताया कि हर वार्ड में आंगनवाड़ी केंद्र बनाया जाएगा। फिलहाल प्रखंड के 11 आंगनवाड़ी केंद्र के निर्माण की स्वीकृति दे दी गई है। जिसमें बड़वासनी पंचायत में 4 ,जयपुर में 5 और हडहार में 2 आंगनवाड़ी निर्माण किया जाएगा ।इसके अलावा 20 आंगनवाड़ी केंद्र का प्रस्ताव कर्मचारी के द्वारा आना बाकी है। वही जयपुर एवं कटिहारी पंचायत में सरकार भवन निर्माण के लिए जमीन की नापी कर ली गई है। एनओसी के बाद भवन निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। कोलासार पंचायत में सरकार भवन के लिए जमीन

उपलब्ध नहीं रहने से सरकार भवन का काम फिलहाल स्थगित है ।

गौरतलब है कि आंगनवाड़ी केंद्र के लिए 3 से 5 डिसमिल , तथा पंचायत सरकार भवन के निर्माण के लिए 50 डिसमिल जमीन होना जरूरी है।

राजस्वकर्मचारी के प्रस्ताव के आधार पर हर वार्ड में आंगनवड़ी पंचायत में सरकार भवन का निर्माण कराया जाएगा।

ज्ञात हो कि कटोरिया प्रखंड के अधिकांश आंगनवाड़ी केंद्र को अपना भवन नहीं रहने से पंचायत भवन, सरकारी विद्यालय एवं निजी मकानों में वर्षों से चल रहा है। इसको लेकर सरकार ने हर वार्ड में आंगनवाड़ी केंद्र बनाने का निर्णय लिया है । ग्राम पंचायत के रिपोर्ट के आधार पर ही आंगनवाड़ी और पंचायत सरकार भवन का निर्माण किया जाएगा। फिलहाल नगर पंचायत चुनाव को लेकर कटोरिया में आदर्श आचार संहिता लागू है।

## सारणः एकमा में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय तरंग मेधा स्पोर्ट्स उत्सव-2022 का शुभारंभ

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो,

एकमा (सारण)। जिले के एकमा प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल के मैदान में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय तरंग मेधा स्पोर्ट्स उत्सव-2022 प्रतियोगिता के दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सत्येंद्र पाराशर व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रागिनी कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के कुल 11 सीआरसी के 158 मध्य विद्यालयों के अलावा हाई स्कूलों के चयनित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर बीडीओ डॉ सत्येंद्र पाराशर ने कहा कि खेल के माध्यम से बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक विकास होता है। इसके अलावा बच्चों में अनुशासन सीखने की भावना विकसित होती है।

बीईओ रागिनी कुमारी ने कहा कि इस प्रखंड स्तरीय तरंग मेधा स्पोर्ट्स उत्सव 2022 के आयोजन के माध्यम से प्रखंड स्तर पर चयनित प्रतिभागी प्रमंडल स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर एकमा का नाम रोशन करें। इसके लिए हमारी शुभकामना है।

बीईओ ने बताया कि इस प्रतियोगिता के दौरान 60 मीटर, 100 मीटर, 300 मीटर और 800 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक व

बॉल थ्रो आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में बालक और बालिका वर्ग के प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की शाम तक सूची तैयार की गई।

दूसरे दिन बुधवार को फुटबॉल, कबड्डी और खो-खो आदि दलीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सभी खेल प्रतियोगिताएं अंडर 12 अंडर, 14 और अंडर 17 आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं की अलग-अलग कराई जा रही हैं।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह, वीर बहादुर ततवां, अनीता पांडेय, उपेंद्र कुमार सिंह, कुमार रश्मि रंजन, संजय भारती, शंकर नाथ, मनजीत तिवारी, खेल शिक्षक चंद्रमणि सिंह, मुकेश कुमार सिंह, राजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार सिंह, योगेश कुमार सिंह, आनंद कुमार प्रसाद, राजू सिंह, सोनू कुमार सिंह, संदीप कुमार, रमेश सजल, नजरे हसन अंसारी, पूर्व सीआरसीसी अरुण कुमार ओझा, शौकत अली अंसारी, पवन कुमार, संसाधन शिक्षक दया शंकर पांडेय, कमल कुमार सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, प्रो राम शंकर पांडेय, प्रशांत कुमार पांडेय, अरुण कुमार यादव, सीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार, स्वास्थ्य कर्मी सिकंदर कुमार आदि का इस कार्यक्रम के आयोजन में सराहनीय सहयोग रहा।

## पागल कुत्ता के आतंक से गांव में दहशत का माहौल, डेढ़ दर्जन लोगों को काट कर किया जख्मी

दैनिक समाज जागरण मांझी (सारण)। दाउदपुर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव में एक पागल कुत्ता ने काट कर करीब डेढ़ दर्जन लोगों को जख्मी कर दिया है। दोनों गांव में पागल कुत्ता का आतंक मचा है। रविवार व सोमवार को थाना क्षेत्र के सिसवां खुर्द तथा जगतिया गांव में पागल कुत्ता ने जमकर आतंक मचाया है। पागल कुत्ता के काटने से दर्जनों लोग जख्मी हो गए है। गांव में पागल कुत्ता का दहशत बना हुआ है। घायलों का स्थानीय स्तर पर उपचार के बाद कुछ गंभीर रूप से जख्मी लोगो का इलाज सदर अस्पताल छपरा में चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया की महज दो दिनों से गांव में पागल कुत्ता का आतंक कायम है। लोग पागल कुत्ता के खौप से सहमे हुए है। गांव घर के लोगो का जीना मुहाल कर दिया है। घायलों में सिसवां गांव के हॉकर उपेंद्र कुमार यादव,झड़िया देवी,विमला देवी, कमालु मिया, रोजादिन मिया, असलम मिया सहित कई अन्य महिला पुरुष व बच्चे शामिल है।

## बीजेपी सांसद ने गुरु भागवत घर का किया उद्घाटन

दैनिक समाज जागरण

दारौंदा (सीवान)। भोजपुरी सांस्कृतिक संस्थान के तत्वावधान में सी बी एस कल्चरल फाउंडेशन के सहयोग से मंगलवार को पकवलिया में गुरु भागवत घर का उद्घाटन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डॉ चन्द्रभानु सत्पथी एवं भोजपुरी गायक सह सांसद मनोज तिवारी के द्वारा किया गया। पुलिस महानिदेशक पद से सेवानिवृत गुरु एक प्रख्यात आध्यात्मिक चिंतक, लेखक, संगीतकार के साथ गुरु भागवत ग्रंथ के रचनाकार भी है। उक्त जानकारी देते हुए भोजपुरी सांस्कृतिक संस्थान के कार्यकारी सदस्य प्रभात कुमार शुक्ला ने बतलाया की उक्त कार्यक्रम में देश के कई वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ भाजपा

के सांसद एवं भोजपुरी फि ल्मों के महानायक मनोज तिवारी समेत कई लोग शामिल हुए हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात एक धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन महाराजगंज शहर के बोर्ड मिडल स्कूल के मैदान में किया गया। जिसमें मनोज तिवारी द्वारा भक्ति संगीत का आयोजन किया गया। मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात डीएसपी पोलास्त कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ रवि रंजन कुमार, दिनेश कुमार सिंह, अंचल अधिकारी रविंद्र राम,थानाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, रणधीर कुमार सिंह, पीएसआई अविनाश कुमार यादव, ओम प्रकाश कुमार, एएसआई सुरेश प्रसाद सिंह, विनोद कुमार यादव मौजूद रहे।

## घरेलू विवाद को लेकर मारपीट, दो महिला समेत तीन व्यक्ति घायल

**दैनिक समाज जागरण** तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों पर घरेलू विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दो महिला समेत तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में मंझोपुर गांव के धर्मेंद्र नट की पत्नी रिंकू देवी, एवं पोखरेड़ा गांव के शंभू महतो तथा उनकी पत्नी पूनम देवी शामिल है। घायल सभी व्यक्तियों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तरैया में किया गया है। इस संबंध में पीड़ित पक्षों ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई है।

## नशे की हालत में एक नशेड़ी गिरफ्तार, जुमार्ने के लिए भेजा गया कोर्ट

**दैनिक समाज जागरण** तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के रामपुर महेश गांव में शराब के नशे में हल्ला हंगामा कर एक नशेड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मोहम्मद शोएब आलम ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी रामपुर महेश गांव निवासी स्व. भिखम राय का पुत्र देवनाथ राय है, जो कि शराब के नशे में सड़क किनारे हल्ला हंगामा करा था। जिससे आसपास के लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जब ब्रेथ एनेलाइजर मशीन से उसकी जांच की तो उसके अंदर शराब पीने की पुष्टि हुई। जिसके बाद उसे जुमार्ने के लिए मंगलवार को छपरा कोर्ट भेज दिया गया।

## जल्द होगी बौंसी मेला के लिए डाक

दैनिक समाज जागरण बौंसी/बांका।

बौंसी/बांकाः- मंदार महोत्सव सह बौंसी मेला की डाक 12 दिसंबर को करायी जायेगी। इस आशय की जानकारी समीक्षात्मक बैठक में देते हुए डीएम ने बताया कि, अगर किसी कारणवश इस तिथि में डाक नहीं हो पायेगी तो 14 अथवा 17 दिसंबर को इसकी डाक करायी जायेगी, जबकि पापहारिणी मेला के लिए डाक 16 जनवरी को करायी जायेगी, अगर इस तारीख में



डाक नहीं होती है तो 19 दिसंबर और 21 दिसंबर को डाक की जायेगी। मालूम हो कि जनप्रतिनिधियों और समिति सदस्यों ने मंदार की अतिक्रमित जमीन को खाली करवाने, मेला में थिएटर लगवाने के अलावा समिति सदस्य उदय शंकर झा चंचल द्वारा मधुसूदन मंदिर में मेला के डाक से आयी 60 प्रतिशत राशि राग भोग मैं देने की बात की गयी है। पूर्व विधायक भोला यादव ने सिनेमा, सर्कस और थियेटर लगवाने की मांग की है।

## पंजवारा चेक पोस्ट से 27 शराबी गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका

उत्पाद विभाग द्वारा शराबियों की धरपकड़ के लिए लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में सोमवार देर शाम झारखंड सीमा से सटे पंजवारा स्थित चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग के डिप्टी कमिश्नर संजय कुमार ,एसआई विष्णु प्रिया की अगुवाई में टीम ने झारखंड के गोड्डा जिला से आने वाले छोटे बड़े वाहनों की तलाशी ली एवं उस पर सवार लोगों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की ।

जांच के दौरान कुल 25 लोगों के शराब सेवन करने की पुष्टि हुई। ये सभी शराबी झारखंड के गोड्डा जिला से शराब का सेवन कर आ रहे थे। सभी शराबियों को उत्पाद विभाग की टीम ने आर्थिक जुमार्ने हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए अपने साथ बांका ले गई ।

जबकि पंजवारा पुलिस द्वारा सोमवार शाम चेक पोस्ट पर दो शराबियों को गिरफ्तार कर आर्थिक जुमार्ने के लिए मंगलवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया । गिरफ्तार दोनों शराबियों की पहचान बाराहाट थाना क्षेत्र के धोबनी गांव के अंतीस यादव और मुकेश यादव के रुप में हुई है।

## पुण्य तिथि पर याद किये गए डॉ अम्बेडकर

दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका

भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबासाहेब अम्बेडकर की 66 वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर पंजवारा थाना परिसर स्थित स्थापित बाबासाहेब के प्रतिमा पर पंजवारा पंचायत के मुखिया भोला पासवान, पंजवारा ग्राम कचहरी के सरपंच मुकुंद

दास,पंजवारा थाना में पदस्थापित एएसआई आशुतोष कुमार, विकास मित्र कैलाश दास, पूर्व सरपंच विष्णुदेव मिश्रा ,उपमुखिया प्रेमशंकर मांझी सहित अन्य लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## यात्री बस दुर्घटना मामले में चालक पर केस दर्ज

दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका

सोमवार सुबह विक्रमपुर मोड़ के समीप हुए बस दुर्घटना के मामले में पंजवारा थाना में बस चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है। थाना के चौकीदार रामविलास मांझी के लिखित आवेदन पर दुर्घटनाग्रस्त यात्री बस के चालक रजौन थाना क्षेत्र के संझा गांव निवासी

विरेंद्र यादव के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए यात्री बस को पुलिस द्वारा जब्त कर लिया गया है। बताते चलें कि इस दुर्घटना में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए थे एवं बस की चपेट में आकर एक बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था।

## बेलहर एसडीपीओ के द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चलाया एरिया डोमिनेशन

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।

बेलहर कैंप कटोरिया के एसडीपीओ प्रेमचंद सिंह के नेतृत्वे में मंगलवार को सुईया पुलिस, एसएसबी एवं बीएमपी द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न गावों में एरिया डोमिनेशन चलाया गया। इस दौरान जंगल एवं दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रे मलटरिया, हरदिया, पड़रिया, पेसराहा, झिलूआ, चिहतजोर अन्य गांवों में मार्च कर नक्सली ठिकानों पर छापेमारी की गई। सर्च अभियान के दौरान खासकर असमाजिक तत्वों, अपराधियों सहित नक्सलियों

एवं इन सबों से सांठगांठ रखने वाले तत्वों पर पैनी नजर रखी गयी।नक्सलियों मांद में छापेमारी की हालांकि कोई सफलता नहीं मिली । एरिया डोमिनेशन से असामाजिक तत्व एवं अपराधियों में हड़कंप है । इस अभियान में सुईया थानाध्यक्ष मनीष कुमार, सअनि विपिन यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिस एवं बीएमपी के जवान शामिल थे।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान।

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन ।

बांका पुलिस कप्ताने डा. सत्यप्रकाश के निर्देश पर बेलहर एसडीपीओ प्रेमचंद सिंह के नेतृत्व में कटोरिया बाजार के चौक के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में अनि महेश झा वाहन चैकिंग में शामिल थे। इस दौरान पुलिस द्वारा दो पहिये व चार पहिये वाहनों को जांच के लिए रोका गया। वाहन चेकिंग के दौरान वाहनों के

कागजात, डिक्की, इन्सोरेंस, प्रदूषण, चालकों के लाइसेंस अन्य की जांच की गई। जांच के क्रम में हेलमेट ,सीट बेल्ट, गाड़ी के कागजातों की जांच की गई। जिनका कागज अधूरा पाया गया उन्हें जुमार्ना किया गया ।

## चार लीटर शराब बरामद मामले में दो धंधेबाजों पर प्राथमिकी दर्ज

दैनिक समाज जागरण तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के रामपुर महेश गांव में पुलिस ने छापेमारी कर चार लीटर देसी शराब बरामद किया है। छापेमारी की भनक लगते ही शराब के दो धंधेबाज फरार हो गये। इस संबंध में एएसआइ अगस्त कुमार सिंह ने एक प्राथमिकी दर्ज किया है। जिसमें कहा गया है कि गुप्त सूचना मिली थी कि रामपुर महेश गांव निवासी टेनी नट व मिथुन नट दोनों भाई अपने घर में शराब रखकर बेंच रहे है। पुलिस बल के साथ छापेमारी किया गया तो पुलिस की गाड़ी देखते दोनों भाई फरार हो गये। जब उनके घर की तलाशी ली गयी तो एक प्लास्टिक के गैलन में चार लीटर देसी शराब स्प्रीट बरामद किया गया। पुलिस टेनी नट व मिथुन नट के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई में जुट गयी है।

## बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं संगोष्ठी का आयोजन.

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पाकुड़ इकाई द्वारा भारतरत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस को समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। अभाविप कार्यकताओं ने नगर के अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए संगोष्ठी आयोजित की। एबीवीपी के कार्यकर्ता दीपक कुमार एवं रॉकी रविदास ने कहा कि देश को एक मजबूत संविधान देने के साथ साथ बाबासाहेब ने देश को नई दिशा देने का काम किया।बाबासाहेब ने जिस तरह समाज मे फैले जातिवाद और भेदभाव को मिटाने के लिए जितने प्रयास किये, आज उसी का परिणाम है कि आज हम सब एक समाजिक समरसता के भाव से समाज मे रहते है। हम सभी युवा को उनके विचारों का अनुसरण करते हुए समाज को एक सूत्र में बांधे रखना चाहिए। वहीं कला मंच की प्रदेश संयोजिका दिशा बजाज एवं नगर मंत्री सुमित पांडे ने बताया कि महिला सशक्तिकरण का

काम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का उन लोगों के ऊपर तमाचा है जो बाबा साहब को सिर्फ जाति विशेष का बनाकर रखने की कोशिश कर रहे हैं। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने जाति विशेष से ऊपर उठकर के समस्त धर्म की महिलाओं के अधिकार दिलाने के लिए जो काम किया है। वह आज के युग में उन्हें महान बनाता है।

जिला संयोजक बमभोला उपाध्याय ने बताया कि हम सबसे पहले और अंत में भारतीय है।इसी विचार के साथ समाज मे प्रत्येक वर्ग के लोग को रहना चाहिए लेकिन वर्तमान परिवेश में जिस तरह कुछ देशद्रोही विचार के लोग बाबासाहेब के नाम पर समाज मे विकृतियां फैला रहे है इससे हम सभी को सचेत रहना है और वैसे लोगो को मुंहतोड़ जबाव देना है। इस अवसर पर प्लस टू अध्यक्ष आनंद भंडारी कॉलेज अध्यक्ष मनोज रजवार सोशल मीडिया प्रमुख सोनू कुमार, सुदाम गोरई, चितरंजन दास, सुमित सेन , मनमाल शाह तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत

पाकुड़ में डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर नगर अध्यक्ष संपा शाह नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी कौशलेश यादव बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 63वीं पुण्यतिथि माला पहना कर मनाई। इस दौरान उनकेकृतित्व-व्यक्तित्व के बखान के साथ ही उनके पदचिह्नों का अनुसरण और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। कर डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यपालक पदाधिकारी कौश लेस यादव ने कहा बाबा साहेब ने सदैव जाति-पांति से उठकर देश हित में निर्णय लिया और सभी को जीने का समान अधिकार दिलाने के लिए

संघर्ष करते रहे। ने बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करने की सीख दी। बाबा साहेब ने देश के आजादी में महत्वपूर्ण निभाई। संविधान निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाने के साथ देश के पहले विधि मंत्री की भी जिम्मेदारी निभाई। जिला बाबा साहेब आजीवन देश में समतामूलक समाज के स्थापना में लगे रह डा. आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान के आधार पर ही देश निरंतर उन्नति की तरफ अग्रसर है। इस मौके आदि नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे ।

## इंसानियत फाउंडेशन के पांच युवाओं ने रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय

### इंसानियत फाउंडेशन के पांच सदस्यों ने असहाय जरूरतमंदो को रक्तदान कर सहायता किया

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत

पाकुड़ /इंसानियत फाउंडेशन के युवा सब, पाकुड़ जिला मे अलग पहचान कुछ ही महीनों में कर लिया है जिस तरह रक्तदान, असहाय लोगो का मदद या फिर यातिम बच्चो को सहयता करना आदि समाजिक सेवा भाव मे कार्य कर रहे है जो सराहनीय कदम है, शिक्षित बेरोजगार होने के बावजूद हौसले और इरादे काफी मजबूत है` पाकुड़ सदर अस्पताल सोनाजोरी मे भर्ती पेसेंट फरीदा बीबी( गर्भवती ), इसमोतारा खातून (हीमोग्लोबिन )कम को बी पॉजिटिव एवं हिरनपुर के साहा जी (डाइलेसिस ) ओ पॉजिटिव रक्त आवश्यकता रही है एवं स्टॉक से दो

यूनिट लिया है महेशपुर के हसन शेख, अकबर अंसारी और बाबू शेख साहिल शेख, और रोहित साहा हिरणपुर ने बि पॉजिटिव रक्तदान किया, समूह के पदाधिकारी ने कहा पाकुड़ या दूसरे जिला मे अगर किसी असहाय जरूरतमंद को रक्त आवश्यकता पड़ता है तो इंसानियत फाउंडेशन सदस्यों से एक बार जरूर संपर्क करें, डोनर सब ने अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए बोला रक्तदान करके बहुत अच्छा लगता है और आगे भी करते रहेंगे, मौके पर संचालक सद्दाम हुसैन अध्यक्ष बानिज शेख सलाहकार केबलू साहा और नवीन कर्मचारी मौजूद रहे है।

## नागरिक निबंधन प्रणाली (जन्म-मृत्यु) के तहत हुआ प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत

पाकुड़ जिला के सूचना भवन सभागार में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनूप कुजूर की अध्यक्षता में नागरिक निबंधन प्रणाली के तहत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी राजीव कुमार ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों का स्वागत करते हुए नागरिक निबंधन प्रणाली(जन्म-मृत्यु) के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के क्रम में कहा कि जन्म और मृत्यु एक निश्चित क्रिया है और जन्म-मृत्यु का पंजीकरण करना हम सभी के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी निबन्धकों(जन्म-मृत्यु) को उनके क्षेत्रों में हुए जन्म-मृत्यु की सूचना प्राप्त कर शत प्रतिशत पंजीकरण कराने हेतु आवश्यक कार्यवाई सुनिश्चित कराने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि इससे पहले भी आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है अतः यह कार्यशाला सिर्फ प्रशिक्षण ही नही बल्कि एक समीक्षा के तौर पे है। इसलिए आज कार्यशाला के दौरान पंजीकरण में आने वाली सभी तरह की समस्याओं पर भी चर्चा करते हुए उसके समाधान के तरीके भी बताए जा रहे है। प्रशिक्षण के दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनूप कुजूर ने कहा कि जन्म-मृत्यु निबंधन केवल एक रिकॉर्ड के तौर पर नहीं है बल्कि इसका अपना एक विशेष महत्व है। यह सभी के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है जिसका उपयोग भविष्य में बहुत से अलग-अलग कार्यों में पड़ती है। इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मी आपस मे समन्वय स्थापित कर ज्यादा से ज्यादा निबंधन कराना सुनिश्चित करे ताकि आमजन को भविष्य में किसी तरह की समस्या का सामना नही करना पड़े। प्रशिक्षण के दौरान उक्त के अलावा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला सांख्यकी कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मियों सहित जिले के सभी क्षेत्रों के रजिस्ट्रार(जन्म-मृत्यु) उपस्थित थे।

## संविधान का जनक डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया.

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़ अंबेडकर चौक मैं झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम यादव के नेतृत्व में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि को मनाया गया और साथ ही श्याम यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जिन्हें हम सब डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के नाम से जानते हैं डॉक्टर अंबेडकर को संविधान का जनक भी कहा जाता है 6 दिसंबर 1956 को उनकी मृत्यु हुई थी, हर साल 6 दिसंबर के दिन को बाबा साहेब की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है उनके निधन के बाद उनके कार्यों को आगे बढ़ाने का काम उनके अनुयायियों के अलावा परिवार के अगले पीढ़ियों ने भी आगे बढ़ाने का काम किया, एक कानून के विशेषज्ञों अर्थशास्त्र ज्ञाता संविधान निर्माण के अलावा उन्हें दलितों का उद्धार करने वाला मसीहा भी माना

जाता है, बाबा साहब को बचपन से ही भेदभाव और सामाजिक तिरस्कार का सामना करना पड़ा था, जिसे सहन करने के बाद भी उन्होंने ना सिर्फ समाज में अपना स्थान बनाया बल्कि दलित और शोषित समाज के उत्थान के लिए पूरे समर्पित भाव से काम किया भीमराव विदेश जाकर अर्थशास्त्र डॉक्टरेट की डिग्री हासिल करने वाले पहले भारतीय थे जब 1926 में भारत आए तब उन्हें मुंबई की विधानसभा का सदस्य चुना गया वह आजाद देश के पहले कानून मंत्री बने 1990 में उन्हें भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था साथ ही नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह ,नगर सचिव नूर आलम,नगर उपाध्यक्ष राजू सिंह , नगर उपाध्यक्ष आदित्य तिवारी और तनवीर आलम उपस्थित रहे।

## बाबा भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के द्वारा उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राज कुमार भगत

पाकुड़ जिला के अंबेडकर चौक पर बाबा भीमराव अंबेडकर जी के पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह एवं युवा जिला अध्यक्ष जावेद अंसारी के द्वारा उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई, तथा पुष्प माला पहनाकर नमन किया गया एवं माल्यार्पण की गई, बाबा साहब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव महू में हुआ था। उनकी पुण्यतिथि 6 दिसंबर 1956 दिल्ली स्थित आवास पर हुआ था। उनके पिता रामजी सकपाल मध्यप्रदेश के महू छावनी में ब्रिटिश भारतीय सेना में सेवा की न्यूयॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की शिक्षा पूरी की जून 1915 में अपनी एम.ए की परीक्षा पास की भारतीय समाज अर्थशास्त्र और इतिहास के साथ काम करने वाले तीन महत्वपूर्ण सोध को पूरा किए विदेश से लौटने के बाद 1924 में अस्पृश्यता के खिलाफ सक्रिय आंदोलन शुरू करने का फैसला

किया 1924 में भारत में जाति व्यवस्था को उखाड़ ने के उद्देश्य परिश्क हितकारिणी सभा का स्थापना की दलितों की शिकायतों को अदालत में ले गए और उन्हें न्याय दिलवाए छुआछूत से तंग आकर उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिए 1990 में भारत रत्न भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से मरणोपरांत सम्मानित किया गया दलितों के लिए सामाजिक स्वतंत्रता की वकालत की और भारत निर्माण तथा भारत की स्वतंत्रता के लिए प्रचार एवं चचाओं में शामिल हुए बाबा साहब अस्वस्थ रहने पर भी 2 वर्ष 11 माह 18 दिन मैं संविधान बनाएं 1950 में भारतीय संविधान पास करवाएं देश में प्रथम कानून मंत्री के रूप में उन्हें मंत्रालय दिया गया संविधान में उन्होंने सबों के लिए आरक्षण काफी प्रावधान किए हैं और देश संविधान के तहत चल रही है।

## वार्षिक ऋण योजना में लक्ष्य अनुरूप सभी बैंक करें प्रदर्शन.

### उपायुक्त वरूण रंजन ने किया जिला साख समिति डीएलसीसी जिला स्तरीय समीक्षा समिति डीएलआरसी की बैठक

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत

पाकुड़ समाहरणालय सभागार में उपायुक्त वरूण रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय साख समिति डीएलसीसी एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति डीएलआरसी की बैठक हुई। पाकुड़ उपायुक्त वरूण रंजन ने क्रमवार वार्षिक ऋण योजना 2022 झ 2023 की उपलब्धि की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न बैंकों के समन्वयकों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। लक्ष्य के अनुरूप प्रदेर्शन नहीं करने वाले बैंकों को एलडीएम को चिन्हित करने को कहा।जिले में संचालित विभिन्न बैंकों का साख अनुपात (क्रेडिट रेसियो) संतोषजनक नहीं होने पर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक आदि को अविलंब प्रदर्शन में सुधार लाने को कहा। उन्होंने अगले तिमाही तक लक्ष्य अनुरूप प्रदर्शन प्राप्त करने को कहा। बैंकों को लंबित आवेदन को गुणवत्ता के आधार पर निष्पादन करने का कहा। विभिन्न योजनाओं के तहत जिन ऋणों को स्वीकृत किया गया है उनके लाभुकों को ऋण की राशि उपलब्ध कराने को कहा। जिला विकास प्रबन्धक, नाबार्ड, पाकुड़ नेयाज इशरत ने बताया कि 2023-24 के लिए पीएलपी द्वारा प्राथमिक क्षेत्र के लिए 79621.04 लाख रुपये का ऋण प्रवाह का आंकलन पाकुड़ जिले के लिए किया गया है। उसमें मुख्य रूप से फसल

उत्पादन, रखरखाव एवं विपणन के लिए 25914.85 लाख, कृषि एवं अन्य गतिविधियों के लिए सावधि ऋण 18106.46 लाख, एमएसएमई के लिए 29165.63 लाख एवं अन्य प्राथमिकता क्षेत्र मे 6434.10 लाख किया गया है। इस प्रकार पाकुड़ जिले का कुल ऋण सम्भावना 79621.04 लाख अगले वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए तैयार किया गया है। इसके साथ ही मत्स्य गतिविधि को बढ़ाने के उद्देश्य से जिले के लिए एक बैंकिंग योजना नाबार्ड द्वारा तैयार किया गया है। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक मनोज कुमार को भी इसकी नियमित अपने स्तर से बैठक करने एवं प्रगति की मानीटरिंग करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर जरूरी दिशा - निर्देश दिया। बुकलेट का विमोचन आज की बैठक में उपायुक्त द्वारा नाबार्ड के जिला ऋण प्लान (पीएलपी 2023-24) और मत्स्य बैंकिंग प्लान नामक दो बुकलेट का विमोचन किया गया।

मौके पर आरबीआई एलडीओ नलिन प्रियदर्शी, जिला पशुपालन पदाधिकारी के.के भारती एवं विभिन्न बैंक के अधिकारी उपस्थित थे।

## एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत

पाकुड़/पूर्व रेलवे हावड़ा मंडल के द्वारा पाकुड़ के रेल यात्रियों के साथ किए जा रहे सौतेले व्यवहार को लेकर अब ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन हावड़ा मंडल-सह-पाकुड़ के बैनर तले आम लोग रेलवे प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।मंगलवार को ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन हावड़ा मंडल के बैनर तले आम से लेकर खास लोगों ने शहर के पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर में रेल यात्रियों को सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर ईजरप्पा के अध्यक्ष हिसाबी राय की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना दिया।धरना में मुख्य रूप से पाकुड़ विधानसभा के ईजरप्पा के सचिव राणा शुक्ला,पूर्व विधायक अकील अख्तर,नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा,पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू समेत बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजनीतिक दलों के कार्यकताओं के अलावा महिलाओं तथा युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। धरना में बैठे लोगों ने इस दौरान रेल यात्रियों की सुविधा बहाल करने की मांग को लेकर गगनभेदी नारे भी लगाए।धरना में मौजूद पाकुड़ विधानसभा के पूर्व विधायक अकील अख्तर ने रेलवे प्रशासन की बेरुखी पर रोष जाहिर करते हुए कहा कि रेल के द्वारा हमेशा ही इस रेलखंड को यात्री सुविधा से वंचित रखा गया है।यह सही है कि कोरोना काल में देश अस्त-व्यस्त था जिससे रेल भी अछूता नहीं था। लेकिन आज पूरे भारत वर्ष में रेलवे परिचालन को सामान्य कर दिया गया है। लेकिन रामपुरहाट साहिबगंज पाकुड़ रेलखंड की व्यवस्था को पूर्व रेलवे के द्वारा अस्त-व्यस्त कर दिया गया है तथा सभी लोकल ट्रेनों को बंद कर दिया गया है,जो एक चिंतनीय विषय है।पाकुड़ की जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। इस एकदिवसीय धरने में उमड़े जनसैलाब इस बात का परिचायक है कि कहीं ना कहीं इस रेलखंड को यात्री सुविधाओं से वंचित रखने से जनाक्रोश है। अगर पूर्व रेलवे के पदाधिकारियों इससे सबक नहीं लेते हैं तो आने वाले समय में पाकुड़ की जनता उग्र आंदोलन को बाध्य होगी।धरना में उपस्थित नगर परिषद की अध्यक्ष सम्पा साहा ने कहा कि जनहित में रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर जनहित में ईजरप्पा का धरना देना तथा रेल समस्याओं को समय-समय पर रेल के वरीय पदाधिकारियों तक पहुंचाना यह एक सराहनीय कदम है।ईजरप्पा सदैव ही रेल समस्याओं को लेकर उसके निदान के लिए प्रयासरत रहती है और आज पाकुड़ स्टेशन का लगातार आधुनिकीकरण की ओर अग्रसर होना यह ईजरप्पा की ही देन है। उन्होंने कहा कि पाकुड़ रेलवे स्टेशन की उपेक्षा हमेशा से होती आई है लेकिन अब इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबुधन मुर्मू ने कहा कि हावड़ा मंडल के अंतर्गत पाकुड़ रेलवे स्टेशन राजस्व के मामले में द्वितीय स्थान पर आता है। लेकिन रेल गाड़ियों के ठहराव तथा गाड़ियों के विस्तारीकरण इत्यादि मामलों में यह फिसड्डी रहा है। रेल के वरीय पदाधिकारियों ने पाकुड़ रेल यात्रियों को सिवाय आश्वासन के कुछ नहीं दिया जो एक गंभीर विषय है।साथ ही पिछड़े और गरीब क्षेत्र के रेल यात्रियों के जेब पर पूर्व रेलवे के द्वारा डाका डाला जा रहा है क्योंकि आज भी कोरोना के समय बढ़े हुए लोकल ट्रेनों में स्पेशल ट्रेन के नाम पर एक्सप्रेस ट्रेनों का भाड़ा लिया जा रहा है।आज के इस एक दिवसीय धरना के उपरांत यदि हमारी मांगों को पूर्व रेलवे के द्वारा अनदेखा किया जाएगा तो हम चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होंगे। वही धरना का नेतृत्व कर रहे ईजरप्पा के अध्यक्ष हिसाबी राय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व रेलवे हावड़ा मंडल के द्वारा पाकुड़ के रेल यात्रियों के साथ किए जा रहे सौतेले व्यवहार से

हम लोग पूरी तरह से आहत है। एक ओर जहां रेलवे का आधुनिकरण किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो पाकुड़ की जनता को पाषाण युग में जीवन जीने को मजबूर किया जा रहा है। हाल के वर्षों में यदि देखा जाए तो रेलवे प्रशासन ने पाकुड़ की रेल यात्रियों को सुविधा दिलाने के नाम पर सिर्फ और सिर्फ कोराआश्वासन ही दिया है। रेल की अधिकारी हर बार पाकुड़ रेलवे स्टेशन पहुंचते हैं और जब यात्री सुविधा की बात की जाती है तब कुछ ना कुछ बहाना बनाकर इसे नजरअंदाज करते हैं।लेकिन अब पाकुड़ रेलवे स्टेशन की अपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी हम लोग दोपहर में रामपुरहाट से साहिबगंज इएमयू लोकल ट्रेन को चलाने,सियालदह रामपुरहाट मां तारा एक्सप्रेस का पाकुड़ तक मार्ग विस्तार करने,बर्धमान मालदा लोकल ट्रेन को पुनः चालू करने,रेल यात्रियों से लोकल ट्रेन में एक्सप्रेस ट्रेनों का किराया वसूलना बंद करने,सरायघाट एक्सप्रेस एवं बेंगलुरु गुवाहाटी एक्सप्रेस,शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव पाकुड़ में करने,साहिबगंज से रामपुरहाट की संध्या प्रहर चलने वाली लोकल ट्रेन का समय परिवर्तन करने समेत अन्य मांगों को लेकर आज धरना दिया गया और धरना के बाद इन मांग को लेकर मंडल प्रबंधक के नाम एक ज्ञापन रेलवे स्टेशन प्रबंधक पाकुड़ देवीधन हेंब्रम को सौंपा गया,ज्ञापन सौंपने के क्रम में यातायात निरीक्षक ज्योतिर्मयी साहा मौजूद थे। मांग पत्र सौंपने के उपरांत स्टेशन रेल प्रबंधक श्री हेंब्रम ने कहा कि इजरप्पा के द्वारा दिए गए मांग पत्र को मैं आज ही अपने वरीय पदाधिकारी को अग्रसारित कर दूंगा आज के इस धरना कार्यक्रम में लायंस क्लब चेंबर ऑफ कॉमर्स के ब्रजमोहन साह अधिवक्ता मंच के धर्मेंद्र कुमार सिंह संजीत मुखर्जी अशराफुल शेख अजय कुमार यादव आशु के जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम सीपीआईएम के मानिक दुबे युवा जनता दल के जिलाध्यक्ष अमन भगत झारखंड मुक्ति मोर्चा के नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष सादेकुल आलम बहादुर मंडल अक्षय मंडल पुरुषोत्तम राय शकील अंसारी रफीकुल शेख सुशील साहा दिलीप सिंह अनिकुल शेख मुरारी मंडल सोहन मंडल शिशु मंडल रविंद्र नाथ मंडल तन्मय पोद्दार नंदन सिंह मुरसलिम शेख अलीम शेख गुलाम अंबिया जियाउल शेख अब्दुल शेख जहांगीर शेख मोनी कुमार सिंह पीयूष दुबे सहित सैकड़ों की संख्या में पाकुड़ के आमजन मौजूद थे।

## वोटिंग के द्वारा मुखिया के अध्यक्ष बने विकास गॉड।

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत

पाकुड़ प्रखंड के सभी मुखियागण ने बैठक कर अध्यक्ष,उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष की चुनाव के माध्यम से चुना गया। जिले के लड्डू बाबू आम बागान में बैठक कर सभी मुखिया का सहमति से चुनाव किय गया। बैठक के सभापति के रूप में सोनाजोड़ी पंचायत के मुखिया सुसना मरांडी ने की, सर्वसहमति अधेरा का सौदा वोटिंग सिस्टम करके वोट किया, अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी आवेदन रखा था। जिसमे मोजीबुर रहमान, विकास गॉड, एवं समद, एक के बाद एक मुखियाओं ने अपने पसंदीता को वोट दिए। जिससे विकाश गॉड अध्यक्ष बने, झीकरहटी पंचायत के मुखिया उपाध्यक्ष मोहम्मद अबुताहिर, सचिव सुसना मरांडी सोनाजुडी, कोषाध्यक्ष समद शेख ईलामी।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर जी की 66 पुण्यतिथि मनाया गया

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साहा

पाकुड़/महेशपुर प्रखंड में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महेशपुर इकाई के द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर जी की 66वी पुण्यतिथि मनाया गया। अंबेडकर चौक स्थित अंबेडकर जी के प्रतिमा पर नगर मंत्री गुंजन तिवारी व प्रदेश जनजातिय का प्रमुख रायसेन मरांडी के द्वारा संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया गया। विद्यार्थी परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य विक्की राय के द्वारा अंबेडकर जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब जीवन भर दलितों, पिछड़ों,शोषितो,महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया और हमेशा सामाजिक न्याय की अवधारणा को पेश किया। उनकी दूरदर्शिता के कारण ही आज हमारा संविधान और लोकतंत्र आज 75वर्षों के बाद भी मजबूती से खड़ा हुआ है। मौके पर जीत साहा,सौरव तिवारी,पृथ्वीराज चौहान समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तेरह महिलाओं को बीपीओ के हाथों से मेट किट वितरण किया गया।

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार

पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में मंगलवार को कूल 13 महिलाओं को बीपीओ जगदीश पंडित के हाथों से मेट किट वितरण किया गया। बीपीओ ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत और अकुशल महिला श्रमिकों को अकुशल से अर्थकुशल बनाने और 100 दिनों के काम की गारंटी पाने के लिए यह मेट कीट दिया जा रहा है। किट में मापने वाला टेप, मास्टर रोल रजिस्टर, दिशानिदेशों की एक प्रति, जॉब कार्ड आवेदन पत्र, नोटबुक ,पेन और दैनिक उपस्थिति माप पत्र शामिल होता है।

## जवाहर परियोजना अंतर्गत 25 गांव में जानवरों की दवाई बाटी गई.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार

पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड में जेएसएलपीएस अंतर्गत जोहार परियोजना में 25 आजीविका पशु सखियों के द्वारा पाकुड़िया प्रखंड के 25 गांवों में 1725 बकरियों को कृमि का दवा दिया गया । इससे बकरियों में होने वाली विमारियों से बचाव,अच्छे ग्रोथ एवं अंदर और वाह्य परिजीवी से बचाव में सहायक होगा। इस तरह का ड्राइव साल में चार बार जेएसएलपीएस के माध्यम से चलाया जाता है।

## डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि सूचना भवन सभागार में मनाई गई.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत

पाकुड़ में भारत के संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर सूचना भवन सभागार में बाबा साहब की प्रतिमा पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजुर, एसएमपीओ पवन कुमार, जिला जनसंपर्क कार्यालय के इकाई लिपिक राजेश कुमार, दीपाली साह एवं इंडियन पंच के ब्यूरो चीफ मुकेश कुमार जयसवाल, प्रभात खबर के ब्यूरो चीफ रमेश भगत ने माल्यार्पण कर बाबा साहब को स्मरण और नमन किया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन ने बाबा साहब की जीवन मुल्यो और आदर्श को याद किया और विशेष रूप से सामाजिक समरसता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का प्रण लिया।

## धूमधाम से मनाया गया मां अन्नपूर्णा की पूजा

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार

पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड क्षेत्र के बन्नोग्राम गांव में हर्षोल्लास के साथ मां अन्नपूर्णा की पूजा की गई बंगाली समुदाय के लोग यह पर्व नई फसल (धान) उगने के खुशी में हिन्दु संप्रदाय विशेषकर बंगाली संप्रदाय में मनाया जाता है। इस पर्व का उद्देश्य नई फसल (धान) सबसे पहले देवी-देवताओं की अर्पण करना होता है। इस पर्व में माँ लक्ष्मी के रूप में माँ अन्नपुर्णी की पूजा की जाती है। इस पर्व में नई फसल के अन्न से कम से कम सात तरह के व्यंजन के साथ नए अन्न से भोजन बनाया जाता हैं और माँ अन्नपूर्णा को अर्पण किया जाता हैं भोग बनाकर प्रसाद के रूप में माँ अन्नपुर्णा को अर्पण की जाती है। इस पर्व से पहले नई फसल से बने अन्न का ग्रहण नहीं की जाती है। इस पर्व में माँ से पार्थना की जाती है कि कोई भी मनुष्य या जीवजंत अर्थात कोई प्राणी कभी खाली पेट न सोये यह पर्व हर साल अगहन महीना में अलग- अलग गाँव में अलग-अलग तिथियों को मनाया जाता है। इस पर्व के लिए पंजीका में कोई निश्चित तिथि निर्धारित नहीं रहती है। अपने सुविधा अनुसार मनाये जाते है। मां अन्नपूर्णा का पंडाल काफी आकर्षक रूप में सजाया गया तथा हाट बाजार का चित्रण मूर्तियों के रूप में दिखाया गया है विभिन्न गांव के लोग मूर्ति तथा पंडाल देखने पहुंच रहे हैं आकर्षक सजावट के कारण लोग सेल्फी लेने में व्यस्त दिखे।